फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 257 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 19 अप्रेल, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत
Rashtradoot
Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



B.J.P. Slipping IN....
The *Bengali* Psyche!!

The stateless *Matua* community till now does not seem to suspect the BJP's intent to give them a position and a voice in their new home.

**Five tips to help you start new hobbies in retirement**

Coffee, Tea, & Mountains

# केरल में इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की टैस्टिंग में गड़बड़ी पायी गयी

## यू.डी.एफ. के उम्मीदवार के वकील ने कहा कि, ''ट्रायल रन'' के दौरान भाजपा को एक्स्ट्रा वोट मिल रहे थे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **सरकारी अधिकारियों ने 20 ई.वी.एम. मशीनों का ट्रायल किया, इनमें से चार मशीनों ने भाजपा को दो ''एक्स्ट्रा'' वोट दिए।**
- **यू.डी.एफ. उम्मीदवार के वकील के अनुसार उन्होंने उन चारों मशीनों की जांच के आदेश दिये।**
- **अब यह ई.वी.एम. मशीनों का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है तथा सुनवाई पूरी हो जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले के निर्णय को सुरक्षित रखा है।**
- **वकील ने कहा, यह विचारणीय बात है कि, न तो यू.डी.एफ. और न ही वामपंथी गठबंधन के उम्मीदवार को गल्ती से भी एक आधा वोट भी एक्स्ट्रा नहीं मिला। केवल भाजपा को ही क्यों एक्स्ट्रा वोट मिले।**

नई दिल्ली, 18 अप्रेल। क्या दाल में कुछ काला है या फिर पूरी दाल ही काली है? वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए कल से मतदान शुरु होकर पूरे माह चलेगा। इसके बाद ही यह तय होगा कि देश का भविष्य क्या है और राष्ट्र किस दिशा में जाएगा। भाजपा 400 पार की बात करती है, लेकिन विपक्ष कहता है कि इसके लिए ज़मीनी वास्तविकता बहुत कठिन है क्योंकि जनता भाजपा की विभाजनकारी और साम्प्रदायिक राजनीति को नकार रही है।

पर इसके बीच में क्या है?

ई.वी.एम.?

ई.वी.एम. की सच्चाई और प्रमाणिकता को लेकर भारी संदेह व्यक्त किए गए है और यह प्रश्न एक से अधिक बार उठा है कि क्या नरेन्द्र मोदी ई.वी.एम. की मदद से चुनाव जीत रहे हैं। ई.वी.एम. और वी.वी.पी.ए.टी. के 100 प्रतिशत मिलान की मांग को लेकर एक केस सुप्रीम कोर्ट में है। सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया गया है। इस केस से निकट रूप से संबंधित एक सीनियर एडवोकेट ने बताया कि दो जजों की बैंच इस अति महत्वपूर्ण केस की जिस तरीके से सुनवाई कर रही है, उसे लेकर वकीलों ने आक्रोश व्यक्त किया है। इस संदर्भ में केरल में एक महत्वपूर्ण प्रकरण हुआ जब ई.वी.एम. का मॉक ड्रिल किया जा रहा था।

एल.डी.एफ. (लैफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट) और यू.डी.एफ. (यूनाईटेड डैमोक्रेटिक फ्रंट) के प्रत्याशियों के एजेन्टों ने आरोप लगाया कि बुधवार 17 अप्रेल को कासरगोड में मॉक पोलिंग के दौरान कम से कम चार इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन्स (ई.वी.एम्स.) ने गलत तरीके से भाजपा के पक्ष में वोट दर्ज किए।

कासरगोड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के एल.डी.एफ. प्रत्याशी एवं माकपा नेता एम.वी. बालकृष्णन ने जिला कलैक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्बासेकर के. को एक शिकायत प्रस्तुत कर ई.वी.एम. की गलतियों पर गौर करने का अनुरोध किया। यू.डी.एफ. प्रत्याशी राजमोहन उन्नीथान के एजेन्ट मोहम्मद नासर चेरकलाम अब्दुल्लाह ने कासरगोड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के असिस्टैन्ट रिटर्निंग ऑफिसर (ए.आर.ओ.) से इन त्रुटिपूर्ण मशीनों को बदलने का अनुरोध किया। भाजपा के एम.एल.अश्विनी कासरगोड से एन.डी.ए. के प्रत्याशी हैं।

नासर चेरकलाम ने बताया कि भाजपा का चुनाव चिन्ह ''कमल'' कासरगोड निर्वाचन क्षेत्र में ई.वी.एम. के मॉक ड्रिल के दौरान अतिरिक्त वोट प्राप्त कर रहा था। उन्होंने यह भी बताया कि वोटिंग मशीन्स पर कांग्रेस का चुनाव चिन्ह ''हाथ'' अन्य पार्टियों के चुनाव चिन्ह की अपेक्षा छोटा है। उन्होंने अधिकारियों से इसमें बदलाव का अनुरोध किया। कासरगोड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की वोटिंग मशीन्स में एन.ओ.टी.ए. (नन ऑफ द अबोव) सहित 10 विकल्प हैं।

अधिकारियों ने एक साथ 20 मशीनों को चैक किया। ई.वी.एम. के सभी 10 विकल्पों का जब एक-एक बार दबाया गया तब वोटर वैरिफियाबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वी.वी.पी.ए.टी.) ने चार मशीनों में दो वोट भाजपा को दिए। नासर ने बताया कि जब कमल के चुनाव चिन्ह वाला बटन नहीं दबाया गया, तब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक में मौसम बना कांग्रेस की मुसीबत

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 अप्रेल। कर्नाटक के अधिकांश भागों में जलवायु परिवर्तन से हुई भारी गर्मी और बैंगलुरू में पेयजल किल्लत, चुनाव का समय कांग्रेस के लिए इससे बुरा नहीं हो सकता था। कुछ माह पूर्व हुए विधानसभा चुनावों में

- **जलवायु परिवर्तन और उसकी वजह से बढ़ती गर्मी और बैंगलौर में पानी की किल्लत, कर्नाटक में ज्यादा सीटें पाने की कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर सकती है।**

विश्वसनीय प्रदर्शन के बाद कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव में अच्छी-खासी सीटें जीतने का लक्ष्य रखकर चल रही थी। कई स्थानीय मीडिया संस्थान कांग्रेस के लिए कर्नाटक की कुल 28 सीटों में से 10 से 19 तक जीतने की भविष्यवाणी कर रही है, जो कि पिछले लोकसभा चुनाव में जीती गई से ज्यादा है। तो क्या

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जानबूझकर आम और मिठाई खा रहे हैं केजरीवाल

## ई.डी. ने दिल्ली की अदालत में शिकायत की

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **ई.डी. ने बताया कि, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को टाइप टू डायबिटीज़ है और वे रोज़ घर से खाना मंगाकर आलू पूरी, आम व मिठाइयां खा रहे हैं, जबकि बीमारी के कारण उन्हें ये सब नहीं खाना चाहिए।**
- **ई.डी. का आरोप है कि, केजरीवाल ये सब इसलिए कर रहे हैं ताकि उनका स्वास्थ्य बिगड़ जाए और इलाज के नाम पर उन्हें जमानत मिल जाए।**

नई दिल्ली, 18 अप्रैल। एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) ने गुरूवार को एक सिटी कोर्ट में कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक, जिन्हें टाइप-2 स्तर की डायबिटीज़ बीमारी है वे अपने शुगर लेवल को बढ़ाने के लिए जानबूझकर जेल में आम व मिठाइयां खा रहे हैं।

ई.डी. के वकील जोहेब हुसैन ने कोर्ट को सूचित किया कि चिंता का कारण यह है कि उन्हें घर पका हुआ निर्धारित भोजन खाने की इजाज़त इसलिए दी गई थी क्योंकि उन्होंने दावा किया था कि वे उच्च स्तरीय मधुमेह रोग से पीड़ित हैं। वे रोजाना आलू की पूड़ी, आम, मिठाइयां रोजाना खा रहे हैं। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि चिकित्सा सुविधा लेने के आधार पर जमानत मिल सके।''

हुसैन ने कोर्ट से कहा कि, ''कोर्ट के समक्ष उनका खुराक चार्ट प्रस्तुत किया गया है। भोजन चार्ट में आम व मिठाइयां का उल्लेख है जिसे हमने कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। वे खासतौर से मीठा खाना खा रहे हैं जिसे खाने की किसी भी मधुमेह के रोगी को इजाज़त नहीं होती है। यह मामला कोर्ट के विचाराधीन लम्बित है।''

इस मामले की सुनवाई कर रही विशेष जज कावेरी बवेजा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस मामले में अपनी रिपोर्ट शुक्रवार तक दाखिल करे, तब इस मामले पर संभवतया कोर्ट पुनः सुनवाई करेगा।

केजरीवाल वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद हैं क्योंकि केन्द्रीय जांच एजेंसी दिल्ली शराब नीति मामले में मनी लॉँड्रिंग के लगे आरोपों की जांच कर रही है। केजरीवाल, जो एक गंभीर डायबिटीज़ से पीड़ित हैं, ने इससे पूर्व भी कोर्ट से गुहार लगाई थी कि उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग क माध्यम से नियमित रूप से डॉक्टर से परामर्श लेने की इजाज़त प्रदान की जाए। केजरीवाल के वकील ने कोर्ट को बताया था कि उनका ब्लड शुगर लैवल अस्थिर हो रहा है और वह गिर कर नीचे 46 तक आ गया है। सोमवार को दिल्ली की कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत को 23 अप्रैल तक बढ़ा दिया था।

# चुनावी सभाओं में रंग नहीं जमा पा रही हैं ममता बनर्जी

## इसके विपरीत भाजपा नेता सुवेन्दु अधिकारी की सभा में भारी भीड़ देखी जा रही है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **मुर्शिदाबाद में रामनवमी जुलूस पर पथराव के मामले में ममता बनर्जी ने भड़काऊ बयानबाजी भी की, पर इस बार जनता की प्रतिक्रिया मौन रही।**
- **जनता में ममता बनर्जी के प्रति इस कदर नाराजगी है कि, उत्तरी बंगाल के एक क्षेत्र से गुजर रही ममता बनर्जी की कार को देख कर सड़क किनारे खड़े लोगों ने चोर-चोर के नारे लगाए।**
- **ममता बनर्जी वहां से खिसक लीं, पर बाद में अवश्य बोलीं कि, वहां रूकती तो मैं उनकी ज़बान खींच लेती। ममता ने इस प्रतिक्रिया से हिंसा भड़काने की कोशिश की, पर जनता ने ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया का जमकर मज़ाक उड़ाया।**
- **ममता बनर्जी के विपरीत सुवेन्दु अधिकारी भारी भीड़ खींच रहे हैं, उनके भाषण का लहजा भी काफी तीखा हो गया है।**
- **ऐसा लगता है लोकसभा चुनाव बंगाल की राजनीति को नई दिशा दे सकते हैं।**

नई दिल्ली, 18 अप्रेल। ममता बनर्जी अपनी चुनावी रैलियों में ऐसे मुद्दे उठा रही हैं जिनका जनता पर कोई असर नहीं हो रहा है। पिछले वर्ष रामनवमी पर कोलकाता के हावड़ा उपनगर और राज्य के कई अन्य स्थानों पर व्यापक हिंसा हुई थी, उसके ठीक विपरीत यह वर्ष अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण ढंग से गुजरा।

हिंसा की एकमात्र घटना मुर्शिदाबाद में होने की खबर है, जहाँ पत्थरबाजी की गई और मस्जिद के पास से गुजर रहे एक जुलूस पर हमला किया गया। अन्यथा, हावड़ा का शेष हिस्सा शांत रहा। इसी तरह के अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी शांति रही।

इसके बावजूद, तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने नॉर्थ बंगाल स्थित निकटवर्ती राजनगर की एक चुनावी रैली में यह कहकर प्रहार किया कि विपक्षी भाजपा ने मुर्शिदाबाद में हिंसा की योजना बनायी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा वोट जुटाने की खातिर समुदायों को विभाजित करने का खेल खेलने की कोशिश कर रही थी।

तथापि, बनर्जी द्वारा जोर-शोर से लगाए जा रहे आरोपों पर जनता की प्रतिक्रिया मौन ही रही। लगता है कि ममता बनर्जी के आरोप और प्रतिक्रियाएँ इतनी अधिक बार दोहरायीं जा चुकी हैं कि अब उन्हें लेकर संशय उत्पन्न होने लगा। चुनाव शुरु होने वाले है। लेकिन ममता के चुनावी संबोधनों का कोई असर नहीं है, जबकि इससे पहले के वर्षों में उनके भाषणों पर की भारी सराहना होती थी। बंगाल के राजनीतिक टिप्पणिकारों के अनुसार तृणमूल सुप्रीमो का चुनावी रैलियों में प्रदर्शन फीका है। भाजपा के स्टार प्रचारक सुवेन्दु अधिकारी अपनी रैलियों में भारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

**सत्याग्रह बल प्रयोग के विपरीत होता है। हिंसा के संपूर्ण त्याग में ही सत्याग्रह की कल्पना की गई है। –महात्मा गांधी**

# क्या दिल्ली ( राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र ) पर राष्ट्रपति शासन लागू करना उचित कदम होगा?

अनुच्छेद 356 जिसे राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने के रूप में भी जाना जाता है, साधारणत: समाचारों का एक महत्वपूर्ण विषय है। अनुच्छेद 356 के अनुसार संवैधानिक मशीनरी की विफलता (Failure) पर भारत के किसी भी राज्य पर राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है।

किसी भी राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिये संसद के दोनों सदनों की स्वीकृति की आवश्यकता है और राष्ट्रपति शासन लगने की तारीख से दो माह की अवधि में प्राप्त की जानी चाहिये। राष्ट्रपति शासन की प्रारंभिक अवधि छ: माह की होती है।

अनुच्छेद 365 के अनुसार भी राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है यदि राज्य, केन्द्र सरकार की आज्ञा को, जिसे देने का अधिकार केन्द्र को है, मानने से इन्कार कर दे। अनुच्छेद 356 के प्रावधान यूनियन टेरीटरीज पर लागू नहीं होते।

एनसीटी दिल्ली पर राष्ट्रपति शासन संविधान के अनुच्छेद 239 एबी के अनुसार लगाया जाता है। (जैसा ऊपर कहा गया है अनुच्छेद 356 यूनियन टेरिटरीज पर लागू नहीं होता।)

राष्ट्रपति शासन में राज्य का शासन निलम्बित हो जाता है और राज्य पर केन्द्र का शासन लागू हो जाता है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जेल में हैं। उसके विरूद्ध शराब घोटाले व मनी लॉन्ड्रिंग के केस न्यायालय के समक्ष हैं। यह प्रश्न बहस में फंसा हुआ है कि क्या केजरीवाल जेल में रहकर राज्य सरकार को चला सकते हैं। इस प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है। जेल मेनुअल में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि मुख्यमंत्री जेल से सरकार नहीं चला सकता। यों भी जेल में रहकर सरकार को चलाना संभव प्रतीत नहीं होता।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया है कि दिल्ली की सरकार को भंग करने व चुनाव से अलग रखने के उद्देश्य से, केजरीवाल को झूठे मुकदमें में फंसाया गया है, उसने केन्द्र सरकार का बहुत बड़ा षडयंत्र है। आतिशी का दावा है कि राज्य को अस्थिर करने के सभी प्रयास हो रहे हैं। अधिकारियों की पोस्टिंग नहीं की जा रही और न नियुक्ति ही। आतिशी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है केन्द्र सरकार राष्ट्रपति शासन कभी भी लगा सकती है। केन्द्र सरकार का एक मात्र उद्देश्य है केजरीवाल को चुनावों के सीन से दूर रखना। यह एक षडयंत्र ही नहीं अपितु चक्रव्यूह है, जिसमें केजरीवाल को फंसाया जा रहा है।

संविधान का अनुच्छेद 356 राज्यों के विषय में लागू होता है। अनुच्छेद 239 एबी (239 कख) दिल्ली के सम्बन्ध में विशेष उपबन्ध है और उसी क्रम में एनसीटी, दिल्ली के लिये अनुच्छेद 356 की तर्ज पर 239 एबी (239 कख) है। यह उपबंध संवैधानिक तंत्र के विफल होने के दशा में लागू होता है। जब राष्ट्रपति का उपराज्य से प्रतिवेदन मिलने पर या अन्यथा, यह समाधान हो जाता है कि एक ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र का प्रशासन अनुच्छेद 239 कख था उस अनुच्छेद के अनुसार में बनाई गई किसी विधि के उपबन्धों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता, या (ख) राष्ट्रीय राजधानी राजक्षेत्र ने उचित प्रशासन के लिए ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, तो राष्ट्रपति आदेश द्वारा ऐसी व्यवस्था कर सकेंगे, जो राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र के प्रशासन के हेतु आवश्यक व समीचीन प्रतीत हो।

यहां यह लिखना अनिवार्य है कि राष्ट्रपति/उपराज्यपाल के लिये यह निर्णय करना आवश्यक होगा कि केस में अन्य कोई वैकल्पिक निदान उपलब्ध नहीं है।

आम आदमी पार्टी (आप) की मिनिस्टर आतिशी का कथन है कि केजरीवाल सरकार मेजोरिटी में है, अत: राष्ट्रपति शासन लगाना अवैध होगा। आतिशी का यह भी आरोप है कि यह मामला राजनीतिक Vendetta का है।

अभी तक केन्द्र सरकार की कोई प्रतिक्रिया इस मामले में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दिखाई नहीं दे रही है। बीजेपी ने भी इससे इन्कार किया है। यह भी कहा जा रहा है कि केजरीवाल को Resign कर देना चाहिये और नये चीफ मिनिस्टर को राज्य का संचालन दिया जाना चाहिये। उपराज्यपाल ने इतना ही कहा है कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री के रूप में जेल से राज्य की सत्ता को चलाने नहीं दिया जावेगा।

**इण्डिया गठबंधन के बडे नेता यह कहते रहे हैं कि मोदी निरंकुश शासक के रूप में काम कर रहे हैं, यहाँ कोई गणतंत्र नहीं है। मोदी वर्तमान संविधान ही समाप्त करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक चुनाव सभा में कहा है कि भारतीय संविधान ऐसा बनाया गया है कि स्वयं बाबा साहब अम्बेडकर भी संविधान को बदल नहीं सकते।**

आम आदमी पार्टी की मिनिस्टर आतिशी ने यह कहकर सबका ध्यान आकर्षित किया है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय पूर्व दिये गये निर्णय में यह विचार अभिव्यक्त किया था कि जहां ऐसी समस्या को निपटाने के हेतु अन्य Remedy उपलब्ध हो तो राष्ट्रपति शासन (गर्वनर रूल) की आवश्यकता नहीं होती।

इण्डिया गठबंधन के बडे नेता यह कहते रहे हैं कि मोदी निरंकुश शासक के रूप में काम कर रहे हैं, यहाँ कोई गणतंत्र नहीं है। मोदी वर्तमान संविधान ही समाप्त करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक चुनाव सभा में कहा है कि भारतीय संविधान ऐसा बनाया गया है कि स्वयं बाबा साहब अम्बेडकर भी संविधान को बदल नहीं सकते।

दिल्ली हाईकोर्ट के निर्णय के विरूद्ध केजरीवाल की अपील पर दिनांक 15 अप्रैल 2024 को बहस हुई; किन्तु केजरीवाल को कोई राहत नहीं मिली।

जयपुर द्वितीय चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने 12 आरोपियों को बेल ग्रान्ट की है, उसका आधार था कि अभिभुक्तगणों को पेपर लीक केस में एसओजी ने Illegal Detain किया था, उन्हें कोई पूर्व नोटिस भी नहीं दिया था। प्रश्न है क्या केजरीवाल को इस केस में दिये गये आदेश से कोई लाभ मिल सकता है। कानून के विशेषज्ञों का कहना है कि केजरीवाल का केस इससे भिन्न है। केजरीवाल को 9 नोटिस दिये गये थे, किन्तु वे ईडी के सामने उपस्थित नहीं हुये।

केजरीवाल जिन्हें भ्रष्टाचार समाप्त करने वाले लीडर के रूप में दिल्ली की जनता जानती थी, उनके विरूद्ध भ्रष्टाचार के कई केस उजागर हो रहे हैं। शराब घोटाले के केस के बाद, ठग सुकेश चन्द्रशेखर ने आरोप लगाया कि उसने राज्यसभा सीट हासिल करने के हेतु आप नेता कैलाश गहलोत को 50 करोड़ रूपये दिये थे। यह रकम केजरीवाल के निर्देशन पर दिये थे। इस प्रसंग में यह भी कहा जा रहा है कि सत्ता के दुरूपयोग के आरोपों की नई नई परते खुलेंगी।

राष्ट्रपति शासन अथवा केन्द्रीय शासन एक परिभाषिक शब्द है। इस शब्द का प्रयोग उस समय किया जाता है जब किसी राज्य सरकार को भंग या निलम्बित किया जाता है और वस्तुत: राज्य प्रत्यक्षत: संघीय शासन के अधीन हो जाता है। जैसा ऊपर स्पष्ट किया गया है। यह स्थिति उस समय पैदा होती है जब राज्य में संवैधानिक तंत्र विफल हो जाता है। यह स्थिति उस समय भी उत्पन्न होती है जब राज्य विधान सभा में किसी भी दल या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं रहता हो। सदन को 6 माह के लिये निलम्बित अवस्था में रखा जा सकता है। यह अवधि 3 वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है।

इस प्रकार के शासन की स्थिति को राष्ट्रपति शासन इसलिये कहा जाता है, क्योंकि राज्य का नियंत्रण निर्वाचित मुख्यमंत्री के पास नहीं रहकर राष्ट्रपति के पास आ जाता है। वस्तुत: प्रशासनिक दृष्टि से राज्य के राज्यपाल को केन्द्रीय सरकार द्वारा कार्यवाही अधिकार दे दिये जाते हैं।

राष्ट्रपति शासन लागू होने के उपरान्त, इसकी वैधानिकता को चुनौती, न्यायालयों में कई बार दी जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के कई निर्णयों के इस विषय पर चर्चा व विवेचन हो चुका है, किन्तु सबसे प्रसिद्ध केस है एस.आर. बोम्मई बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया, (1994 AIR 1918 SC: (1994) SCC (3) 1 इसमें विषय को कई रूपों में व स्थितियों के संदर्भ में परीक्षण किया गया है।

दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने से कैसे बचा जा सकता है, यह भी प्रश्न दिल्ली के चौराहे पर उठाया जा रहा है। एक मत है एलजी केजरीवाल के स्थान पर अन्य किसी को मुख्यमंत्री बना दें, क्योंकि जेल से शासन चलाना उचित प्रतीत नहीं होता। दो व्यक्तियों के नाम सामने आ रहे हैं, पहला नाम है श्रीमती केजरीवाल का तथा दूसरा नाम है संजय सिंह का, जो बेल पर छूटकर जेल से बाहर आये हैं। एक विकल्प यह भी है कि चूंकि विधान सभा में केजरीवाल का बहुमत है, अत: विधान सभा में नया नेता चुना जा सकता है। यह भी सुनने में आया है कि कुछ विधायकों के द्वारा केजरीवाल से अलग होना चाहते हैं, इसके परिणाम स्वरूप विधान सभा में सरकार अल्पमत में आ सकती है। केजरीवाल पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिनके पास कोई सरकारी विभाग नहीं है। केजरीवाल के एक मंत्री राजकुमार, इसलिये सरकार से अलग होना चाहते हैं, क्योंकि राज्य में भ्रष्टाचार है। यह भी खबर है, राजकुमार जैसे अन्य विधायक भी केजरीवाल का साथ छोडना चाहते हैं। खबरों की दुनियां है। सुनें और आनन्द लें। दुनियां में चार मोर्चों पर जंग चल रही है, पांचवा केजरीवाल का मोर्चा मान लो।

दिनांक 15.04.2024 को सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ के समक्ष केजरीवाल की अपील सुनवाई के हेतु लगी। केस में कोई Effective कार्य नहीं हुआ तथा अगली तारीख 29.04.2024 नियत कर दी गई। रेस्पोन्डेंट को नोटिस जारी कर दिये। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिये हैं कि वे अपना उत्तर 24.04.2024 तक प्रस्तुत कर दें। संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि यह मामला दो सप्ताह के लिये टल गया। केजरीवाल को कोई राहत नहीं मिली। ट्रायल कोर्ट (राउज ऐवन्यू कोर्ट) ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 29 अप्रैल 2024 तक बढ़ा दी है।

आम आदमी पार्टी (आप) का भरसक प्रयत्न होगा कि बीजेपी, दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू करवाने की ओर कदम बढावे, साथ ही बीजेपी यथास्थिति बनाये रखने के पक्ष में दिखाई देती है।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# रक्तहीनता देशव्यापी समस्या है



**डॉ. रामावतार शर्मा**

खून की कमी यानि रक्तहीनता को सामान्य लोग कोई बीमारी नहीं मानते। अधिकतर लोग इसे यूं कह कर टाल देते हैं कि जरा खून कम है वर्ना शरीर में सब कुछ ठीक है। परंतु वास्तविकता ऐसी नहीं है। खून की कमी से प्रभावित व्यक्ति की जीवन गुणवत्ता काफी कमजोर पड़ जाती है।

रक्तहीनता से कार्य कुशलता तथा निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है जिसके फलस्वरूप व्यक्ति के शारीरिक, बौद्धिक तथा व्यावसायिक विकास में बाधाएं खड़ी हो सकती हैं। चिड़चिड़ाहट और थकान के कारण पारिवारिक जीवन पर बड़े कुप्रभाव पड़ते हैं। बीमारी सिर्फ उसी को नहीं कहते जिसके कारण जीवन तुरंत खतरे में आता हो। रक्तहीनता भी मध्य से दीर्घकाल में मृत्यु का कारण बन सकती है इसलिए इसको भी गंभीरता से लेना चाहिए। चूंकि रक्तहीनता का बड़ा कारण भोजन में लोह तत्व की कमी होता है तो व्यापक जनचेतना तथा भोजन गुणवत्ता की जानकारी इस रोग को कम करने में बड़ी सहायता कर सकती हैं। भारत जैसे देश में शाकाहारी लोग अधिक बसते हैं इसलिए भोजन संबंधी जानकारी की अधिक आवश्यकता होती है क्योंकि रक्त को बनाने वाले लोग तत्व एवम् विटामिन बी 12 की कमी यहां काफी बड़ी प्रतिशत आबादी में पाई जाती है।

शरीर में लोह तत्व की कमी भोजन पदार्थों में इसका कम या न होना या किन्ही कारणों से इसका आंतों में अवशोषण (अब्सोर्ब) अवरुद्ध होना होता है। इसके अलावा यदि व्यक्ति के शरीर से बड़ा या फिर थोड़ा परंतु लगातार होने वाला रक्तस्त्राव भी रक्तहीनता (एनीमिया) का कारण हो सकता है। लोह की कमी से लाल रक्त कणों की कमी हो जाती है जिसके फलस्वरूप शरीर के ऑक्सीजन परिवहन में कमी आने से उसके अंगों के कार्य बाधित होने लगते है और सामान्य जीवन की क्रियाएं सुचारू रूप से नहीं चल पाती हैं। इसके अलावा त्वचा का पीलापन, कान में आवाजें, स्वाद में बदलाव, खुजली, बिना पके चावल या ईंट पत्थर खाने की इच्छा, जीभ में सूजन, बालों का गिरना, अंगुलियों और अंगूठों के नाखूनों में गड्ढे, निगलने में कठिनाई, डिप्रेशन आदि लक्षण व्यक्ति के जीवन को दूभर बना देते हैं।

इन सब बड़ी समस्याओं का समाधान भोजन की गुणवत्ता में छिपा है। भोजन में जलकुंभी, पालक, केल पत्ते, कोलार्ड ग्रीन (हाक साग), मौसमी, संतरा, लाल और पीली मिर्ची के अलावा सिंहपर्णी के पत्तों में लोह तत्व काफी मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा रात को भिगो कर रखे पिस्ते, काजू, पाइन तथा सूरजमुखी, कद्दू और हेंप के बीज से भी लोह तत्व आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। अनार और चुकंदर में काफी लोह होता है परंतु डायबिटीज से पीड़ित लोगों में इनका सेवन अच्छा नहीं होता है। इसके अलावा स्प्राउट (अंकुरित) किए हुए फलियों के बीज तथा मसूर में भी लोह काफी होता है। यहां एक बात का ध्यान रखने की आवश्यकता है कि भोजन में लोह तत्व की मात्रा यदि बहुत अधिक होगी तो उसका अवशोषण बहुत कम हो जाता है इसलिए उपरोक्त भोज्य पदार्थ बहुत ज्यादा मात्रा में सेवन नहीं करने चाहिएं। इस तरह के भोजन के दो घंटे पहले और दो घंटे बाद तक दूध या कैल्शियम की किसी गोली का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने पर कैल्शियम और लोह हमारी आंतों में आपसी संपर्क द्वारा ऐसे यौगिक बना लेते हैं कि फिर दोनों का ही अब्सोर्पशन नहीं होता और दोनों ही व्यर्थ हो जाते हैं। भोजन के साथ अंडे का सेवन भी नहीं करना चाहिए क्योंकि अंडे में उपस्थित फोस्विन नामक यौगिक लोह तत्व के अवशोषण को कम कर देता है। इसी प्रकार यदि चाय या कॉफी का सेवन मुख्य भोजन के साथ किया जाय तो 90 प्रतिशत तक लोह तत्व रक्त में नहीं जा सकता और यदि ऐसा नियमित रूप से होता रहे तो एक पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति भी रक्तहीनता का शिकार हो जायेगा। भोजन के साथ, बाद या तुरंत पहले नींबू, संतरे और मौसमी का सेवन विटामिन सी की उपस्थिति के कारण भोजन के लोह तत्व को बेहतर अवशोषित करवाता है इसलिए इनका सेवन एक बेहतर कदम होगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में कोई 30 प्रतिशत महिलाएं और 40 प्रतिशत बच्चे हर समय रक्तहीनता से प्रभावित रहते हैं। गर्भवती महिलाओं में यह प्रतिशत और भी बढ़ जाता है जो कि नवजात शिशु के विकास को प्रभावित करता है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में भी इन समस्याओं के निवारण की बातें बहुत कम हो रहीं हैं और वाहियात किस्सों में वक्त बर्बाद किया जा रहा है। यह एक कष्टदायक बात है। जन चेतना और व्यापक जानकारी से रक्तहीनता को 90 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी देश के विकास में रक्तहीनता निवारण एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# 101 कारीगर बालाजी के लिए बनाएगे छप्पन भोग प्रसाद

- **मंशापूर्ण हनुमान जन्मोत्सव का रजत जयंती वर्ष**
- **मंशापूर्ण हनुमान रजत जयंती समारोह, भक्तों का जोश भी 25 गुना**

**उदयपुर,** (कासं)। श्री मंशापूर्ण मित्र मंडल बदनोर की हवेली उदयपुर की ओर से इस साल मंशापूर्ण हनुमान जन्मोत्सव का रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। गुरुवार को भट्टी पूजन किया । मित्र मंडल के संरक्षक भूपेश मेहता ने बताया कि भट्टी पूजन के साथ ही 101 कारीगर बालाजी हनुमान के लिए छप्पन भोग प्रसाद तैयार करने में जुट गए है। मेहता ने बताया कि छप्पन भोग बनाने में पूरी सात्विकता का ख्याल रखा गया है, 101 कारीगरों को 2 जोड कोरे वस्त्र दिए है, जिनको पहन कर ही छप्पन भोग बनाया जाएगा। रोज सुबह सभी कारीगर दूधतलाई में स्नान कर धुले हुए वस्त्र पहन कर फिर छप्पन भोग बनाने में लगेंगे और ये भोग हनुमान जी को 23 अप्रैल को जन्मोत्सव के दिन धराया जाएगा।

मित्र मंडल के अध्यक्ष राजेश तोषनीवाल ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रमों के तहत 22 अप्रैल को अखंड रामायण पाठ सुबह 7.15 बजे से शुरू होगा जो अगले दिन सुबह तक अनवरत चलेगा। 23 अप्रैल को सुबह 6 बजे महारुद्राभिषेक, 7.30 बजे पंचामृत अभिषेक के बाद 1.30 बजे भव्य पाग महोत्सव के साथ, कलश यात्रा का आयोजन रहेगा। पाग महोत्सव में मंशापूर्ण हनुमान को 551 मीटर की पाग धराई जाएगी। कलश यात्रा में हाथी, ऊंट, घोडा, बग्गिया, श्रीराम – बालाजी की विभिन्न झांकिया रहेगा साथ ही अखाडा प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। कलश यात्रा मन्दिर परिसर से राव जी का हाटा, रंग निवास, भटियानी चौहट्टा, जगदीश चौक, घंटाघर, जडियो की ओल होकर वापस मंदिर आएगी। मंशापूर्ण हनुमान के जन्मोत्सव पर घंटाघर से लेकर गुलाब बाग तक आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी। इधर जन्मोत्सव के दिन हनुमान भक्त की ओर से 21000 लड्डू हनुमान जी को भोग स्वरूप धराये जाएंगे।

# आई.आर.एस. सुशील कुलहरि 21 किमी दौड़कर करेंगे मतदान



**झुंझुनूं,** (निसं)। मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के लिए भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी सुशील कुलहरी 19 अप्रेल को सुबह जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से अपने गांव तिलोका का बास के मतदान केंद्र तक 21 किमी की दौड़ हाफ मैराथन लगाकर मतदान करेंगे। उनके साथ उनके पुत्र यूबी साइकिल चलाकर जाएंगे।

कुलहरि संयुक्त आयकर आयुक्त स्तर के अधिकारी हैं और वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर राजस्थान सरकार में संयुक्त शासन सचिव, आयोजना विभाग के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वह देश में विभिन्न मैराथन इवेंट्स में भाग ले चुके हैं और अभी तक 9 फुल मैराथन 42.2 किमी और कुल 38 हाफ मैराथन 21.1 किमी की दौड़ें पूर्ण कर चुके हैं। उन्होंने मई 2019 के लोकसभा चुनाव और नवंबर 2023 के विधानसभा चुनाव में भी अपने परिवार एवं मित्रों के साथ मतदान केंद्र तक 21 किमी की दौड़ लगाकर मतदान किया था और मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया था।

# उदयपुर में कलेक्टर अरविन्द पोसवाल ने वोटर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम लांच किया

- **उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के 300 बूथ पर वोटिंग के समय कतार की मिल सकेगी जानकारी**

**उदयपुर,** (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 में आमजन की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग और राजस्थान निर्वाचन विभाग की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र पर वोटिंग के दौरान कतार की स्थिति भी घर बैठे पता चल सकेगी और वे अपनी सुविधानुसार बूथ पर जाकर मतदान कर सकेंगे ताकि उन्हें वहां ज्यादा देर तक इंतजार नहीं करना पड़े। आईटी विभाग के सहयोग उदयपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए तैयार विशेष वेब रेस्पोरेंस एप वोटर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम को गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल ने प्रमुख सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर की उपस्थिति में लांच किया।




जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने वेब एप्लीकेशन वोटर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम लांच किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी पोसवाल ने बताया कि यह एप मतदाताओं के लिए बहुत अधिक सहायक सिद्ध होगा। इसकी मदद से मतदाता अपने बूथ पर कतार की स्थिति की जानकारी ले सकेंगे। पोसवाल ने सभी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर से उक्त एप की जानकारी अधिक से अधिक लोग तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की। इस दौरान एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक डॉ मजहर हुसैन, सोशल मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी डीओआईटी संयुक्त निदेशक सुश्री शीतल अग्रवाल, सह प्रभारी एपीआरओ विनय सोमपुरा सहित सभी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स उपस्थित रहे। एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक डॉ मजहर हुसैन ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत लांच वेब एप्लीकेशन वोटर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम का लिंक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ई-नगर डॉट कॉम स्लेश वीक्यूएमएस रहेगा। लिंक पर क्लिक करने पर एक वेब पेज खुलेगा। मतदाता को वेब पेज पर "बूथ में कतार की स्थिति जांचें" पर क्लिक करना होगा। मतदाता द्वारा संबंधित विधानसभा का चयन करने उपरांत मतदान केन्द्र का इन्द्राज कर कतार में खडे. मतदाओं की संख्या की जानकारी मिल जाएगी। बी.एल.ओ. द्वारा संबंधित मतदान केन्द्र पर भीड़ की स्थिति एक निश्चित अन्तराल में वेब एप्लीकेशन पर अपडेट की जाएगी जिसे आमजन अपने मोबाइल पर देख पाएंगे। उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में उदयपुर शहर एवं उदयपुर ग्रामीण विधानसभाओं के शहरी क्षेत्रों के करीब 300 मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को यह सुविधा प्राप्त होगी। इसके उपयोग करने के लिए बूथ लेवल अधिकारी (बी.एल.ओ.) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# बूंदी में भूख प्यास से दम तोड़ रहे गोवंश

**बूंदी,** (निसं)। शहर के नैनवां रोड स्थित श्रीबड़ा रामद्वारा गौशाला की पंजीकृत टेग सुधा गोवंश के अकाल मौत का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा। गुरुवार को भी बड़ा रामद्वारा गौशाला के दो गोवंश अकाल मौत का ग्रास बन गए। गुरुवार को बडा रामद्वारा गौशाला का एक गोवंश नैनवां रोड पर मृत अवस्था में मिला वहीं बुधवार को नैनवां रोड से ही घायल अवस्था में रेस्क्यू किए गए दो गोवंश में से एक गोवंश ने भी दम तोड़ दिया।

गोपाल गौ सेवा संस्थान से जुड़े गौ भक्तों का आरोप है कि गोशाला संचालकों की लापरवाही एवं पर्याप्त चारा पानी के अभाव में भूख प्यास से गोवंश की मौत हो रही है। गोपाल गौ सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रहलाद मीणा, सचिव गोपाल माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष लोकतंत्र गुर्जर आदि गौ भक्तों ने कहा कि जिले के प्रशासनिक अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी भी गोवंश के संरक्षण को लेकर लगातार उदासीनता बरत रहे हैं। सरकारी अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए गौशालाओं में क्षमता से अधिक गोवंश को रखा जा रहा है। जिस गौशाला की नियमानुसार 200 से 300 गौवंश रखने की क्षमता है। उनमें 500 गोवंशों को जबरदस्ती ठूंसा जा रहा है। अनुदान राशि का गड़बड़झाला करने के लिए क्षमता से अधिक गोवंश को गौशाला में रखने के लिए तैयार रहने वाले गौशाला संचालकों की यदि सही से जांच की जाए तो कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ सकते हैं।

## राशिफल शुक्रवार 19 अप्रेल, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, मघा नक्षत्र दिन 10:57 तक, वृद्धि योग रात्रि 1:44 तक, वणिज करण प्रात: 6:48 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग सूर्योदय से दिन 10:57 तक है। रवियोग दिन 10:57 तक बना रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन से सूर्योदय तक है। राजयोग रात्रि 8:05 से सूर्योदय तक है। महापात योग दिन दिन 10:57 से दिन 3:00 तक है। आज भद्रा 6:48 से रात्रि 8:05 तक रहेगी। बुध पूर्व में रात्रि 2:53 पर होगा। सायन वृष में सूर्य प्रवेश सांय 7:30 पर होगा। आज कामदा एकादशी व्रत, लक्ष्मीकांत दोलोत्सव है। आज से ग्रीष्म ऋतु आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:34 तक, लाभ-अमृत 7:34 से 10:50 तक, शुभ 12:26 से 2:02 तक, चर 5:13 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:03, सूर्यास्त 6:49

**मेष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिजनों के सहयोग से महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**सिंह**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ अभी बनी रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। धन हानि हो सकती है। घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखना ठीक रहेगा।

**तुला**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

# डमी कैंडिडेट बनकर एस.आई. की परीक्षा देने वाला सरकारी टीचर गिरफ्तार

- मामले में एक और डमी कैंडिडेट फरार
- दो पूर्व सैनिकों के स्थान पर दी थी परीक्षा
- आरोपियों ने परीक्षा देने के एवज में दस-दस लाख रुपए लिए थे

**जयपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में तीन पूर्व सैनिकों ने अपने स्थान पर परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाकर एसआई की परीक्षा पास कर ली। एसओजी ने गुरूवार को डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देने वाले टीचर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरे फरार डमी अभ्यर्थी की तलाश की जा रही है। मूल अभ्यर्थी व डमी अभ्यर्थी की फोटो को फोटोशॉप से मिलाकर नई फोटो को परीक्षा प्रवेश पत्र पर लगाया गया था। दोनों डमी अभ्यर्थी हिंदी व सामान्य ज्ञान के दोनों पेपर की परीक्षा देने में सफल हो गए।

एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि गिरधारी राम (35) निवासी बाप-फलौदी हाल अध्यापक लेवल-2 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेहडाई मोहनगढ़-जैसलमेर को डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा में बैठने पर गिरफ्तार किया गया है। गिरधारी ने विक्रम जीत के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में 10 लाख रुपए लेकर परीक्षा दी थी। विक्रम जीत 2003 में सेना में भर्ती हुआ और 2020 में रिटायर हो गया था। एसआई भर्ती में विक्रम की 1263 वीं रैंक आई थी। विक्रम का 13 सितंबर 2021 को जवाहर जैन शिक्षण संस्थान हिरण मगरी उदयपुर में परीक्षा सेंटर आया था। विक्रम परीक्षा दिलवाने के लिए गिरधारी को उदयपुर कार में लेकर गया था।

उन्होंने बताया कि परीक्षा देते ही 2 लाख रुपए दे दिए। बाद में 3 लाख रुपए और 45 हजार रुपए बैंक में ट्रांसफर कर दिए। ट्रेनी एसआई विक्रम जीत निवासी बीकानेर हाल जोधपुर को एसओजी ने 14 अप्रेल को आरपीए ट्रेनिंग सेंटर से गिरफ्तार किया था। उससे हुई पूछताछ में उसने अपने स्थान पर परीक्षा देने वाले गिरधारी के बारे में जानकारी दी थी। फरार अशोक गोदारा निवासी मटोल चक खारा-फलौदी ने गिरफ्तार ट्रेनी एसआई श्याम प्रताप सिंह और श्रवण कुमार गोदारा के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में बैठकर परीक्षा दी थी। दोनों ट्रेनी एसआई पूर्व सैनिक हैं। अशोक ने डमी अभ्यर्थी के रूप में बैठने के लिए दोनों पूर्व सैनिकों से 10-10 लाख रुपए लिए थे। श्याम प्रताप व श्रवण को एसओजी ने 14 अप्रेल को आरपीए से गिरफ्तार किया था।

# विश्व जागृति मिशन के स्थापना दिवस पर शोभायात्रा निकाली



**विश्व जागृति मिशन के 33वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर मंडल के श्रद्धालुओं ने गुलाबी नगरी में रामनवमी की शाम को शोभायात्रा निकाली।**

**जयपुर, (का.सं.)।** विश्व जागृति मिशन के 33वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर मंडल के श्रद्धालुओं ने गुलाबी नगरी में रामनवमी की शाम को शोभायात्रा का निकाली। इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने गुरुसत्ता का है आव्हान, मानव में जगे दैवीय विधान, विश्व जागृति मिशन की रीति, सेवा सिमरन से रखे प्रीति तथा आनंद धाम की यहीं पुकार, विश्व जागरण की बहे बयार जैसे नारे लगाते हुए विश्व जागृति मिशन के संस्थापक गुरुवर आचार्य सुधांशु महाराज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बड़े उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। यह शोभायात्रा सोमेश्वर महादेव मंदिर से रवाना होकर बीस दुकान और आदर्श नगर क्षेत्र से गुजरते हुए वापस सोमेश्वर महादेव मंदिर पहुंची।

जयपुर मंडल के प्रधान मदनलाल अग्रवाल ने बताया कि मिशन के स्थापना दिवस पर शोभायात्रा से पूर्व आदर्श नगर स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आचार्य मोहन शास्त्री एवं पंडित विष्णु शर्मा के सानिध्य में हवन का आयोजन किया गया। इसमें उप प्रधान नारायण दास गंगवानी, महासचिव दिनेश चंद्र गुप्ता और सचिव द्वारका प्रसाद मुटरेजा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक आहुतियां देते हुए विश्व जागृति मिशन के कार्यों और गतिविधियों के माध्यम से मानव कलयाण के अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मिशन से जुड़ी महिला श्रद्धालुओं ने समूह में मंगल गीत और भजन गाते हुए कन्या पूजन भी किया।

# मुख्य सचिव ने किया विद्युत भवन का औचक निरीक्षण

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत गुरुवार सुबह विद्युत भवन में औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। करीब सवा नौ बजे अचानक सीएस के विद्युत भवन पहुंचने की जानकारी कार्मिकों को लगी, तो सभी अधिकारी कर्मचारी भागते दौड़ते ऑफिस पहुंचे। सीएस ने निरीक्षण के दौरान कम्प्यूटर खुलवाकर फाइलों की पेंडेंसी देखी, साथ ही कई अधिकारियों के चैंबर में पहुंचकर वहां टेबल पर मौजूद फाइलों की फोटो भी खींचे। अधिकांश अधिकारी अपनी सीट पर नहीं मिले। फाइलों का डिस्पोजल टाइम 106 घंटे देखकर नाराज हुए। सीएस विद्युत भवन में प्रवेश करते ही सीधे पहली मंजिल पर गए, जहां सभी बिजली कंपनियों के अधिकारी बैठते हैं। ज्यादातर अधिकारी नहीं मिले। हालांकि, कुछ देर बार ही विद्युत प्रसारण निगम के एमडी नथमल डिडेल पहुंचे। सीएस ने उनसे पूछ लिया कि कब आए। डिडेल ने 7 मिनट देरी से आने की जानकारी दी तो सीएस ने कहा कि जब अधिकारी ही लेट आएंगे, तो कैसे काम चलेगा। संयुक्त सचिव के वहां दिखने पर सीएस ने कहा कि आप यहां क्यों आए हो? आपका चैंबर सचिवालय में नहीं है क्या? सहायक अभियंता को लताड़ लगाई। दरअसल, मुख्य सचिव जैसे ही जाने लगे तो सहायक अभियंता हंसने लगी। इस पर सीएस ने कहा कि 'ये मजाक के लिए नहीं, सीरियस जॉब है'। काम में लापरवाही के बावजूद हंसना बेशर्मी है।

# विवेक तिवारी एवं अरिस्ठ सिंघवीं ने भाजपा की सदस्यता ली

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल और उनकी जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर बिना किसी शर्त के आज भाजपा प्रदेश कार्यालय पर नगर निगम वार्ड नं 42 के प्रत्याषी विवेक तिवारी एवं आईपीएल क्रिकेट खिलाड़ी अरिस्ठ सिंघवीं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुशासन और अंत्योदय की नीतियों से आज समाज का हर वर्ग खुश है। इसलिए आज भाजपा में आने के लिए लोग उत्साहित हैं। पार्टी में सदस्यता ग्रहण कराने का दौरा 2013 में हमने शुरू किया था। सुरक्षा को लेकर पीएम मोदी ने कहा था कि पहले किसी को छेड़ेंगे नहीं, कोई हमें छेड़ेगा तो उसे छोड़ेंगे नहीं की धारणा पर काम कर रहे हैं।

# मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी को सौंप दी थी घटना की जांच

- भांकरोटा इलाके में बेटे के सामने पिता से मारपीट का मामला

**जयपुर (कासं)।** पुत्र के सामने पिता से मारपीट के मामले में भांकरोटा पुलिस एक दूसरा चेहरा भी देखने को मिला। चिरंजीलाल से मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी को ही थानाधिकारी ने इस पूरे घटनाक्रम की जांच सौंप दी गई थी। हालांकि इस मामले में डीसीपी ने हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। वहीं मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच के आदेश एडिशनल डीसीपी गुरुशरण राव को दिए हैं।

इस मामले में पीड़ित का कहना है कि पुलिसकर्मी जबरन उसके घर का ताला तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। मैंने उनको बैठकर बात करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने कोई बात नहीं सुनी और मारपीट करने लगे। धमकी दी कि तुम सब लोगों को जेल में बैठा दूंगा और तुम सब लोगों पर केस कर दूंगा।

इस मामले में अभी तक बुजुर्ग महिला से हाथापाई करने वाली महिला कांस्टेबल और पीसीआर के ड्राइवर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। डीसीपी ने इनके खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। वीडियो में सीए चिरंजी लाल शर्मा के साथ मारपीट करते हुए तीन पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे हैं, जिसमें हेड कॉन्स्टेबल सुनील, कांस्टेबल राजपाल और पीसीआर का ड्राइवर शामिल है, जबकि एक दूसरे वीडियो में महिला कॉन्स्टेबल पार्वती बुजुर्ग महिलाओं के साथ हाथापाई करते नजर आ रही है।

डीसीपी वेस्ट ने हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया, लेकिन महिला कांस्टेबल पार्वती और पीसीआर ड्राइवर के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। हालांकि डीसीपी वेस्ट ने सभी की भूमिका के बारे में जांच करने के लिए अधिकारियों को कहा है।

पीड़ित ने बताया कि मैंने उनसे कहा कि आप बात तो कीजिए क्या मामला है, लेकिन उन्होंने सुनवाई नहीं की, बल्कि मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान शोर करने पर आस-पडौस के लोग वहां पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे तो पुलिसवालों ने उनके साथ भी मारपीट की। हेड कॉन्स्टेबल सुनील कुमार ने धमकियां देना शुरू कर दिया कि तुम सब लोगों को जेल में बैठा दूंगा और तुम सब लोगों पर केस कर दूंगा। सब लोगों को डराया-धमकाया और मारपीट की। इस मामले में एडिशनल डीसीपी गुरुशरण राव का कहना है कि फिलहाल उनकी चुनाव में ड्यूटी है। चुनाव के बाद इस मामले की जांच की जाएगी।

# पूनिया 21 को भीनमाल व 22 को बाड़मेर में

**जयपुर।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सौरभ सारस्वत ने बताया कि 19 अप्रैल को 12 लोकसभा संसदीय क्षेत्र में होने वाले मतदान के दौरान क़ानून व्यवस्था एवं चुनाव आयोग से सम्बंधित समस्याओं के समाधान के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ अधिवक्ता रहेंगे। योगेन्द्र सिंह तंवर, नाहर सिंह माहेश्वरी, सुदेश सैनी, अशोक सिंह शेखावत, खेमचन्द शर्मा, अनिल वैष्णव, ओंकार सिंह राजपुरोहित, ऋषिराज सिंह राठौड़, जुगल किशोर शर्मा, संदीप वाजपेयी, मुकेश जोशी सभी अधिवक्ता 19 अप्रैल को सुबह 6 बजे से मतदान समाप्ति तक मौजूद रहेंगे।

# कुंडे से बनाएंगे परिंडा, कलश बनेंगे पक्षीघर

**जयपुर।** चैत्र के वासंतिक नवरात्र का गुरुवार को उत्थापन हुआ। घर-घर उगाए गए ज्वारे मिट्टी के कुंडे सहित निकटवर्ती मंदिर में विसर्जन किया। पीपल और बड़ के पेड़ के नीचे भी कुंडे, कलश और पूजन सामग्री का विसर्जन किया गया। मुरलीपुरा क्षेत्र में गायत्री चेतना केन्द्र के कार्यकर्ताओं ने कुंडों से ज्वारे अलग कर उसे साफ कर रख लिया। इन कुंडों का पक्षियों के लिए परिंडा और चुग्गा पात्र बनाकर सदुपयोग किया जाएगा। लोगों ने ज्वारे के साथ हवन की राख, दीपक, पत्तल-दौने में भी प्लास्टिक की थैली में डालकर पेड़ या मंदिर में रख दिए थे। अनजाने में गाय इन्हें खाद्य सामग्री समझकर पॉलिथिन नहीं खाए इसलिए प्लास्टिक की थैली में जो सामग्री थी उसे अलग किया। कार्यकर्ताओं ने पूजा में उपयोग में ली हुई मालाओं को जमीन में गाडक़र पीपल और बड़ के पेड़ के आसपास की सफाई की। कुंडों के साथ कलशों का भी सदुपयोग किया जाएगा। इन कलशों में तुलसी रोपण कर लोगों को निशुल्क वितरण किया जाएगा। कुछ कलशों को पक्षीघर का रूप दिया जाएगा। कलश से बने पक्षी घर भी लोगों को निशुल्क वितरित किए जाएंगे।

गायत्री परिवार जयपुर उप जोन संयोजक सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि जन सहयोग से जयपुर की तीनों शक्तिपीठों और सभी चेतना केन्द्रों के माध्यम से मिट्टी के कुंडों को मंदिरों से एकत्र कर उनका सदुपयोग किया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव के चलते लोक अदालत स्थगित

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित साल की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत को स्थगित कर दिया गया है। यह लोक अदालत अब 11 मई के स्थान पर 13 जुलाई को आयोजित की जाएगी। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को निर्धारित थी। प्रदेश में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसे स्थगित किया गया है। चुनाव में राज्य सरकार और बीमा कंपनियों के अधिकारियों व कर्मचारियों के व्यस्त होने के चलते इसे स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।



# राजस्थान के 2.54 करोड़ मतदाता आज करेंगे 114 सांसद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

## 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आज 24370 बूथों पर मतदान होगा, सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक डाले जाएंगे वोट

**जयपुर,** (कासं)। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत प्रथम चरण में 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रदेश के 24 हजार 370 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। इसमें 5729 शहरी, 17922 ग्रामीण सहित 719 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं। साथ ही, मतदान प्रोत्साहन के लिए महिलाओं और युवाओं द्वारा 768-768 तथा 96 मतदान केंद्र दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में मतदान वाले गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चयनित 12680 मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। कंट्रोल रूम के माध्यम से इन बूथों पर निगरानी रखी जाएगी। मतदान कार्य में कुल 29270 बैलट यूनिट, 29270 कंट्रोल यूनिट और 31550 वीवीपैट मशीनें (रिजर्व सहित) उपयोग में ली जाएंगी।

गुप्ता ने बताया कि इन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1 लाख 14 हजार 69 सर्विस वोटर और 2 करोड़ 53 लाख 15 हजार 541 लाख सामान्य मतदाताओं सहित कुल 2.54 करोड़ मतदाता हैं। गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में मतदान वाले 12 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 114 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें 102 पुरूष और 12 महिलाएं हैं। सर्वाधिक 15 प्रत्याशी जयपुर ग्रामीण और सबसे कम 4 प्रत्याशी करौली-धौलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में है। मुख्य

- **प्रदेश में करीब 1.10 लाख से अधिक अधिकारी-कर्मचारी सम्पन्न कराएंगे मतदान प्रक्रिया**

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए 2367 सेक्टर ऑफिसर तैनात किए गए हैं। यह अधिकारी मतदान दलों के साथ सतत समन्वय बनाकर किसी भी प्रकार की परेशानी का तत्काल निराकरण करेंगे। ईवीएम में तकनीकी खराबी के त्वरित निराकरण के लिए बेल के इंजीनियर भी मौजूद रहेंगे, जो सूचना प्राप्त होने पर शीघ्र केंद्रों पर पहुंचेंगे। गुप्ता ने बताया कि 1.10 लाख से अधिक मतदान कर्मी मतदान सम्पन्न कराएंगे। सभी बूथों पर मतदान के लिए व्हीलचेयर सहित पेयजल और छाया सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। गुप्ता ने बताया कि मतदान के दिन सूचनाओं के त्वरित आदान प्रदान के लिए राज्य और जिला स्तर पर कम्यूनिकेशन टीम बनाई गई है। इस टीम में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी मतदान केंद्रों तक मतदान दलों के पहुंचने की जानकारी, मॉक पोल होने की जानकारी, उसके बाद मतदान शुरू होने, मतदान का प्रतिशत जैसी जानकारियां मतदान केंद्रों पर नियुक्त कर्मचारियों से चर्चा कर संकलित करेंगे।

प्रथम चरण में मतदान वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित जिलों में लगभग 19 हजार छोटे-बड़े वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। मतदान दल, सुरक्षाकर्मी, ईवीएम मशीन तथा सेक्टर ऑफिसर के आने-जाने में सुगमता के लिए इन वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 76,962 सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें राजस्थान पुलिस के कार्मिकों के साथ-साथ, होमगार्ड, फोरेस्ट गार्ड एवं आरएसी जवान तैनात किए गए हैं। केंद्रीय पुलिस बलों की 175 कंपनियां भी मतदान के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा में सहयोग करेंगी। इन कंपनियों को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है। मतदान दिवस पर सघन जांच एवं निगरानी के लिए प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में फ्लाइंग स्क्वॉड, एसएसटी दल तैनात रहेंगे। चुनाव खर्च के लिहाज से संवेदनशील मतदान केंद्रों में अतिरिक्त निगरानी टीमें तैनात की जाएंगी। गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब राज्यों से लगती 4,850 किलोमीटर लम्बी अंतरराज्यीय सीमा पर बने चेकपोस्ट पर बाहरी अवांछित व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने के उद्देश्य से सीलिंग और चेकिंग की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस के 75 हजार जवान और अधिकारी संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था : डी.जी.पी.



उत्कल रंजन साहू

- **26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान में करीब 85 हजार अधिकारी व जवान तैनात होंगे**
- **175 कंपनियां, 18,400 राजस्थान शहरी-ग्रामीण होमगार्ड्स तथा 16 हजार बोर्डर होमगार्ड की भी तैनाती**

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने प्रदेश में शुक्रवार को लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण में 12 निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाताओं से शांतिपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। डी.जी.पी. साहू ने बताया कि राजस्थान पुलिस द्वारा प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, नागौर, अलवर, झुंझुनूं, सीकर, दौसा, भरतपुर और करौली-धौलपुर में भय-मुक्त वातावरण में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्थान पुलिस के जाप्ते साथ ही केन्द्रीय सशस्त्र सशस्त्र बलों की कम्पनियां और होमगार्ड्स के जवानों को तैनात किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में लोकसभा चुनावों के प्रथम एवं द्वितीय चरण के लिए राजस्थान पुलिस के अधिकारी और जवानों (प्रथम चरण करीब 75 हजार एवं द्वितीय चरण में करीब 85 हजार) के साथ ही केन्द्रीय सशस्त्र बल और विशेष सशस्त्र बल की 175 कम्पनियों, राजस्थान शहरी-ग्रामीण होमगार्ड के 18 हजार 400 तथा बोर्डर होमगार्ड के 1600 जवानों को तैनात किया गया है। साहू ने कहा कि इन 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाता बिना किसी दबाव या प्रलोभन के निर्भय होकर जिम्मेदार नागरिक के रूप में लोकतंत्र के पर्व में अपनी भूमिका सजगता से निभाएं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 14 पुलिस जिलों के तहत 23 हजार 651 मतदान केन्द्र और 719 सहायक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इन मतदान केन्द्रों में से क्रिटीकल और कानून एवं व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों, होमगार्ड्स, आरएसी तथा केन्द्रीय सशस्त्र बलों के जवानों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नॉर्म के अनुसार तैनात किया गया है।

डीजीपी ने बताया कि इन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक पुलिसकर्मी को नियोजित किया गया है, जो मतदाताओं की कतार बनवाने, अनुमत पहचान पत्र की प्राथमिक जांच के बाद मतदाता को मतदान केन्द्र में प्रवेश देने, मतदान केन्द्र पर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने और चुनाव प्रक्रिया के दौरान ईवीएम को सुरक्षा प्रदान करेंगे। मतदाताओं की भीड़ नियंत्रण के लिए 2 या 3 मतदान केन्द्रों वाले पोलिंग स्टेशन लोकेशन (पीएसएल) पर एक अतिरिक्त होमगार्ड तथा 4 या अधिक मतदान केन्द्रों वाले पीएसएल पर दो अतिरिक्त होमगार्ड्स लगाए गए है। वहीं सहायक मतदान केन्द्रों पर एक-एक होमगार्ड लगाया गया है। डीजीपी ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सीमावर्ती राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं गुजरात राज्य से लगने वाली राजस्थान की सीमाओं पर सीलिंग कर 225 चौक पोस्ट स्थापित की गई है।

# गैंगरेप मामले में तीन और युवक गिरफ्तार

## पूर्व में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है



क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

**अजमेर,** (कासं)। अपने जीजा के साथ पुष्कर घाटी घुमने आई युवती का अपहरण कर गैंगरेप के मामले में क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने गुरुवार को 3 और युवकों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहे थे। आरोपियों ने कोटा, नागौर, एमपी सहित कई स्थानों पर फरारी काटी, आरोपियों के अजमेर पहुंचने पर पुलिस ने तीनों को धरदबोचा। तीनों को अभी बपर्दा रखा गया है। मामलमे में पूर्व में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। एक नाबालिग को निरुद्ध किया था। अभी भी एक आरोपी फरार चल रहा है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि थाने में परिवादिया ने 22 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया कि 18 मार्च को रात्रि में जीजा के साथ पुष्कर घूमने गई थी। महाराणा प्रताप स्मारक, पुष्कर घाटी पर चार लडके आए जिन्होने

- **अभी भी एक आरोपी फरार चल रहा है**

जीजा व उसके साथी के साथ मारपीट कर मुझे जबरदस्ती गाड़ी में डालकर सुनसान खंडरनुमा मकान में ले गए। वहां पर तीन अन्य लड़कों को बुलाकर शराब पीकर बारी-बारी से जबरन दुष्कर्म किया तथा उक्त घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, मामले में बाकी आरोपी फरार चल रहे थे।

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी चारण ने बताया कि प्रकरण में आरोपी की तलाश के लिए गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना और आसूचना/तकनिकी सहायता प्राप्त कर कार्यवाही करते हुए गैंगरेप के आरोपी राहुल कच्छावा, मोहित चौधरी तथा देवराज गुर्जर को गिरफ्तार किया है। मामले के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे। आरोपियों ने कोटा, नागौर, एमपी सहित कई स्थानों पर फरार काटी है।

पुलिस मामले में अभी फरार चल रहे एक और आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस ने पूर्व में दो आरोपी महेश गुर्जर व रामराज गुर्जर को गिरफ्तार कियाथा, न्यायालय पेश किया, जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद है तथा एक विधि से संघर्षरत किशोर को निरुद्ध कर किशोर न्याय बोर्ड के आदेश से बाल संप्रदेषण गृह भेजा गया है।

## गहलोत कल उदयपुर आएंगे

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 20 अप्रैल को चार्टड प्लेन द्वारा दोपहर एक बजे उदयपुर के महाराणा प्रताप डबोक हवाई अड्डा पहुंचेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि गहलोत 1.15 बजे डबोक एयरपोर्ट से सडक मार्ग द्वारा वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के सवना बावजी पहुचेंगे। जहां चित्तौडगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। शर्मा ने बताया कि 3 बजे गहलोत सवना बावजी से रवाना होकर चार बजे उदयपुर में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के पास शोभागपुरा सर्कल पहुंचेंगे। जहां उदयपुर से कांग्रेस प्रत्याशी ताराचन्द मीणा के समर्थन में जनसभा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। 5.30 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंच कर विमान से जोधपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# बूंदी में प्रोविजन स्टोर पर शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, 30 लाख का नुकसान

**बूंदी,** (निसं) । शहर के नैनवां रोड रजत गृह गेट नंबर 2 पर स्थित एक बेकर्स एवं प्रोविजन स्टोर पर रात्रि को अचानक शार्ट सर्किट से आग लगने से लाखों का माल जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची नगर परिषद की फायर ब्रिगेड ने 5 घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। घटना रात्रि करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। जिस पर सुबह 6 बजे तक काबू पाया गया। आग लगने से करीब 30 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सदर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रात्रि को शहर के रजत गृह गेट नंबर 2 पर स्थित जैन ब्रेकर्स एवं पिंकी प्रोविजन स्टोर पर आग लगने से लाखों



बूंदी में प्रोविजन स्टोर पर आग लगने से सामान जलकर राख हो गया।

का माल जलकर राख हो गया। जैन ब्रेकर्स एवं पिंकी प्रोविजन स्टोर के प्रोपराइटर रोहित जैन ने बताया कि रात्रि 1:30 बजे करीब अज्ञात व्यक्ति से दूरभाष पर दुकान पर आग लगने की सूचना मिली। मौके पर जाकर देखा तो शटर से धुआं निकल रहा था। शूटर को ऊंचा करके देखा तो दुकान में आग लगी हुई थी।आग को पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया तो वह और भड़क गई।

किसी राहगीर ने ही दुकान पर लिखे मोबाईल नंबर को देखकर दुकान मालिक, पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी थी। सूचना पर सदर थाना पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। दुकानदार के पहुंचने के 5 मिनट बाद ही फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया।लेकिन फायर ब्रिगेड जैसे आग बुझाती फिर वापस भपक कर आग और फैल रही थी। आग इतनी भयानक थी दो फायर ब्रिगेड ने 5 घंटे की मशक्कत के बाद से सुबह 6 तक आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# बॉर्डर पर बीएसएफ ने मार गिराया पाकिस्तानी ड्रोन

**अनूपगढ़,** (निसं)। भारत-पाक सीमा स्थित नेमीचंद बीओपी के एरिया में देर रात बीएसएफ जवानों ने पाकिस्तान से आए ड्रोन को गोलीबारी कर गिरा दिया। ड्रोन में 2 किलो 600 ग्राम हेरोइन थी। बीएसएफ ने ड्रोन के साथ हेरोइन जब्त कर ली है। सूचना मिलने पर विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बीएसएफ ने जब्त हेरोइन को नारकोटिक्स ब्यूरो जोधपुर ब्रांच को सौंपा है। वहीं रावलामंडी थानाधिकारी बलवंत राम ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। कमाण्डेंट प्रभाकर सिंह ने नेमीचंद बीओपी पर पहुंचकर वहां तैनात जवानों की पीठ थपथपाई और पुरस्कार देने की घोषणा की।

बीएसएफ को तीन चार दिन पहले सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी होने के इनपुट मिले थे। इनपुट के बाद सीमा चौकी नेमीचंद के इलाके में गांव 23 केडी की रोही में रात को निगरानी की गई। पाकिस्तान की तरफ से आए ड्रोन की आवाज सुनाई दी तो वहां पहले से तैनात बीएसएफ के प्रहरियों ने फायर किया। फायर के बाद ड्रोन नीचे गिर गया। रात्रि को ही सर्च अभियान चलाया गया और नाकाबंदी की गई। लेकिन कोई तस्कर पकड़ में नहीं आया। सर्च के दौरान ड्रोन के साथ हेरोइन का पैकेट बरामद हुआ। जब्त हेरोइन का वजन 2.600 किलो है। इसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 13 करोड़ है।

## सांभर में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर में गुरुवार की सांय करीब 7 बजे अचानक मौसम बदला और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ आंधी भी चलने लगी। धूल भरी आंधी के कारण लाइटें भी गुल हो गई, जिसकी वजह से पूरे सांभर में अंधेरा छा गया।

दुकानदारों के प्रतिष्ठानों के आगे रखे हुए अनेक के साइन बोर्ड धराशाई होकर दूर जा गिरे। धूल भरी आंधी से अपने आप को बचाते हुए प्रतिष्ठान बंद करने पडे। इसे आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ। आकाश में देर तक काली घटाएं छाई रही और फिर बारिश का दौर भी शुरू हुआ। समाचार लिखे जाने तक विद्युत सप्लाई बाधित रही।

# उदयपुर से पटना व कटिहार के लिए समर स्पेशल ट्रेन 23 से

**उदयपुर,** (कासं)। रेलवे द्वारा आगामी गर्मियों की छुट्टियों में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु उदयपुर से दो ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इनमें उदयपुर-पटना-उदयपुर व उदयपुर-कटिहार-उदयपुर ट्रेने समर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेगी जो 23 अप्रेल से 10 ट्रिप के लिए संचालित होगी।

गाडी संख्या 09651, उदयपुर-पटना साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 23 से 26 जून तक (10 ट्रिप) उदयपुर से प्रत्येक मंगलवार को 23.00 बजे रवाना होकर गुरूवार को 02.00 बजे पटना पहुंचेगी। वहीं गाडी संख्या 09652, पटना-उदयपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 25 अप्रेल से 27 जून तक (10 ट्रिप) पटना से प्रत्येक गुरूवार को 6.00 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 12.20 बजे उदयपुर पहुॅंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09623, उदयपुर-कटिहार साप्ताहिक स्पेशल रेल 23 अप्रेल से 25 जून तक (10 ट्रिप) उदयपुर से मंगलवार को 16.05 बजे रवाना होकर गुरूवार को 02.45 बजे कटिहार पहुंचेगी। वहीं गाडी संख्या 09624, कटिहार-उदयपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 25 अप्रेल से से 27 जून तक (10 ट्रिप) कटिहार से प्रत्येक गुरूवार को 15.00 बजे रवाना होकर शनिवार को 04.15 बजे उदयपुर पहुंचेगी।

# बिट्स पिलानी में कन्वेंशन सेंटर की आधारशिला रखी



पिलानी में राकेश वर्मा कन्वेंशन सेंटर की आधारशिला रखी।

**पिलानी,** (निसं)। अपनी शैक्षिणक उत्कृष्टता और इनोवेशन के लिए मशहूर, बिट्स पिलानी में राकेश वर्मा कन्वेंशन सेंटर की आधारशिला रखी है। राकेश वर्मा बिट्स पिलानी के भूतपूर्व छात्र और भारत के ओरिज़नल मैप निर्माता, मैपमाईइंडिया के संस्थापक व चेयरमैन हैं। यह कन्वेंशन सेंटर वर्मा द्वारा पिछले साल पिलानी कैंपस में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 15 करोड़ रु. का अनुदान देने के संकल्प का हिस्सा है, जो बिट्स के किसी भी भूतपूर्व छात्र द्वारा दी गई अब तक की सबसे बड़ी राशि है।

इस कन्वेंशन सेंटर में 200 लोगों के बैठने की व्यवस्था के साथ एक कॉन्फ्रेंस रूम होगा, जिसमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, उच्च एग्ज़िक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम, वर्कशॉप्स और एल्युमिनाई मीट्स का आयोजन किया जा सकेगा। इसके अलावा यहाँ आधुनिक सुविधायुक्त 94 कमरों के साथ आरामदायक आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। बिट्स पिलानी परिसर में यह केंद्र महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है, जो विचारों के आदान-प्रदान और सहयोग के केंद्र के रूप में काम करेगा। यह अत्याधुनिक प्रोजेक्ट अगले 18 महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। यह पूरा हो जाने के बाद संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेंस, कार्यक्रमों, और वर्कशॉप्स का आयोजन करने की क्षमता बढ़ जाएगी। पिछले पाँच सालों में बिट्स पिलानी के पूर्व विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लिए 115 करोड़ रुपए से ज्यादा का योगदान दिया है।

## ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। टीडी थाना पुलिस ने रेस्क्यू करने के दौरान पेंथर की हत्या करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सचिन पुत्र ललित शर्मा निवासी सरदार पटेल मार्ग कुशलगढ हॉल क्षैत्रिय वन अधिकारी परसाद रेंज ने आरोपी प्रकाश मीणा, दिनेश मीणा, हामजी मीणा, शिवा मिणा, देवा पुत्र हामजी निवासी अमरपुर फला

- **उदयपुर में रेस्क्यू के दौरान पैंथर की हत्या का लगा था आरोप**

वली टीडी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 15 अप्रेल सेवेरे अमरपुरा निवासी देवा (25) पुत्र रतना मीणा बकरिया लेकर चराने के लिए पहाड़ी की तरफ गया था। जहां अचानक आए पेंथर ने बकरियों पर हमला कर गुफा में जा छिपा।

इसको देख बचाव करने आए ग्रामीणों ने उसे गुफा से बाहर निकालने का प्रयास किया तो पेंथर ने हामजी पुत्र कालू मीणा निवासी अमरपुरा पर हमला कर दिया। इधर इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर रेक्स्यूट करने पहुंची तो ग्रामीणों ने पत्थरबाजी कर पेंथर की हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# आदिवासी भाई-बहनों ने ठान लिया, तीसरी बार मोदी सरकार, भाजपा-एनडीए 400 पार : सतीश पूनिया

## वागड़ में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की जनसभाओं में उमड़ा जनसैलाब




बांसवाड़ा में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने भाजपा प्रत्याशी महेन्द्रजीत सिंह मालवीय के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित किया।

- **'भारत के जन-जन के रोम-रोम में राम हैं, राम सत्य हैं, सनातन में राम और सबरी का महत्व सदैव रहेगा'**
- **राजस्थान से लेकर हरियाणा तक सतीश पूनिया ने 45 से अधिक जनसभाएं की, किसान, ओबीसी और युवा सम्मेलनों को किया संबोधित**

**बांसवाड़ा/जयपुर।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के विजय संकल्प अभियान को लेकर भाजपा के हरियाणा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं राजस्थान के पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आज राजस्थान के मेवाड़-वागड़ क्षेत्र में बाँसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महेन्द्रजीत सिंह मालवीय के समर्थन में तूफानी दौरे कर चौरासी, चिखली, टिमेड़ा एवं छोटी सरवन इत्यादि क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित कर लोगों से भाजपा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

सतीश पूनिया ने कहा कि, बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा क्षेत्र में उमड़ा जनसैलाब बता रहा कि यहां भाजपा की बड़ी जीत होगी, क्योंकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्याणकारी योजनाओं से आदिवासी भाई-बहनों का जीवन बदलने का काम किया है।

डॉ. पूनिया ने कहा कि, भारत की मोदी सरकार आदिवासियों के कल्याण के लिये जनजाति उपयोजना के तहत 90 हजार करोड़ रुपये भेजती है, पहले कांग्रेस सरकारें 24 हजार करोड़ रुपये भेजती थीं।

डॉ. पूनिया ने कहा, सांसद कनकमल कटारा ने जो विकास के काम यहां किये, उनको आगे बढ़ाने का काम महेन्द्रजीत सिंह मालवीय करेंगे, ऐसा हमें पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने यहां उम्मीदवार को टिकट दे दिया, लेकिन जब नाम वापस लेने के लिये ढूंढ़ा तो उम्मीदवार मिला ही नहीं, यह पता नहीं लग रहा है कि, कांग्रेस यहां समर्थन बाहर से कर रही है या भीतर से। कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है कि, जब भंडारे में गये तो प्रसाद खत्म हो गया और बाहर आये तो जूते-चप्पल गायब हो गये। ना तो कांग्रेस का राज आना है, ना उनके समर्थन से कुछ होने वाला है।

डॉ. पूनिया के साथ भाजपा प्रत्याशी महेन्द्रजीत सिंह मालवीय, सांसद कनकमल कटारा, भाजपा प्रदेश मंत्री अनिता कटारा, पूर्व राज्यमंत्री सुशील कटारा, जिला अध्यक्ष लाभचंद पटेल, जिला प्रभारी ओम पालीवाल सहित सभी पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

डॉ. सतीश पूनिया 19 अप्रैल को जयपुर में रानी सती नगर स्थित ब्राइट फ्यूचर स्कूल में मतदान कर दोपहर 1.30 बजे हेलिकॉप्टर द्वारा भीनमाल (जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र) के लिये प्रस्थान करेंगे, जहां 21 अप्रैल को भीनमाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आमसभा की तैयारियों को लेकर वे 19,20 अप्रैल को पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों व सभी 36 कौम के गणमान्य लोगों के साथ संवाद करेंगे।

# जयपुर के 18 विधानसभा क्षेत्रों में 49 लाख 41 हजार मतदाता आज चुनेंगे अपना सांसद

## सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान, बुजुर्ग व दिव्यांगों के लिए मतदान बूथों पर विशेष इंतजाम

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। लोकसभा चुनाव के तहत जयपुर व जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज मतदान होगा। कुल 18 विधानसभा क्षेत्रों में 49.41 लाख मतदाता मताधिकार का प्रयोग करके अपना सांसद चुनेंगे। जयपुर, जयपुर ग्रामीण के साथ-साथ दौसा लोकसभा क्षेत्र में समाहित चाकसू एवं बस्सी, सीकर लोकसभा क्षेत्र में समाहित चौमूं विधानसभा क्षेत्र में भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर शहर में 22 लाख और जयपुर ग्रामीण में करीब 21 लाख मतदाता हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने जिले के सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी मतदाता 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षकों, जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित और विभिन्न समन्वयक अधिकारियों की उपस्थिति में मतदान कर्मियों की रवानगी का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रकाश राजपुरोहित ने स्वयं मतदान रवानगी स्थलों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाह ने भी मतदानकर्मियों से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2085 व जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में समाहित 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2128 मतदान दल चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे। गुरूवार को सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन छात्र कॉलेज, जमवारामगढ़ रोड स्थित जामिया-तुल-हिदाया विश्वविद्यालय एवं जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज से गुरुवार को दो पारियों में 4213 मतदान दलों की रवानगी हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 19 अप्रैल को सबसे पहले मतदान करने वाले 1 लाख से अधिक मतदाताओं को आकर्षक पुरस्कार मिलेगा। जयपुर नगर निगम हैरिटेज व ग्रेटर के सभी विधानसभा क्षेत्रों के 2166 बूथों पर मतदान दिवस पर पहले मतदान करने वाले 50 मतदाताओं को स्क्रेच कार्ड दिया जाएगा। कार्ड को स्क्रैच करने पर कार्ड पर अंकित पुरस्कार प्रदान कर मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस तरह निगम क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर पहले मतदान करने वाले 1 लाख 8 हजार 300 मतदाताओं को स्क्रैच करने पर कार्ड पर अंकित पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।



जयपुर लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान संपन्न करवाने के लिए गुरूवार को भवानी निकेतन कॉलेज से मतदान दल गंतव्य के लिए रवाना हुए।

### 12 वैकल्पिक दस्तावेजों से डाल सकेंगे वोट

जो मतदाता निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र-राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक-डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों-विधायकों-एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

### 'वोटक्यू ट्रैकर' एप पर देख सकेंगे भीड़ के हाल

वोटक्यू ट्रैकर एप के माध्यम से मतदाता स्वयं के विधानसभा क्षेत्र एवं भाग संख्या को सेलेक्ट कर अपने बूथ पर वोटर्स की संख्या की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जो कि संबंधित बीएलओ द्वारा प्रत्येक आधे घंटे में अपडेट की जा रही होगी। आईओएस और एंड्रायड आधारित मोबाइल फोनधारक वोटक्यू ट्रैकर एप डाउनलोड कर सकते हैं। इस एप पर मतदान बूथों पर मौजूदा भीड़ के हालात जान सकेंगे।

### 260 बूथों की कमान महिलाओं के हाथ होगी

लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए एवं सभी वर्गों के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए लोकसभा चुनाव में महिला बूथ, युवा बूथ, दिव्यांग बूथ के साथ साथ आदर्श बूथ की स्थापना की गई है। जयपुर जिले के 19 विधानसभा क्षेत्रों में 260 ऐसे मतदान केन्द्रों की स्थापना की जाएगी जिनकी कमान महिला कार्मिकों के हाथों में होगी। वहीं, जिले में 38 आदर्श बूथ, 152 युवा मतदाता बूथ एवं 19 दिव्यांग मतदान कन्द्रों की स्थापना की गई है।

### 38 आदर्श बूथ में दिखेगी लोकतंत्र महापर्व की छटा

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र 2-2 आदर्श मतदान केन्द्रों सहित जिले में कुल 38 आदर्श मतदान केन्द्रों की भी स्थापना होगी। आदर्श बूथ पर मतदाताओं को लोकतंत्र के महोत्सव की छटा देखने को मिलेगी। इन बूथों में ना केवल आकर्षक सजावट करवाई जाएगी बल्कि मतदाताओं के स्वागत, पेयजल सहित बैठने के लिए इंतजाम करवाएं जाएंगे। वहीं, युवा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए सभी मतदान बूथों पर सेल्फी पॉइंट लगाए जाएंगे। साथ ही, नव मतदाताओं को प्रथम मतदान का प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा।

- जयपुर शहर निर्वाचन क्षेत्र में 2085 तथा जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में 2128 मतदान दल करवाएंगे चुनाव प्रक्रिया संपन्न
- पहले मतदान करने वाले 1 लाख से अधिक मतदाताओं को मिलेगा आकर्षक पुरस्कार

### निजी व सार्वजनिक क्षेत्र में सवैतनिक अवकाश

आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 22 मार्च 2024 को जारी आदेश की अनुपालना में मतदान दिवस पर निजी एवं सार्वजनिक संस्थानों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 22 मार्च को जारी आदेशों की अनुपालना में दोनों मतदान तिथियों 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल पर मनरेगा श्रमिकों को भी सवैतनिक अवकाश देय होगा।

### सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित करेगा दल

निजी एवं सार्वजनिक संस्थाओं में सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित करने के लिए दल का गठन भी किया गया है। मतदान दिवस पर कामगारों को सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित करने के लिए दल का गठन किया है। दल में श्रम निरीक्षक सपना चुग (मोबाइल-8239815237), श्रम निरीक्षक भारती भिण्डा (मोबाइल-7790836942) एवं श्रम निरीक्षक अंकिता महर्षि (मोबाइल-7976614153) शामिल है।

### 2300 मतदान बूथों पर होगी लाइव वेब कास्टिंग

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों सहित 2 हजार 363 चिन्हित मतदान केन्द्रों से लाइव वेब कास्टिंग की जाएगी। लाइव वेबकास्टिंग के जरिये बूथों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जयपुर कलेक्ट्रेट में केंद्रीयकृत नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की गई है। जहां प्रशिक्षित कार्मिक हर बूथ की हर एक गतिविधि पर नजर रखी जाएगी।

### राजस्थान और कॉमर्स कॉलेज में ईवीएम संग्रहण

19 अप्रैल को मतदान के पश्चात जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में ईवीएम एवं वीवीपैट का संग्रहण किया जाएगा। कॉमर्स कॉलेज में जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में सामहित फुलेरा, शाहपुरा, झोटवाडा, आमेर, कोटपूतली, विराटनगर, जमवारागढ़, बानसूर विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम सामग्री का संग्रहण किया जाएगा। वहीं, राजस्थान कॉलेज में जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित बगरू, सांगानेर, विद्याधर नगर, किशनपोल, आदर्श नगर, सिविल लाइन्स, मालवीय नगर, हवामहल विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम का संग्रहण किया जाएगा।

दौसा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित बस्सी विधानसभा की ईवीएम का संग्रहण राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बस्सी, चाकसू विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम का संग्रहण राजकीय महाविद्यालय, टोंक रोड, चाकसू में किया जाएगा। वहीं, सीकर लोकसभा क्षेत्र में समाहित चौमूं विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम का संग्रहण राजकीय कन्या महाविद्यालय, चौमूं में किया जाएगा।

मतदान दलों की वापसी पर चुनाव वाहन मतदान दल को नियत प्रवेश द्वार पर ही उतारेंगे। संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के लिए संग्रहण स्थल पर ईवीएम जमा करवाने के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत पीआरओ को रिटर्निंग अधिकारी की टीम द्वारा टोकन जारी किया जाएगा। जिसके बाद पीआरओ वेटिंग एरिया में अपनी बारी का इंतजार करेंगे एवं उसके पश्चात ईवीएम सामग्री जमा करवाएंगे।

उन्होंने बताया कि जयपुर के गांधी सर्किल एवं कॉमर्स कॉलेज के पास झालाना डूंगरी की ओर जाने वाली सड़क के मोड पर चुनाव वाहनों के सुगम संचालन हेतु पुलिस द्वारा विशेष निगरानी की जाएगी। जेएलएन मार्ग पर किसी भी प्रकार का वाहन नहीं रुकेगा जब तक की वे वहां निर्धारित ना हो।

# राममय हुई रामगंज चौपड़



**जयपुर** (कासं)। रामगंज चौपड़ पर रामनवमी के पावन पर्व पर निकलने वाली शोभा यात्रा का महामंडलेश्वर बालमुकुंद आचार्य जयपुर शहर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा, किशनपोल विधानसभा प्रत्याशी चंद्रमनोहर बटवाड़ा, पार्षद कुसुम यादव, सर्व समाज हिंदू महासभा संस्थापक चंद्रप्रकाश भाडेवाले, पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव, कनक बिहारी मंदिर सियाराम दास महाराज ने राम भक्तों का पुष्प वर्षा माला एवं साफा पहनाकर और भगवान श्रीराम की आरती उतारकर भव्य स्वागत किया।

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने बताया कि भगवान राम का उनके जन्मस्थान पर करीब 500 सालों के बाद पहली बार भव्य जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।रामनवमी के मौके पर दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। वैज्ञानिकों की टीम ने रामलला के ललाट को सूर्य की किरण से तिलक किया गया। इससे भक्तों में गजब का उल्लास है। रैली में भगवान राम लक्ष्मण जानकी और हनुमान सहित कई तरह की झांकियां सजाई गई। बैंड बाजे ढोल मंजीरा की धुनों पर भगवा वस्त्र एवं साफा धारण किए हाथों में भगवा झंडा लेकर युवा झूमते नाचते साथ चल रहे थे। जय श्री राम के नारों से पूरी रामगंज चौपड़ गुंजायमान थी।

महिला शक्ति ने शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालुओं को आइसक्रीम का वितरण किया गया। इस दौरान पार्षद विमल अग्रवाल, पूनम शर्मा, सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष कैलाश मित्तल, विक्रम सिंह, प्रभात शर्मा, एडवोकेट पियूष अग्रवाल, नरेश विजयवर्गीय, उमेश शर्मा, पिंकू शर्मा, योगेश सोनी, अक्षय यादव, राजकुमार कुमावत, विष्णु मीणा, मोनिका अग्रवाल, संपत बिसला, अशोक सैनी, राजकुमारी सैन, आशीष मेहता, मीनाक्षी शर्मा, भावना मीनाक्षी यादव, मधु यादव, दीपमाला यादव, बाबूलाल रैगर, गुलाबचंद श्रीमाल, मनीष बिवाल, ईश्वर गोडवानी, पवन टिक्कीवाल, संजय सैनी, सियासरण शर्मा, अभय यादव, युवराज सिंधड विक्रम कोठारी लक्षित उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### डॉलर के चक्कर में एक लाख रु.गंवाए

**जयपुर**। एक युवक ने सस्ते डॉलर के चक्कर में एक लाख रुपए गंवा दिए। घटना को लेकर पीड़ित ने मालपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार बस्सी निवासी कृष्ण कुमार शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि प्राइवेट जॉब करता है। सांगानेर में उसे एक युवक मिला, जिसने डॉलर बदलने की बात कहीं और कहा कि उसके पास तीन-चार लाख रुपए के डॉलर है। आरोपी ने इनकों एक लाख रुपए लेकर बदलने की बात कहीं। इस पर पीडित ने आरोपी को एक लाख रुपए दे दिए। इसके बाद आरोपी युवक ने पीडित को एक रुमाल की गठरी पकडा दी। आरोपी ने कहा कि इसमें डॉलर है। युवक ने आरोपी के जाने के गठरी खोल कर देखी तो उसमें साबून की बट्टियां मिली। इस पर पीड़ित को ठगी का पता चला। यह घटना 15 अप्रैल की है। पुलिस ने बताया कि सस्ती दर पर डॉलर मिलने के चक्कर में युवक झांसे में आ गया। डॉलर बदलने के बहाने लोगों को ठगने वाली शहर में गैंग सक्रिय है। जो कि वारदात कर फरार हो जाती है। मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। बदमाश रुमाल में साबून रखकर डॉलर कहकर उसकी गठरी बांध कर पीड़ित को दे गया।

### दोस्ती गांठ कर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट थाना इलाके में इंस्टाग्राम पर दोस्ती गांठ कर युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी 24 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि पिछले कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर उसकी बातचीत विकास यादव से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों में अच्छी दोस्ती हो गई। इंस्टाग्राम फ्रेंड विकास यादव ने मिलने के बहाने बुलाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने शादी करने का वादा किया। शादी करने का झांसा देकर आरोपी विकास उसका देह शोषण करने लगा। शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी ने दूरी बना ली। गाली-गलौच कर आरोपी उसे छोड़कर भाग गया।

### देवर पर भाभी से दुष्कर्म का आरोप

**जयपुर**। आमेर थाना इलाके में एक महिला ने अपने देवर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीडिता का कहना है कि आरोपी ने उसे मरे हुए भाई के शरीर में आने की बात कहकर डराया-धमकाया। फिर उसके साथ रेप किया। आरोपी ने पीडिता का अश्लील वीडियो भी बना लिया। मामले की जांच आमेर थाना अधिकारी अंतिम शर्मा कर रही है। पुलिस ने बताया कि आमेर निवासी 40 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि करीब 14 साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी। वह जॉब कर बच्चों का लालन-पालन करने लगी। आरोप है कि मिलने के लिए देवर का घर आना-जाना था। मिलने आए देवर ने उसे बताया कि उसके शरीर में मरा हुआ भाई आता है। वहीं ही गांव से यहां मिलने के लिए उसे खींचकर लेकर आता है। घर में अकेला पाकर शरीर में देवता आने का बहना बनाकर जबरन आरोपी देवर ने उसके साथ रेप किया।

### महिला के गले से सोने की चेन तोड़ी

**जयपुर** (कासं)। महेश नगर इलाके में स्कूटी सवार बदमाश ने एक महिला के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड ली। घटना के दौरान महिला घर के बाहर फल खरीद रही थी। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि चेन स्नेचिंग की वारदात गोवर्धन कॉलोनी में सुरेंद्र बाल भारती स्कूल के पास हुई। जहां घर के बाहर आए ठेले वाले से 59 वर्षीय महिला फल खरीद रही थी। इसी दौरान स्कूटी पर हेलमेट लगाकर आए बदमाश ने पहले घूमकर रेकी की। महज कुछ ही सेकंड में पीछे से आकर महिला के गले पर झपट्टा मारा। झटका मारकर बदमाश चेन तोड़कर ले गए। झटका लगने से महिला के गले में चोट लगने पर वह दर्द से चिल्लाई। आवाज सुनकर ठेले वाले सहित अन्य लोग स्कूटी सवार को पकड़ने के लिए भागे। बदमाश तेजी से स्कूटी दौड़ते हुए गलियों में फरार हो गया। पीड़िता का कहना है कि बदमाश ने हेलमेट लगा रखा था। कमर दर्द की बेल्ट भी बांध रखी थी।

### ए.टी.एम.मशीन से नकदी चोरी

**जयपुर**। जालूपुरा थाना इलाके में डाक विभाग के एटीएम से छेड़छाड़ कर हजारों रुपए चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया है कि आरोपी मशीन में प्लेटनुमा इंस्ट्रूमेंट को लगाता था और फिर बॉक्स में फंसे कैश को निकालकर ले जाता। इस संबंध में जीपीओ के डाकपाल की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि जीपीओ के डाकपाल राकेश कुमार धंधेल ने मामला दर्ज करवाया है कि एमआई रोड पर जयपुर जीपीओ के परिसर में डाक विभाग का एटीएम लगा हुआ है। जहां 26 मार्च को एटीएम कैश लोडिंग टीम ने ऑफिस को सूचना दी कि एटीएम से छेड़छाड़ कर कैश चोरी किया गया है। जांच करने पर पता चला कि एटीएम से छेड़छाड़ कर प्लेटनुमा इंस्ट्रूमेंट लगाकर 500 के 14 नोट निकालकर चोरी किए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश में जुटी है।

### तेज रफ्तार कार ने युवक को कुचला

**जयपुर**। सदर थाना इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार संविदाकर्मी की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने कार को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। मृतक बिजली विभाग में कार्यरत था। पुलिस के अनुसार बुधवार दोपहर को एक तेज रफ्तार कार ने गुलाब उद्यान बसंत मार्ग पर आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मुरादाबाद यूपी निवासी 40 वर्षीय नीरज कुमार घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की जांच दुर्घटना थाना पश्चिम पुलिस कर रही है।

# मतदान से युवाओं को जोड़ने के लिए सेल्फी कॉन्टेस्ट होगा

## जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिला स्वीप टीम का नवाचार

**जयपुर** (कासं)। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सेल्फी कॉन्टेस्ट के रूप में एक अनूठा नवाचार किया है।

जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि यूथ को बूथ तक लाने के लिए मतदान दिवस 19 अप्रैल को सेल्फी कॉन्टेस्ट आयोजित किया जाएगा। कॉन्टेस्ट में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को मतदान केन्द्र पर वोट डालने के बाद सेल्फी पॉइन्ट पर जाकर सेल्फी लेनी होगी। इसके बाद सेल्फी को लोकसभा क्षेत्र जयपुर अथवा जयपुर ग्रामीण के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी के फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम सोशल मीडिया हैंडल पर टैग करना होगा।

- सबसे ज्यादा लाइक प्राप्त करने वाली सेल्फी को मिलेगा 10 हजार का पुरस्कार
- द्वितीय विजेता को पांच हजार व तृतीय विजेता को 3 हजार रु. पुरस्कार मिलेगा

सेल्फी पर लाइक की गणना 19 अप्रैल को रात 8:00 बजे की जाएगी। उन्होंने बताया कि सेल्फी कॉन्टेस्ट में सर्वाधिक लाइक प्राप्त करने वाली सेल्फी को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5 हजार एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 3 हजार का नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

# राजीव शर्मा ने किया केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान का दौरा

**जयपुर** (कासं)। भारत सरकार में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के नव नियुक्त महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने गुरुवार को केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर का दौरा कर सीडीटीआई, जयपुर में व्याख्यान के लिए आने वाली प्रमुख गेस्ट फैकल्टी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। केंद्रीय गुप्त प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि प्रारंभ में इस संस्थान में आगमन पर सर्वप्रथम महानिदेशक को डबल गार्ड द्वारा सलामी दी गई। इसके उपरांत उन्होंने सीडीटीआई जयपुर कैंपस का भ्रमण किया। अंत में महानिदेशक द्वारा सीडीटीआई जयपुर के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ एक संपर्क सभा आयोजित की गई, जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को एकजुट होकर कार्य करने का सुझाव देते हुए उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा तथा उनके निराकरण के निर्देश दिए गए।

# एकादश कुंडात्मक महायज्ञ में सवा लाख आहुतियां अर्पित



**जयपुर**। स्वामी रामरिछपाल दास महाराज के सान्निध्य में न्यू सांगानेर रोड प्रजापिता विहार कॉलोनी स्थित मंदिर श्री चिंताहरण काले हनुमान जी में रामनवमी से शुरू हुए एकादश कुंडात्मक महायज्ञ में दूसरे दिन गुरुवार को 31 यजमानों ने आ ान किए गए देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर यज्ञ देवता का आहुतियां अर्पित कीं। महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज, भागवताचार्य प्रियाशरण महाराज ने प्रारंभ में देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की।

यज्ञाचार्य पं. अश्विनी चतुर्वेदी और यज्ञ ब्रह्मा पं. विष्णु शर्मा के निर्देशन में यजमानों ने वेद मंत्रोच्चार के साथ करीब डेढ़ लाख आहुतियां अर्पित कीं। गुरुवार को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक हनुमत कथा भी हुई। व्यासपीठ से वृंदावन के कृष्णदास महाराज ने पहले दिन हनुमान जी महाराज के जन्म और बाल लीलाओं का श्रवण कराया गया। इस मौके पर अनेक संतों-महंतों का सान्निध्य प्राप्त हुआ। कथा 22 अप्रेल तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। शाम को म्हारे घरां पधारो श्याम संस्था की ओर से एक शाम श्याम के नाम भजन संध्या आयोजित की, जिसमें अनेक गायकों ने श्याम प्रभु का गुणगान किया।

# 'स्वस्थ लीवर के बिना जीवन असंभव'

**जयपुर**। नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के सीनियर कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, डॉ. अमित सांघी ने कहा कि, लिवर शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। यह शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है, जो हमारे शरीर में पांच सौ से भी अधिक कार्य करता है। स्वस्थ लिवर के बिना जीवन असंभव है।

उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार लिवर की बीमारियाँ भारत में मृत्यु का दसवां सबसे आम कारण हैं। जागरूकता के उद्देश्य से नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर में स्वस्थ लिवर के महत्व को समझाने के लिए विश्व लिवर दिवस मनाया गया। आजकल स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही, अनुचित खानपान व अन्य कारणों के चलते हेपेटाइटिस, सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी बीमारियाँ बढ़ रही हैं, जो दुनिया भर में लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही हैं।

नारायणा अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. राहुल राय ने लिवर की बीमारी की बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए विश्व लिवर दिवस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य पहल करने पर जोर दिया।

# सत्यचित्त पुष्पानंद सामाजिक संस्था ने सैकड़ों निर्धन कन्याओं को दिया भोज

**जयपुर**। पिछले 14 वर्षों से निर्धन बच्चों की नि:शुल्क शिक्षार्थ सहायतार्थ संस्था "सत्यचित्त पुष्पानंद सामाजिक विकास संस्था(रजि.) जयपुर के तत्वावधान में त्रिवेणी नगर स्थित सभागार में सैकड़ों निर्धन बच्चों को भोजन करवाकर दर्जनों कन्याओं का पाद प्रक्षालन करते हुए कन्या पूजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में शहर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य अनुपम जॉली के पावन सान्निध्य और मुख्य आतिथ्य में मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कन्याओं का पूजन करते हुए ज्योतिषाचार्य अनुपम जोली ने संस्था द्वारा किए जा रहे निरंतर सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र में कन्या भोज कराने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक आध्यामिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज व संस्था सचिव रीता पाठक ने मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य प. अनुपम जॉली का पगड़ी पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम में कन्या पूजन और कन्या भोज के पश्चात दक्षिणा प्रदान कर कन्याओं का संस्था पदाधिकारियों ने आशीर्वाद लिया। कन्या भोज के अवसर पर संस्था सचिव रीता पाठक ने संस्था की वार्षिकी रिपोर्ट प्रस्तुत की।




# कंप्यूटर आधारित परीक्षा जून में

**जयपुर**। कांस्टेबल भर्ती-2023 की शारीरिक दक्षता व मापतोल परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) आगामी 13 व 14 जून को प्रतिदिन दो पारियों में जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित करवाई जाएगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती व पदोन्नित बोर्ड सचिन मित्तल ने बताया कि कांस्टेबल भर्ती 2023 के 3578 पदों की भर्ती के लिए 27 से 30 दिसंबर तक शारीरिक दक्षता व मापतोल परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें सफल रहे अभ्यर्थियों बैंड कांस्टेबल पद के आवेदकों के अतिरिक्त की कंप्यूटर आधारित परीक्षा चुनाव आयोग से मंजूरी के उपरान्त 13 व 14 जून को जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित करवाई जा रही है। मित्तल ने बताया कि डाक से अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। अभ्यर्थी अपनी तैयारी रखें तथा नियमित रूप से पुलिस वेबसाइट को अधिकारिक सूचना के लिए चैक करते रहे।

# कारोबारी को 50 लाख रु. की रंगदारी के लिए धमकी

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के मानसरोवर इलाके में एक कारोबारी से 50 लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया है। बदमाश ने वॉट्सएप कॉल कर जान से मारने की धमकी दी। बदमाश बोला कि तेरी सिक्योरिटी की तैयारी कर ले, मेरे पास काफी शूटर हैं। धमकी मिलने के बाद पीड़ित बिजनेसमैन ने मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस ने बताया कि महेश नगर निवासी बिजनेसमैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 14 मार्च की शाम वह मानसरोवर स्थित अपने ऑफिस पर बैठा था। शाम करीब 5:15 बजे उनके मोबाइल पर इंटरनेशनल नंबर से वॉट्सएप कॉल आया। पहली बार तो कॉल उठाकर बात करने से मना कर दिया। कुछ ही देर बाद उसी मोबाइल नंबर से मैसेज भेजकर बिजनेसमैन और उसके परिवार के बारे में बताया।

वॉट्सएप कॉल कर बदमाश ने खुद को विदेश में बैठा होना बताया। उसे और परिवार को मारने की धमकी देकर 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। आरोपी ने पीड़ित को धमकाया कि 50 लाख रुपए देगा या अपनी जान देगा। तू अब तेरी सिक्योरिटी की तैयारी कर ले। मेरे पास काफी शूटर हैं।

धमकी भरे वॉट्सऐप कॉल-मैसेज मिलने के बाद बिजनेसमैन ने मानसरोवर थाने में दर्ज करवाई। पुलिस रंगदारी के धमकी भरे कॉल-मैसेज करने वाले बदमाश की तलाश में जुट गई है।

पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मोबाइल नंबर के आधार पर धमकी देने वाले की तलाश की जा रही है।



## World Jackal Day

Stealthy creatures of the wild, navigating their habitats with cunning precision, and embodying nature's resilient and adaptable spirit, Jackals are related to dogs, foxes, coyotes and wolves, but they are unique species of their own, occurring in Africa, Europe and Asia. Other continents may have a species of animal that they refer to as 'jackal,' but scientific research has shown that these are not as closely related as it was previously believed. *World Jackal Day* offers a delightful opportunity to learn a bit more about an obscure animal that might be familiar but is often misunderstood!



#RETREAT

# Five tips to help you start new hobbies in retirement

Where a goal in an activity is kindness with ourselves, we can access a new, more meaningful reason to take part in something.





Retirement can be an exciting but also a scary prospect for many. But it's important to make sure that you keep active, physically and mentally. Hobbies can increase well-being by boosting brain function, enhancing social skills and improving fine motor skills. A study carried out in 2022 found that 'spending time on hobbies' was associated with lower symptoms of depression and a perceived increase in a person's sense of health, happiness and overall life satisfaction.

Here are five tips, using positive psychology, that could help you or someone in your life, if they are scared or nervous about picking up a 'hobby'.

### 1. Broaden your strengths

**Positive** psychology's 'Theory of Strengths' encourages us to think more broadly about what constitutes a 'strength.' For instance, it considers curiosity, kindness and bravery as strengths. When applied to choosing a hobby, it means that if you believe one of your strengths is kindness, you could consider working in outreach or charity as a hobby, or spending time speaking with people who are housebound.

### 2. Find activities that you already enjoy

**The** 'Broaden and Build Theory' suggests that when we feel positive emotions such joy or love, we are more likely to engage in new activities, thoughts and behaviours. It follows then, that if you look at times in your life when you experience these emotions, this could help you start a new hobby. So, if you enjoy walking in the countryside, then the theory suggests that those feelings would enable you to join a rambling club.

### 3. Remember moments when you've lost track of time

**Another** way to identify an activity that would be good to do is by using 'Flow Theory.' An exercise, that reveals your personal flow template, involves looking back on your life to find as many times as possible when you've been doing something and completely lost track of time. Write these down and see if these moments have anything in common. This will reveal something about yourself and the type of activity that is aligned with who you are, and could suggest new hobbies.

### 4. Be kind to yourself

**'Self-compassion** Theory' teaches us the importance of being as kind to ourselves as we would be to a friend. Self-compassion theory states that our imperfections make us human, and it is our shared knowledge of this that connects us to others. Where a goal in an activity is kindness with ourselves and those, doing the activity with us, rather than performance, we can access a new, more meaningful reason to take part in something.

### 5. Imagine your perfect day

**The** last tip from positive psychology involves creating a story of the perfect average day and then planning to actually live it. It helps to identify goals either for retirement, more generally, or for participating in a hobby. By picturing the perfect average day, you can create more meaning and purpose in life by seeing how all the parts of your life fit together. When these pieces are in place, hope is ignited, and a vision created of how life can go forward so that you really can live your best retired life.



# B.J.P. Slipping IN... The *Bengali Psyche*!!



*Matua* voters in India, carrying memories of being driven out of homeland, their thick clusters in Lok Sabha constituencies bordering on Bangladesh are gold mine to any party that promised trouble-free residency in India, if not full naturalization. In the state's Ganga delta area, inhabited by large *Matua* enclaves, the TMC lost in the 2018 general election three of the region's 10 seats to BJP.





Matuas are now important for both BJP and C.M.




Matuas are now important for both BJP and C.M.

#POLITICKING



Sumit Mitra
*The author is a veteran journalist*

To *Rashtriya Sevak Sangh*, ideological forebear of the *Bharatiya Janata Party*, after Independence, *Bengal* was a special region to be wooed as it had freshly lost the larger chunk of its territory as price for the erstwhile nation's vivisection on the basis of religion. Bengal's primacy in RSS's thinking was reflected when Shyama Prasad Mookherjee, a notable member of the Bengal elite, became in 1951 the RSS choice as 'Founder President of its political wing,' the *Bharatiya Jana Sangh*. The Jana Sangh evolved into the Bharatiya Janata Party (BJP) in 1980 and kept up its endeavor to make inroads into West Bengal. But the state gave the saffron party a short shrift. From the 70's, its politics was dominated by the Left. And from 2011, Mamata Banerjee and her *Trinamool Congress* became the incumbent power.

The enmity between Communist Party of India (Marxist), the core of the Left Front, and Banerjee's TMC is legend. Besides, she defeated the left in the 2011 Assembly election, with a mortal punch as it began losing electoral significance as well as the confidence of its ideological adherents. But, despite a shift from the rule of red-flag wielding Bengalis to the rule of a fire-spewing lady, there was little change in the way of life in Bengal, which was different from the Hindi-speaking states of North India, roiled as they were by identity politics in the 90's. It remained alien to Bengal. On the other hand, the state witnessed the emergence of the ruling party as an all-embracing institution. It covers the political as well as social life. Its nomenclature by political scientist Dwaipayan Bhattacharya as 'party society' soon became a part of academic lexicon.

Significantly, even though the CPI(M) and TMC are poles apart ideologically, the 'party society' functioned in pretty much the similar way under the two regimes, barring a few externalities. Like the party life under the left had an intellectual edge, and the TMC, being devoid of the left's structural discipline, often functioned as powerful local syndicates, led by people with connections to Banerjee and her coterie in Kolkata. But, in principle, for no less than four decades, West Bengal was a bastion of some party in control of the society, with no identity-based turbulence, be it caste or religion, making a dent in the iron control, exercised by the party in power.



Recently the Prime Minister has urged people to visit Matua Maha Mela in large numbers.

Prime Minister Narendra Modi was the first national political leader to challenge the apparent indifference of Bengal to north India's identity politics. On the eve of the 2019 Lok Sabha election, announcement by the BJP government of enacting a new law for *giving citizenship* to oppressed religious minorities from Afghanistan, Pakistan and Bangladesh hit the Bengal electorate like electric shock. Be it during left rule, or the period under TMC, the elector group, that the incumbent state party in West Bengal relied upon most, even more than the one-third Muslim electorate, are members of the '*Matua*' community. They are *Bengali* peasants of Bangladesh, falling below the caste pyramid, and they have been trickling into India, West Bengal, in particular, without worrying about the niceties of citizenship.



P.M. launched his lok Sabha campaign from Thakurnagar.

Being a stateless community in the legal sense, the promise of citizenship was too alluring to resist, despite red eyes from the TMC. With an estimated 1.75 crore legitimate *Matua* voters in India, carrying memories of being driven out of homeland, their thick clusters in Lok Sabha constituencies bordering on Bangladesh are gold mine to any party that promised trouble-free residency in India, if not full naturalization. In the state's Ganga delta area, inhabited by large *Matua* enclaves, the TMC lost in the 2018 general election three of the region's 10 seats to BJP.

But it's incorrect to hold that the entire '*Bengal strategy*' of the BJP pivoted on these stateless Hindu low-caste (*Namashudra*) immigrants from Bangladesh. Though the promised law of the Modi administration, the *Citizenship Amendment Act* (CAA) was passed by Parliament in December 2019, the all-important rules took another five years to be framed. When presented, its holes came to light like which migrant is expected to carry with him a document from the police station of his past residence that he was indeed a victim of sectarian 'persecution?' Worse still, once having confessed as an 'illegal immigrant,' legitimization of his status in India depends on his ability to prove his case as a 'victim of persecution,' which is not an easy task.

> What is indeed impressive is the BJP's penetration into the backward-classes space of Bengal in such a short time. The Bengali people are not recognized to be caste ridden. But it is indeed so! The gulf between the upper caste and the lower ones is no less wide in Bengal than, say, Uttar Pradesh or Bihar.

However, the CAA rules are not engraved in stone, so there is every possibility of these being diluted in the future. But the stateless *Matua* community, till now, does not seem to suspect the BJP's intent to give them a position and a voice in their new home. To make it credible, one of their leaders, Shantanu Thakur, is now the Union Minister of State for Home. It is not a small thing for a 'floating community' to have one of them seated in the very same department, from where the writ of Amit Shah, the Union Home Minister and arguable the 'second most powerful man' in the government, runs.

However, what is indeed impressive is the BJP's penetration into the *backward-classes space of Bengal* in such a short time. Unlike societies in the Hindi belt, the *Bengali* people are not recognized to be caste ridden. But it is indeed so! The gulf between the upper caste and the lower ones is no less wide in Bengal than, say, Uttar Pradesh or Bihar.

West Bengal has an estimated 30 per cent Muslims (27.5 per cent as per 2011 census), which, on the ballot box, has largely supported the TMC, except in a couple of traditional seats of the Indian National Congress. The point is, the BJP thus joins the Bengal race with a handicap. Since 2019, it's trying to partly make up for it with a large chunk of the Scheduled Caste and Scheduled Tribe votes, accounting for 23.5 and 5.8 per cent of the state's population, respectively. In the last general election, in which the BJP won 18 seats, it bagged 33 of the total 68 SC-reserved assembly segments, of which 26 are *Matua*-dominated. Besides the SC pull, the BJP won both the ST-reserved Lok Sabha seats, including Alipurduar in the tea garden areas of the hilly part of North Bengal, and the Jhargram constituency in the state's forest-clad western part.

Chief Minister Mamata Banerjee has sharp antennae to read electoral signals. In the past five years, she has embraced identity politics like never before in Bengal. To beat the anti-incumbency syndrome, she has played to the hilt the culture to mollify certain groups, like the state government spending Rs 14,000 crore a year to fund '*Lakshmir Bhandar,*' a scheme to provide Rs. 500 to every general category family but Rs 1,000 to the lady of the SC household. Banerjee has not given up on her 'welfarism' despite the Modi government being quite ruthless in choking off even the rightful supply of cash. For three years now, Central funding of the '*Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee*' (MGNREGA) scheme is blocked on the much tom-tommed yet unproved charge of corruption. The TMC hopes that the backward classes in the Hindu society, after turning their back on it, will change their mind. But there are many independent observers who think that it may be difficult to woo back the SC/ST members as the BJP has given them something that money can't buy, which is the first taste of self-importance in a land where they are mere asylum seekers.

With elections in the state, spread over seven days from April 19, at the evening parties in the clubs of Kolkata, a popular bet is on the chances of the BJP improving this time on its 2019 tally of 18 seats. The odds are still in favour of 'No' but no gambler is in a mood to quit.

rajeshsharma1049@gmail.com



Matua celebrate CAA.

#TRAVEL

# Coffee, Tea, & Mountains

South India's Most Scenic Hill Stations

India is home to numerous pretty hill stations and the south of India is no exception. Ooty, Kodaikanal, Munnar, Vagamon, Wayanad and Kotagiri are just some of the most well-known names which attract plenty of domestic and international tourists hoping to witness the natural landscape and rich heritage of these places.

We have picked some of the most scenic of South India's hill stations which you'll want to return to again and again.



## Yercaud

Situated in the Shevaroy Hills of the Eastern Ghats in Tamil Nadu, Yercaud's name hints at the delights this hill station offers: yeri means "lake" and kaadu means "forest". With an elevation of 1,515m, visitors will marvel at its trekking paths, boating opportunities, and plantations and orchards. Yercaud's botanical garden looks resplendent with the beauty and fragrance of colourful flowers and a diverse array of plant species. Don't miss its famous orchidarium, which has pitcher plants, the kurinji flower, which blooms every 12 years, and the eponymous orchids.

## Kodagu



Popularly known by its former name of Coorg, this hill station in Karnataka is blessed with scenic waterfalls, tall hills, majestic views and sprawling coffee plantations. Often dubbed "the Scotland of India" and home to the town of Bylakuppe, the largest Tibetan settlement in the world outside of Tibet, visitors can check out Abbey Falls, the Dubare Elephant Camp, Raja's Seat, the vantage point of Mandalpatti, the Namdroling Monastery and Omkareshwara Temple. A tour around the town's coffee plantations should not be missed.

## Devikulam



Just 11km from the legendary hill station of Munnar lies another whose velvet lawns and exotic flora and fauna should make it onto your travel itinerary. With an elevation of 1,800m above sea level, Devikulam in Kerala has rolling hills, waterfalls, tea and spice plantations, and the mythical and wondrous Sita Devi Lake. This lake is a holy place as it is believed that Sita bathed here. The Pallivasal Waterfalls, Thoovanam Falls, the Anayirankal Dam and Mattupetty Dam are some of the sites you should visit. The area is also perfect for trout fishing.

## Araku Valley



Araku Valley is a comparatively unexplored hill station some 113km from Vishakhapatnam in Andhra Pradesh. This hidden gem is located in the Eastern Ghats and is home to several tribal communities. Like most other hill stations it is well-known for its exquisite coffee, whose subtle aroma will have you craving a cuppa. Partake in adventure sports, go on a trek or swim to your heart's content in this lush landscape. The Tribal Museum, the million-year-old Borra Caves in the equally majestic Ananthagiri Hills, the Tyda Nature Camp, the Padmapuram Gardens and the Katiki Waterfall should be the must-see spots on your Araku Valley itinerary.

## Ponmudi




If the residents of Thiruvananthapuram travel to Ponmudi regularly for a weekend holiday then you know you've stumbled onto a well-preserved gem. The hill station's mist-shrouded slopes inspire wonder and amazement, and the area has a large collection of rare flora and fauna, including mountain flowers, wild orchids and exotic butterflies. Trekking here is a special delight and there are many trails one can traverse, the most popular of which is the 18km Varayadumotta trek. Stop over at the breathtakingKallar River on the way, which flows parallel to the road in the opposite direction. The picturesque Meenmutty Waterfalls are only a little distance ahead. The Peppara Wildlife Sanctuary, the Golden Valley and Agasthyakoodam, one of the highest peaks of the Western Ghats, are some of Ponmudi's best attractions.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कांग्रेस अलवर में उसी दिन मैदान से बाहर हो गई जब जितेंद्र सिंह ने भूपेंद्र के सामने खुद का टिकट ललित को दिलाया

## भाजपा के धुआंधार प्रचार के आगे कांग्रेस छोड़कर गए नेताओं के डैमेज को कंट्रोल नहीं कर सके कांग्रेस नेता


भूपेंद्र सिंह यादव


फजल हुसैन


ललित यादव

**अलवर, (निसं)।** अलवर चुनाव में कांग्रेस उसी दिन पिछड़ चुकी थी जब भाजपा ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के अलवर से चुनाव लड़ने की घोषणा की और पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह खुद चुनाव मैदान में नहीं उतरकर मुंडावर विधायक ललित यादव को कांग्रेस से प्रत्याशी बनाया था। रही सही कसर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद डा.करण सिंह यादव और भंवर जितेंद्र सिंह के बेहद करीबी अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए।

2014 के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी महंत चांदनाथ के सामने भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव लड़े और हार गए। 2018 में महंत चांदनाथ के निधन के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने भाजपा के डॉक्टर जसवंत यादव के सामने करण सिंह को चुनाव लड़ाया और वह चुनाव जीत गए। करीब 1 साल बाद 2019 में फिर से हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के महंत बालक नाथ योगी के सामने भंवर जितेंद्र सिंह फिर चुनाव लड़े और करीब 3 लाख 28 हजार वोटों से चुनाव हार गए। लोगों का मानना है की भंवर जितेंद्र सिंह खुद चुनाव लडते तो उन्हें दो बार हार की सहानुभूति का वोट मिलता और शायद वह इस बार चुनाव भी जीतते।

अलवर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली आठ विधानसभा क्षेत्र के शहरों में भाजपा की पिछले दो चुनावों से भी अच्छी स्थिति मानी जा रही है। वहीं कांठोस के भंवर जितेंद्र सिंह को शहरों में मिलने वाले वोट भी इस बार जितेंद्र सिंह के मैदान में नहीं होने से कार्यकर्ताओं में जोश नहीं दिखाई पड़ रहा है। इसी का कारण है कि भंवर जितेंद्र सिंह को मिलने वाले वोट भी भाजपा के पक्ष में जाते दिखाई दे रहे हैं।

2019 के चुनाव में 8 विधानसभा वाली अलवर लोकसभा की केवल एक विधानसभा क्षेत्र राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ से कांग्रेस चुनाव जीती थी। इस बार 2024 के चुनाव में भाजपा आठों की आठों विधानसभा में कांग्रेस से आगे है। इसमें सबसे मजबूत स्थिति में अलवर शहर विधानसभा है। जिसमें लोगों का मानना है कि इस बार 50 हजार से ज्यादा वोटों से बीजेपी जीत रही है। मोदी के देश में 400 पार और भूपेंद्र यादव अलवर में 4 लाख पार के नारे की चर्चा विपक्ष में अलवर से जयपुर और जयपुर से दिल्ली तक हो रही है।

- **शहर व कस्बों में भाजपा के पक्ष में माहौल बना है, लोग मोदी व भूपेंद्र की गारंटी पर वोट करेंगे**

कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के पक्ष में प्रियंका वाड्रा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अलवर में रोड शो करने आए, कोई प्रभाव वोटर पर नहीं डाल सके। कांग्रेस की स्थिति मेवात में अच्छी मानी जाती रही है। इस बार के चुनाव में मेवात में भी कांग्रेस बसपा से पीछे दिखाई दे रही है। मेवात के गांव बाघोडा में कांग्रेस के नेता सतपाल मलिक सहित एक दर्जन से अधिक नेता सभा करने पहुंचे परंतु सभा में भीड़ नहीं जुटी।

बसपा प्रत्याशी के समर्थन में अलवर में प्रचार करने पहुंची बसपा सुप्रीमो बहन मायावती के आने से बसपा अलवर में और मजबूत स्थिति में आई है। भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पक्ष में देश के गृहमंत्री अमित शाह हरसोली में सभा करके गए जिसमें 40 से 50 हजार की भीड़ बताई राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नामांकन फॉर्म भरवाने अलवर पहुंचे और चुनाव प्रचार के अंतिम दिन खैरथल में सभा करके गए। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी तिजारा अलवर और राजगढ़ सहित अनेक जगह पर सभा की।

इसके अलावा अलवर प्रभारी व जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत वन पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने अलवर में रहकर भूपेंद्र यादव के चुनाव प्रचार की कमान को संभाल कर रखा है। हरियाणा उत्तर प्रदेश बिहार मध्य प्रदेश आदि अन्य राज्यों से मंत्री भाजपा नेता प्रचार में अलवर पहुंचे हैं। भूपेंद्र यादव ने भी प्रचार करने मोदी गारंटी को घर-घर पहुंचने में कोई कसर नहीं रखी है। अब देखने वाली बात यह होगी की अलवर की जनता किसे जीत का मुकुट पहनाती है।

# सचिन राहड़ बना आईएएस, 291वीं रैंक हासिल की


आईएएस सचिन राहड़ का सम्मान किया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के एल्युमिनाई विद्यार्थी आज भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में उच्च प्रतिष्ठित पदों पर आसीन हैं तथा अपने परिवार, स्कूल एवं जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।

सफलता की इस कड़ी में आज एक और नाम जुड़ गया। जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि झुंझुनूं एकेडमी का एल्युमिनाई छात्र सचिन राहड़ पुत्र सावित्री देवी एवं शुभकरण राहड़ का आईएएस अधिकारी के लिए चयन हुआ है। सचिन की स्कूली शिक्षा झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई में संपन्न हुई। ग्रेजुएशन दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से ऑनर्स फिजिक्स से की तथा मास्टर डिग्री चुरू के लोहिया कॉलेज से जियोग्राफी में एमएससी किया व नेट अथवा जेआरएफ भी क्लियर किया। सचिन एक होनहार विद्यार्थी होने के साथ-साथ ताइक्वांडो व बॉस्केटबॉल के नेशनल खिलाड़ी भी रहे हैं। झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई में ही इन्होंने ताइक्वांडो में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल भी जीते हैं। इसके पश्चात अपने चौथे प्रयास में ऑल इंडिया 291वीं रैंक के साथ क्लियर किया तथा आईएएस अधिकारी बने। शर्मा ने बताया कि 2014 में उनका एनडीए में 281वीं रैंक के साथ चयन हो गया था। परंतु उनको सिविल सर्विसेज में जाना था। इसलिए उन्होंने एनडीए जॉइन नहीं किया। सचिन के बड़े भाई सुनित राहड़ भी झुंझुनूं एकेडमी के ही एल्युमिनाई रहे है। जो वर्तमान में दिल्ली में इनकम टैक्स ऑफिसर हैं तथा इनकी बहन डॉ. मोनिका भी झुंझुनूं एकेडमी की एल्युमिनाई रही है। इनके पिता शुभकरण राहड़ झुंझुनूं जिला परिषद में एक्सईएन पद पर कार्यरत है तथा माता सावित्री देवी सरकारी स्कूल में अध्यापिका हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में सचिन का शानदार स्वागत किया गया।

# गृहमंत्री शाह का उदयपुर में रोड शो आज, पुलिस प्रशासन ने लिया रूट का जायजा

## शाम 6 बजे से देहलीगेट चौराहा से रोड शो शुरू होगा

**उदयपुर, (कासं)।** गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को उदयपुर में पार्टी प्रत्याशी मन्नाराम रावत के समर्थन में रोड शो करेंगे। शाह की इस यात्रा को लेकर पार्टी प्रशासन ने गुरुवार को तैयारियो का जायजा लिया। अधिकारियों ने शाह के रोड शो के रूट पर विजिट करते हुए तैयारियां शुरू कर दी है।

भाजपा के स्थानीय जिला पदाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ सूरजपोल से बापूबाजार होकर देहलीगेट तक दौरा किया। इसमें शाह के रोड शो में वाहनों से लेकर कार्यकर्ताओं की भीड के साथ पूरे कार्यक्रम की जानकारी ली। उसके बाद कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई।

एसपी योगेश गोयल के साथ अन्य अधिकारियों ने रोड शो के रूट से गुजरने वाले वाहनों के डायवर्जन से लेकर इस मार्ग पर सडक सीमा और दुकानों के बाहर खडे रहने वाले वाहनों को लेकर भी चर्चा की गई। इसके अलावा रूट में आने वाले तारों और केबल को लेकर भी देखा गया। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रवीन्द्र श्रीमाली, डिप्टी मेयर पारस सिंघवी और पूर्व पार्षद नानालाल वया आदि ने पूरे रूट को देखा। पुलिस अधिकारियों ने रोड शो के शुरूआती प्वाइंट देहलीगेट से समापन वाले अस्थल चौराहा तक सुरक्षा के माकूल प्रबंध को लेकर भी चर्चा करते हुए नीचे के अधिकारियों को निर्देश दिए।

पुलिस अधिकारियों ने रोड शो के शुरूआती प्वाइंट देहलीगेट से समापन वाले अस्थल चौराहा तक सुरक्षा के माकूल प्रबंध को लेकर भी चर्चा करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा, डिप्टी छगन राजपुरोहित, डिप्टी ट्रैफिक नेत्रपाल सिंह सहित थानाधिकारी साथ थे। भाजपा शहर अध्यक्ष रवीन्द्र श्रीमाली ने बताया कि शुक्रवार शाम को 6 बजे देहलीगेट चौराहा से रोड शो शुरू होगा। रोड शो बैंक तिराहा,बापू बाजार, सूरजपोल होता हुआ अस्थल मंदिर के वहां पर समापन होगा।

# नाबालिग लड़की घर से हुई लापता

**भीलवाड़ा, (निसं)।** कस्बे में 14 साल की नाबालिग लड़की अपने घर से लापता हो गई और अब उसका मोबाइल भी बंद है। लड़की की मां ने उसकी नाबालिग बेटी के अपहरण का अंदेशा जताते हुए पुलिस में रिपोर्ट दी है। मामला जिले के शंभूगढ़ थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाली एक महिला ने रिपोर्ट दी जिसमें उसने बताया कि 15 अप्रैल को उसकी 14 साल की नाबालिग बेटी दोपहर बाद घर से लापता हो गई।

शाम तक भी जब नाबालिग लड़की घर नहीं लौटी तो मां ने अपने मिलने जुलने वाले और अन्य रिश्तेदारों से पूछताछ की लेकिन बेटी का कोई पता नहीं लगा । उसकी बेटी का मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है। महिला ने अपनी बेटी के अपहरण का अंदेशा जताते हुए थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस में महिला की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# बीएपी की एंट्री के बाद उदयपुर सीट पर हो गया त्रिकोणीय रोचक मुकाबला

**उदयपुर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 बिसात बिछ चुकी है, उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए आगामी 26 अप्रैल को 22 लाख 17 हजार से अधिक मतदाता देश की सबसे बडी पंचायत के लिए अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। इसके लिए क्षेत्र के 2230 मतदान केंद्र तथा 23 सहायक मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। मतदान की तिथि करीब आने के साथ ही उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में भी राजनीतिक गतिविधियाँ भी तेज हो गई है।

इस सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बाद भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) द्वारा अपना प्रत्याशी खड़ा करने के बाद मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। बीएपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लाल रोत ने भील मुक्ति मोर्चा के सक्रिय युवा कार्यकर्ता प्रकाश चंद बुझ को बीएपी का उदयपुर सीट से उम्मीदवार घोषित किया है, बुझ धरियावाद उपखंड के झालरा गाँव के निवासी है। कांग्रेस पूर्व कलेक्टर ताराचंद मीणा को तथा भाजपा परिवहन उपायुक्त मन्नालाल रावत को अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। बीएपी की एंट्री के बाद यहाँ मुकाबला त्रिकोणीय संघर्ष के साथ ही रोचक भी हो गया है क्योकि आदिवासी बाहुल्य इस सीट पर आदिवासी मतो के विभाजन के बाद सामान्य वर्ग के मतो की जीत-हार में मुख्य भूमिका होगी।तीनो ही उम्मीदवार उदयपुर जिले के मूल निवासी नही है कांग्रेस के मीणा जहाँ पाली जिले के निवासी है वही भाजपा के रावत और बीएपी के बुझ दोनों ही प्रतापगढ़ जिले के निवासी है ।क्षेत्रीय समीकरण भी हार-जीत में अहम भूमिका अदा करेंगे। अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए कांग्रेस द्वारा बाप के साथ किया गया समझौता यदि निभाया जाता है तो यहाँ परिणाम चौकाने वाला हो सकता है लेकिन इसकी उम्मीद कम है क्योकि कांग्रेस और बाप दोनों के कार्यकर्ताओ में अभी तक ताल-मेल देखने को नही मिला है वही भाजपा अपना राजनीतिक धरातल मजबूत करने के साथ ही योजनाबद्ध तरीके से मतदाताओ को आकर्षित करने में जुटी है ।

- **सबसे कम वोटर उदयपुर शहर क्षेत्र में और सर्वाधिक खैरवाडा क्षेत्र में**

आजादी के बाद उदयपुर में पहला लोकसभा चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय कांग्रेस के बलवंत सिंह मेहता सांसद चुने गए थे। हालांकि 1957 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशी बदलकर दीनबंधु परमार को मैदान में उतारा और विजयी हुए। इसके बाद 1962 और 1967 के चुनाव में कांग्रेस ने फिर प्रत्याशी बदला और धुलेश्वर मीणा को सांसद बनाया, 1971 में पहली बार भारतीय जनसंघ ने यहां से खाता खोला और लालजी भाई मीणा यहां से सांसद चुने गए। फिर 1977 के चुनाव में जनता पार्टी के टिकट पर भानु कुमार शास्त्री और 1980 के चुनाव में कांग्रेस के मोहनलाल सुखाड़िया यहां से चुने गए थे । फिर 1984 का चुनाव हुआ तो कांग्रेस के ही इंदुबाला सुखाडिया और 1989 के चुनाव में भाजपा के गुलाबचंद कटारिया को संसद जाने का मौका मिला।

# दो व्यक्तियों ने फांसी लगाई

**जोधपुर, (कासं)।** नागौरी गेट एवं प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में दो व्यक्तियों ने घरों में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। नागौरी गेट थाने में दी रिपोर्ट में तिलक नगर वाल्मिकी बस्ती निवासी अमित पुत्र रामकिशन वाल्मिकी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने घर पर फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की सूचना पर नागौरी गेट पुलिस वहां पहुंची। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। इस बारे में मर्ग की कार्रवाई की गई। दूसरी तरफ प्रतापनगर सदर थाने में दी रिपोर्ट में बापू कॉलोनी न्यू कोहिनूर सिनेमा के सामने रहने वाले हिदायत अली पुत्र असगर अली ने पुलिस को बताया कि उसके भाई गनी मोहम्मद (40) ने घर में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है।

## वाहन चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट में वाहन चोरों ने तीन जगहों से गाडिय़ां चुराई। संबंधित थानों में इस बाबत केस दर्ज करवाया गया है। मथानिया पुलिस ने बताया कि मांडियाईखुर्द निवासी पारसपुरी पुत्र खिंवपुरी गोस्वामी ने रिपोर्ट दी कि उसकी बाइक घर के बाहर से अज्ञात शख्स चुराकर ले गया। दूसरी तरफ पीपाड़ शहर निवासी सुशीला पत्नी श्रवणराम जाट ने देवनगर पुलिस को बताया कि प्रथम पुलिया रंगोली शॉपी के पास गली में खड़ी की उसकी स्कूटी को 17 अप्रेल की शाम को चोरी हो गई।

# कुत्तों ने नीलगाय को नोंचकर गम्भीर घायल किया

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा उपखंड के ग्राम रामगढ़ के पास गुरुवार को कुत्तों के हमले से नीलगाय घायल हो गई। जिसका गौ सेवकों ने उपचार कर गौ शाला में भेजा।

ग्राम रामगढ़ के पास गुरुवार को कुत्तों के झुंड ने जंगल से गुजर रही नीलगाय पर हमला कर बुरी तरह नोंच दिया। जिससे वह गभ्भीर रूप से घायल हो गई। जिसकी जानकारी मिलने पर मसूदा गौ सेवक टीम मौके पर पहुंची एवं घायल नीलगाय का उपचार करके उसे पशु वेन की मदद से मसूदा गौ शाला पहुंचाया एवं नीलगाय की देखभाल शुरू की।

# चारभुजा नाथ का मेला व वार्षिक उत्सव संपन्न, मंदिर फूलों से सजाया

**पाली, (नि.सं.)।** खांगडी गांव में श्री चारभुजा नाथ भगवान का वार्षिकोत्सव व क्षत्रिय घांची समाज के बैनर तले महासभा आनंद सोलंकी की अध्यक्षता में विधिगत पूजा अर्चना के साथ मेला महोत्सव व स्नेह मिलन समारोह हुआ। पहली बार छप्पन भोज का प्रसाद व चारभुजा नाथ और गोमारामजी महाराज का मंदिर विदेशी फूलों से सजाया।

मीडिया प्रभारी प्रवक्ता जितेंद्र भाटी ने बताया कि मंदिर प्रांगण स्थिर पांडाल में गणपति देव की तस्वीर समक्ष गणपति देव की पूजा जगदीश परमार चाणोद ने दीप प्रगटाकर व उदघाटनकर्ता डॉक्टर मुकेश भाटी ने सरस्वती माता की पूजा दीप प्रगटाकर कार्यकर्म का शुभारंभ किया।

समारोह में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ,विशिष्ट अतिथि पी.पी.चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष मंछाराम परमार, पूर्व जिला प्रमुख अन्नाराम बोराणा, पूर्व संगीत नाटक अकादमी अध्यक्ष रमेश बोराणा, नगर पालिका अध्यक्ष वजिंगराम घांची, सरपंच ग्राम पंचायत पूजा देवासी , जुगल किशोर भाटी, गौरी शंकर बोराणा, ज्ञानेश्वर भाटी, गणेश बोराणा, कन्हैयालाल गेहलोत,जगदीश परिहार, सुरेश भाटी, पोलाराम बोराणा, जयंती लाल परमार, हनुमान भाटी, डॉक्टर आशीष मोदी, डॉक्टर देवल पटेल, डॉक्टर रौनक सुराणा ने शिरकत की।

अतिथि व भामाशाह का बहुमान किया गया। मेले में चाट बाजार सजा। थाना अधिकारी लक्ष्मणसिंह की टीम मौजूद रही। इस मौके पर महासभा मुख्य भोजन प्रसादी के लाभार्थी मोहनलाल गेहलोत, रात्रि भोजन प्रसादी लाभार्थी मोहनलाल परिहार, नाश्ता के लाभार्थी नेनमल जे बोराणा, आमंत्रण पत्रिका लाभार्थी श्यामजी गेहलोत, साफा चुंदड़ी व शॉल के लाभार्थी हीराराम सोलंकी, जल व्यवस्था के लाभार्थी पदमाराम रताजी गेहलोत, चाय कॉफी के लाभार्थी केसीबाई डूंगाराम भाटी, फोटो व वीडियोग्राफी के लाभार्थी आशीष मोदी, महाआरती के लाभार्थी महेंद्र राठौर, होडिंग बैनर के लाभार्थी सीएलजी ग्रुप ( छगनजी गेहलोत) , मोमेंटो लाभार्थी हीरालाल देवड़ा, चारभुजा नाथ रथ व साधु संतों के बहुमान के लाभार्थी रतनजी सोलंकी, गोमाराम महाराज रथ के लाभार्थी गुलाबजी सोलंकी, पूरणदास महाराज रथ के लाभार्थी गणपत राठौर आदि भामाशाहों ने सहयोग दिया।

# सूने मकान से जेवरात और नकदी चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के बनाड़ स्थित नांदड़ी क्षेत्र में एक मकान में चोरों ने सूने मकान के ताले तोडक़र वहां से आभूषण एवं पांच हजार की नगदी को चुराया। इस बारे में मकान मालिक की तरफ से पुलिस में रिपोर्ट दी गई। बलराम नगर नांदड़ी निवासी राधाकृष्ण पुत्र रामचन्द्र प्रजापत ने पुलिस को बताया कि 15 अप्रेल की रात्रि के समय नकबजनों ने उसके सूने मकान के ताले तोडक़र अलमारी और बक्से में रखे सोने चांदी के जेवरात और पांच हजार की नकदी चुराकर ले गए। चोरी गए आभूषण का ब्यौरा नहीं दिया गया है। घर दो दिन से सूना था।

# यू.पी.एस.सी में चयनित रूपाली सुराणा का सम्मान किया


यूपीएससी में चयनित होने पर वर्द्धमान शिक्षण समिति ने छात्रा रूपाली सुराणा को सम्मानित किया।

**ब्यावर, (निसं)।** श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संकुल में अध्ययनरत पूर्व छात्रा रूपाली सुराणा के यू.पी.एस.सी में चयनित होने के अवसर पर वर्द्धमान सभागर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने ब्यावर के लिए इसे गौरवशाली पल बताते हुए कहा कि गुरूजनों की प्रेरणा, कड़ी मेहनत, एवं लक्ष्य के प्रति सजगता के द्वारा ही इस सफलता को प्राप्त किया जा सकता है।

भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सै. स्कूल की पूर्व छात्रा व वर्द्धमान की शान रूपाली सुराणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में विद्यालय एक अहम भूमिका निभाता है। यहां से ही प्रारंभिक शुरूआत कर गुरूजनों के सहयोग से विद्यार्थी ऊंचाईयों को छूता है। उनकी इस उपलब्धि पर भंवरलाल गोठी पब्लिक सी. सै. स्कूल की निदेशक प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने रूपाली के विद्यार्थी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रूपाली शुरूआत से ही पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रूचि रखती थी, उन्होंने बताया कि रूपाली हेण्ड बॉल टीम की महत्वपूर्ण खिलाड़ी थी और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। सर्वप्रथम रूपाली सुराणा का भंवरलाल गोठी सी.सै. स्कूल प्रांगण में स्वागत किया गया तत्पश्चात् महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचते ही मुख्य द्वार पर तिलक लगाकर विद्यालय बैण्ड द्वारा स्वागत सत्कार किया गया।

वर्द्धमान सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा सुराणा परिवार व भीलवाड़ा से पधारे जैन परिवार के सदस्यों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया । रूपाली सुराणा व उनके पति आई.पी.एस अमृत जैन का स्मृति चिन्ह भेंट कर साफा व शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर .सी लोढ़ा ने इस क्षण को वर्द्धमान परिवार के लिए स्वर्णिम पल बताते हुए कहा कि छात्राएं हमारे देश का भविष्य है, जिनके दम पर हमारा देश सफलता के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम का मंच संचालन पूजा कांजानी द्वारा किया गया।

# 172 अभ्यर्थियों का काउंसलिंग कार्यक्रम जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सांख्यिकी अधिकारी (सांख्यिकी विभाग) भर्ती परीक्षा के तहत जारी विचारित सूची में सम्मिलित 172 अभ्यर्थियों का काउंसलिंग कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इन अभ्यर्थियों की पात्रता जांच 29 अप्रेल से 3 मई 2024 एवं 6 मई से 7 मई 2024 तक की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा उक्त पदों के लिए 8 अप्रेल 2024 को पात्रता जांच के लिए अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी की गई थी। इस सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए आयोग वेबसाइट से काउंसलिंग लेटर, ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति, निर्धारित प्रारूप में जारी अनुभव प्रमाण-पत्र मय कार्य विवरण/कार्य आदेश, रूपये 50/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पर जारी निर्धारित शपथ-पत्र, विस्तृत आवेदन-पत्र एवं आवश्यक दिशा-निर्देश डाउनलोड कर विस्तृत आवेदन-पत्र समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर विस्तृत आवेदन पत्र हेतु ऑनलाइन शुल्क रु 50/- की रसीद सहित संबंधित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न कर मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक को आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।

# करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी इन्दू देवी की जीत की संभावना

## कांग्रेस प्रत्याशी के बाहरी क्षेत्र के होने का लाभ भाजपा को मिल सकता है


इन्दू देवी जाटव


भजनलाल जाटव

**करौली, (नि.स.)।** करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा और कांग्रेस की आमने-सामने की टक्कर मे भाजपा प्रत्याशी इन्दू देवी जाटव के स्थानीय और महिला होने एवं मोदी लहर के अलावा कांग्रेस के बाहरी प्रत्याशी होने का सीधा-सीधा लाभ मिलने के आसार बनने से भाजपा प्रत्यासी की जीत की संभावना बनी।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण मे करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र मे आज शुक्रवार को मतदान होगा। जिसमें लोकसभा क्षेत्र करौली धौलपुर के चुनाव मैदान मे खड़े भाजपा प्रत्याशी इन्दूदेवी जाटव, कांग्रेस प्रत्यासी पूर्व मंत्री भजन लाल जाटव, बसपा प्रत्याशी विक्रम सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी रामखिलाड़ी धोबी के भाग्य का फैसला मतदाता मतदान कर करेंगे। वैसे चारों प्रत्याशियों में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी की ही आमने-सामने की टक्कर मानी जा रही है। जिन दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में गत दो सप्ताह से भाजपा और कांग्रेस के राज्यस्तरीय और केन्द्र स्तरीय नेताओं ने पूरी दमखम लगा दी है। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन मे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा, गृहराज्यमंत्री जवाहरसिंह वेडम, खण्डार विधायक जितेन्द्र सिंह गोठवाल, करौली कि पूर्व विधायक रोहिणी देवी, संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय शहस्त्र बुद्धे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी सहित राजस्थान के भाजपा के बड़े नेताओं के अलावा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र मे चुनावी दौरा कर चुके है और लगातार क्षेत्र की रिपोर्ट ले रहे हैं। केन्द्र और राज्य मे भाजपा की सरकार होने से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहित उपमुख्यमंत्री एवं सरकार के मंत्रीयों की प्रतिष्ठा दाव पर लगी हुई है।

उधर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री भजन लाल के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलेट के अलावा कांग्रेस के पूर्व मंत्री चुनावी दौरा कर चुके हैं। इनके अलावा करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पांच वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में लगातार मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए हैं। इतना होने के उपरान्त करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी इंदुदेवी जाटव की जीत होने की संभावना बनती देखी जा रही है। क्योंकि भाजपा प्रत्याशी को करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र का स्थानीय होने एवं महिला प्रत्यासी होने एवं पूरे देश में मोदी लहर चलने एवं कांग्रेस प्रत्याशी के बाहरी होने का भी भाजपा प्रत्याशी को जीत का लाभ मिलने की संभावना कि क्षेत्र में पूरी चर्चा सुनी जा रही है।

वैसे करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र मे आज प्रत्याशियों कि हार जीत का फैसला मतदाता मतदान कर करेंगे। जिनके भाग्य का फैसला आज मतदान के बाद ईवीएम मषीन मे बंद हो जायेगा। जिसका फैसला 4 मई 2024 को मतगणना के बाद जनता के सामने आयेगा। लेकिन आज शुक्रवार को होने वाले मतदान से पूर्व क्षेत्र मे भाजपा के समर्थन में अधिक मतदान होने कि चर्चा से भाजपा प्रत्याशी के जीत की संभावना है। हालाकि भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के हार जीत की क्षेत्र मे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से संवाददाताओं कि हुई चर्चा मे कांग्रेस प्रत्याशी के क्षेत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को चुनाव-प्रचार में स्थान नहीं देने एवं क्षेत्र में जनसंपर्क नहीं करना सामने निकल कर आ रहा हैं। जिसका कांग्रेस प्रत्याशी को खामियाजा उठाने कि संभावना जताई जा रही है।

## संक्षिप्त

### अवैध हथियार जब्त, एक गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। थाना निवाई क्षेत्र में कस्बा निवाई से अवैध हथियार एक नंगी तलवार लेकर घुमता पाया जाने पर एक व्यक्ति को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया। निवाई थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि थाना निवाई क्षेत्र मे लोकसभा चुनावो को मध्येनजर रखते हुये अपराधियों की धरपकड एवं अवैध आर्म्स व सक्रिय अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत गठित विशेष टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी इन्द्र कुमार सिंधी पुत्र मोहन दास सिंधी जाति सिंधी उम्र 30 साल निवासी इन्द्रा कोलोनी गली न. 03 निवाई को अवैध तलवार सहित गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान जारी है।

### भाजपा की योजनाएं बताई

**निवाई,** (निसं)। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष व जिला प्रवास प्रमुख राजकुमारी शर्मा ने टोंक विधानसभा में प्रवास करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने मोदी के पक्ष में 26 अप्रेल को प्रत्याशी जौनपुरिया के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर अजमेर संभाग आईटी सेल प्रभारी जूली शर्मा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष किरण सोनी व महामंत्री ममता शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### सफाईकर्मियों का किया सम्मान

**टोंक,** (निसं)। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर टोंक नगर परिषद द्वारा सफाईकर्मियों को शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। टोंक नगर परिषद, आयुक्त ममता नागर ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि डॉ. अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर सीवर व सैफ्टी टेंक व कचरा बिनने वाले, झाडु लगाने वाले सफाईकर्मियों को शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही नमस्ते योजना के अर्न्तगत पीपीई किट भी वितरित किये गये। इस अवसर पर सहायक अभियन्ता भंवरलाल सैनी, स्वास्थ्य निरीक्षक कुलदीप चावरिया, एमआईएस मोहम्मद अमीनुद्दीन की देखरेख कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### दादूवाणी की निकली शोभायात्रा

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के देशमी गांव में गुरूवार को दादूवाणी को नवीन मंदिर में पुनः स्थापित करने से पूर्व भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मे पहुंचे दादू पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज नरेणा धाम मे मौजूद अपार जनसमुह को दादूवाणी से लाभान्वित करते हुये कहा कि धर्मरूपी वृक्ष की जडे हमेशा हरी रहती है। धर्म का वृक्ष कभी सुखता नही है। मनुष्य को अपनी आजीविका मे से एक हिस्सा धर्म के नाम पर खर्च अवश्य करना चाहिये। लक्ष्मी जो कि चंचल होती है।

# विद्युत लाइन में फाल्ट आने से लगी आग, दो कच्चे घर जलकर राख



स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलावाने की मांग की।

- नगरपालिका की दमकल ने बुझाई आग, करीब डेढ़ लाख का नुकसान
- सकरा रास्ता होने से अटक गई दमकल, 11 हजार बिजली की लाइन से पहले भी दो बार हो चुके है हादसे

**शाहपुरा,** (निसं)। शाहपुरा के वार्ड नंबर 5 में स्थित मालियों की ढाणी ऊपला बाढ में गुरूवार को सुबह साढे 9 बजे 11 हजार की बिजली लाईन में फाल्ट आने से अचानक आग लग गई जिससे दो कच्चे घर जलकर राख हो गये। आग से करीब डेढ़ लाख रूपये का नुकसान हो गया। आग की सूचना दमकल विभाग, बिजली विभाग व नगरपालिका के चेयरमैन बंशीधर सैनी को दी गई जिस पर चेयरमैन ने दमकल भेजकर आग को बुझवाया। आगजनी की घटना से पीडित परिवार राजेंद्र सैनी, विनोद, परमानंद, सुरेश, ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि आग से दो कच्चे घरों के छप्पर, दो पिकअप चारे की जो कल ही 60 हजार रूपये में डलवाये थे।

इसके अलावा दो पंखे, एक कूलर, एक चारा छानने की मशीन, ट्रक के तिरपाल, दो प्लास्टिक की पानी की टंकी, पाँच प्लास्टिक की करेट, गटर बाथरुम की छत की पट्टी, छत पर रखी प्लास्टिक की टंकी सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार व स्थानीय लोगों ने बताया कि 11 हजार की बिजली लाईन से पहले भी दो बार हादसे हो चुके है। गुरूवार को भी बिजली लाइन में फाल्ट आने से आग की चिंगारी उछलकर कच्चे घरों के छप्पर पर गिर गई जिससे अचानक आग लग गयी। आग को बुझाने के लिए आस-पास के सैकडों लोग पहुँच गये लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे आग पर काबू नहीं पाया गया। शाहपुरा नगरपालिका अग्निशमन प्रभारी बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि आग लगने की सूचना आई तो तुरंत दमकल भेजी गई और आग पर काबू पाया गया। इस दौरान आग बुझाने आई दमकल को रास्ता नही मिलने से दमकल बीच में ही रूक गई। बाद में दमकल को दूर खडी करके आग बुझाई गई। सुरेश सैनी ने बताया कि उनके मकान के सामने ही 11 हजार वाली डिपी रखी हुई जिससे आये दिन चिन्गारी उठती रहती है। यहाँ पर दो बार पहले भी आगजनी की घटनाएं हो चुकी है। एक बार पहले भी बिजली का तार टूटकर मुख्य आम रास्ते सडक पर गिर गया था जिससे एक बडा हादसा होते-होते बचा था। यहाँ से 11 हजार बिजली की लाईन को हटवाने के लिए पूर्व में भी लोगों ने लिखित में बिजली विभाग के जेईएन, एईएन व लाइनमैन को अवगत करा चुके है इसके बावजूद भी कोई सुनवाई नही हो रही है। आगजनी घटना की सूचना विधायक मनीष यादव, चेयरमैन बंशीधर सैनी, शाहपुरा पटवारी को भी दी गई लेकिन लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने के कारण कोई भी मौके पर नही पहुँचे। इस दौरान विधायक मनीष यादव के निजी पीए मौके पर पहुँचे और पीडित परिवार से मिले। उन्होंने पीडित परिवार को प्रशासन से मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, विजयपाल सैनी, एडवोकेट मुकेश कुमार सैनी, मेघाराम सैनी, सब्जी मंडी शाहपुरा अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, मोठूराम सैनी सहित स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीडित परिवार को उचित मुआवजा दिलावाने की मांग की है।

### विहिप व बजरंग दल का जनसंपर्क

**चाकसू,**(निसं)। श्री राम जन्मोत्सव समिति चाकसू के तत्वावधान में आगामी 21 अप्रेल को प्रातः 9 बजे कस्बे मे भगवान श्री राम की शोभा यात्रा व विशाल भगवा वाहन रैली निकाली जाएगी।

शोभायात्रा व वाहन रैली चम्पेश्वर महादेव मन्दिर (गणेशपुरी धाम) से प्रारंभ होकर कोटखावदा मोड, मुख्य बाजार, राम मन्दिर-तहसील चौराहा, सब्जी मंडी, गांधी स्मारक रोड, फागी मोड, ज्योतिबा फुले सर्किल, टोंक रोड होते हुए नीलकंठ महादेव मन्दिर पहुंचेगी, जहाँ महाआरती के बाद शोभायात्रा का समापन होगा। विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल के स्थानीय कार्यकर्त्ता शोभायात्रा को लेकर लोगो से संपर्क करने मे जुटे हुए है और अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा मे शामिल होने का आव्हान कर रहे है।

# मकान व कच्ची झोपड़ी में लगी आग, आठ बकरी सहित घरेलू सामान राख



विधायक के पुत्र आशीष धनकड़ ने मौके पर पहुँच पीड़ित परिवार के लोगों से मिलकर जानकारी ली।

- पीड़ित को मुआवजा दिलाये जाने का दिया आश्वासन

**पावटा,** (निसं)। ग्राम पंचायत टोरडा गुजरान में राजेंद्र गुर्जर पुत्र गणपत लाल गुर्जर के निजी मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग के कारण आग की लपटो में आठ बकरियां बच्चों समेत अनाज की बोरियां, पशुओं का चारा जलकर राख हो गया। सूचना पर मौके पर पहुँचे फायर ड्राइवर सतवीर सिंह, फायरमैन होलाराम गुर्जर, सत्यवीर सिंह व राहुल संगेलिया ने समय रहते हुए आग बुझाते हुए बड़ा हादसा होने से बचाया तथा आग पर काबू पाया।

वही ग्राम पंचायत भांकरी क्षेत्र में भांकरी रोड के पास ढाणी माछा वाली मीना की ढाणी में बुधवार मध्यरात्रि बाद महेंद्र यादव पुत्र मोहन लाल यादव की कच्ची झोपडी में लगी आग से मवेशी झुलस गए व अनाज की बोरियां, पशुओं का चारा एवं एक मोटरसाइकिल जलकर राख हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल व शिफ्ट प्रभारी प्रकाश सिंह शेखावत फायरमैन विकास और चालक सतवीर सिंह ने आग पर काबू किया। वही विधायक कुलदीप धनकड के पुत्र आशीष धनकड ने मौके पर पहुँच मौके की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को सूचित किया व पीडित परिवार के लोगों से मिलकर जानकारी ली व संबधित अधिकारियों से बात करके शीघ्र यथासंभव सहायता के लिए बातचीत की। वही आग लगने की सूचना पर पटवारी ने मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लेते हुए पीडित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन देते हुए सांत्वना दी।

# विद्यार्थियों ने रैली निकाल मतदान के प्रति जागरूक किया



रैली द्वारा मतदान के प्रति जागरूक किया व वोट देने की अपील की।

- विभिन्न नारो के माध्यम से वोट का महत्व बताया

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे में निमोडिया रोड स्थित अपनत्व फ्यूचर जॉन एकेडमी के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और वोट देने की अपील की। छात्र-छात्राओं ने सब काम छोड दो सबसे पहले वोट दो, प्रजातंत्र से नाता है, भारत के मतदाता है, मतवाला मतदाता है, आओ मिलकर अलख जगाए शत प्रतिशत मतदान कराए आदि नारे के माध्यम से वोट के लिए प्रेरित किया।

जागरूकता बैनर के साथ बच्चे विद्यालय परिसर से रवाना हुए। कस्बे के विभिन्न रास्तों पर मतदाताओं को जागरूक किया। शिक्षकों ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि मतदान संवैधानिक अधिकार है जो देश के नागरिक को प्राप्त है। मतदाता मतदान कर अच्छी सरकार चुनता है जिससे देश का विकास होता है इसलिए जरूरी है कि हम सभी शत प्रतिशत मतदान करें रैली में स्कूली बच्चों के हाथों में पंपलेट, पोस्टर लेकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

### मतदान की शपथ दिलवाई




संस्था के प्रिंसिपल ने मतदान की शपथ दिलवाई गई।

**मनोहरपुर,** (निसं)। सीकर के पिपराली रोड स्थित श्री एजुकेशन एकेडमी में प्रशासन और मदद फाउंडेशन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रिंसिपल गरिमा जांगिड द्वारा सभी स्टॉफ को मतदान की शपथ दिलवाई गई। डायरेक्टर महेश कुमार जांगिड ने कहा की हमारे देश में लोकतंत्र है जिसमें 18 साल की उम्र से ऊपर सभी को वोट देने का अधिकार है। मतदान महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक अधिकार है और लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। व्यक्तियों की पीढ़ियों ने इस बुनियादी अधिकार के लिए संघर्ष किया है, मार्च किया है और विरोध किया है। इसलिए इसके महत्व को समझे और मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करें। संस्था एडमिन गणपत सिंह द्वारा सभी संस्था के सदस्यों और प्रदेशवासियों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की है। संस्था से कमला जांगिड़ पवन सैनी प्रेम सैनी प्रदीप जांगिड़ सज्जन कुमार असमान कंवर अभिषेक सैनी सीपी जांगिड गोरा कुमावत मंजू सैनी केपी शर्मा पलक जांगिड ऋतु नायक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर-एसपी ने चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं एसपी वंदिता राणा ने गोनेडा, रायपुर, भगवाडी-कला नाका चेक पोस्ट सहित नाकाबंदी की व्यवस्था का निरीक्षण किया।

- स्टेटिक सर्विलांस टीम को सतर्क होकर जांच करने के दिये निर्देश

**कोटपूतली,** (निसं)। लोकसभा चुनाव को लेकर कोटपूतली-बहरोड जिले में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु बॉर्डर चेक पोस्ट सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में नाकाबंदी की व्यवस्था जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा की गई। बुधवार देर रात्रि जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं एसपी वंदिता राणा ने गोनेडा, रायपुर, भगवाडी-कला नाका चेक पोस्ट सहित नाकाबंदी की व्यवस्था का निरीक्षण किया।

मौके पर पहुंचकर वाहनों की आवाजाही के रिकॉर्ड संधारण की जांच की। उन्होंने व्यवस्था में तैनात स्टेटिक सर्विलांस टीम को सतर्क होकर जांच करने के निर्देश दिये। कलेक्टर व एसपी ने निरीक्षण के दौरान एसएसटी टीम के दल प्रभारी तथा पुलिस की टीम से चर्चा की। लगातार टीम के द्वारा जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अच्छे से कार्य कर रहे हैं, अपनी पैनी नजर आने जाने वाले वाहनों पर बनाये रखें। एसपी वंदिता राणा ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जायें। साथ ही आम नागरिकों से शालीनतापूर्वक व्यवहार करते हुए जांच करें। चेकिंग की कार्यवाही आदर्श आचार संहिता के तारतम्य में एनडीपीएस, शराब, धन, कीमती सामान जो जिले के अंदर लाकर निर्वाचन को प्रभावित कर सकते हैं, उनकी निगरानी की जा रही है। जिले के एंट्री और एक्जिट पॉइंट्स की निगरानी की जा रही है। इस दौरान संबंधित ड्यूटी पोस्टों पर पुलिस कार्मिक तथा पैरामिलिट्री के जवान मौजुद रहे।

### सड़क दुघर्टना में एक की मौत

**टोंक,** (निसं)। मेहन्दवास थाना क्षेत्र के छान से टोडारायसिंह जाने वाली सडक मार्ग पर दो मोटरसाईकिल वाहनों की आमने-सामने भिडन्त में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा तीन घायल हो गये। थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि अजय पुत्र कमलेश शर्मा निवासी बांदीकुई थाना बांदीकुई जिला दोसा अपनी मोटरसाईकिल वाहन से टोडारायसिंह की तरफ से आ रहे थे। उनके साथ सत्यनारायण पुत्र रामदयाल भी साथ में थे, कि सामने से सडक मार्ग पर आ रहे बाइक सवार भंवर लाल पुत्र जगदीश जाट व एक महिला भी उनकी साथ थी।

### प्रयागराज-बीकानेर एक्सप्रेस का ठहराव

**गोविंदगढ /अलवर,** (निसं)। कस्बे की बहुत ही लंबी लगभग 12 वर्षो से चल रही प्रयागराज बीकानेर एक्सप्रेस के इस्टॉपिज के लिए लडाई लडी जिसमें भाजपा के लोकप्रिय नेता भूपेंद्र यादव द्वारा लोकसभा चुनाव से पहले ही सौगात दे दी। 18 अप्रैल गुरुवार को गोविंदगढ रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज बीकानेर एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया है। जिसका समय सुबह 8:21 को गोविंदगढ आएगी और शाम को 6:11 पर गोबिंदगढ आएगी जिसके लिए क्षेत्र की जनता भूपेंद्र यादव जय आहूजा रामहेत यादव एवं समस्त पूर्व नेताओं द्वारा किए गए प्रयासों का धन्यवाद प्रकट करती है। इस मौके पर रेलवे स्टेशन गोविंदगढ पर मंडल अध्यक्ष रवि शर्मा कुलदीप शर्मा गोविंद गौतम मीडिया प्रभारी मंडल गोबिंदगढ जय राम गुर्जर बडबरा लोकेश गुर्जर बिदुका मोहित बटवाडा श्याम खत्री सिब्बी सैनी प्रकाश शर्मा गोपाला सोनी सचिन शर्मा सभी लोग खुशी से झूम उठे और जय श्री राम के नारे लगाए जयपुर के लिए काफी यात्रियों ने यात्रा टिकट लेकर जयपुर के लिए बैठे। उस समय उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। यात्रियों ने बताया कि लगभग 12 वर्ष बाद गोविंदगढ कस्बे को इस ट्रेन के रुकने से काफी खुशी की लहर देखी गई।


**उठावनी**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती पुष्पा अग्रवाल** का स्वर्गवास दिनांक 17.04.2024 को हो गया है। जिनकी उठावनी दिनांक 19.04.2024 को नीलकंठ महादेव पार्क, हीरा नगर D.C.M. अजमेर रोड, जयपुर पर सांय 4 से 5 बजे होगी।

**शोकाकुलः** भगवान दास (पति), सुनील कुमार (देवर), जय प्रकाश-पूजा (पुत्र-पुत्रवधु), कमलेश (ननद), अनुराधा-सतेंद्र (पुत्री-दामाद), दिव्या, शुभ (पौत्री-पौत्र), विनायक-तनिष्का (दोहिता-दोहिती) एवं समस्त अग्रवाल परिवार आगरा वाले।

मो.: 9314645615-9829095596

**फर्म** : अक्षत एंटरप्राइजेज

**मायका पक्ष** : राम किशोर (भाई), आशीष, अतुल, पीयूष अग्रवाल (भतीजे) मो. 9837705178 फर्म : स्नेह होम्यो स्टोर, आगरा

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**

**RAGHUKUL COLLEGE OF EDUCATION**
Ph.: 9928680648, www.raghukulcollege.co.in
Reg.No.191/JAIPUR/2010 Date:18/4/2024

**आम सूचना** डॉ. चन्द्रमोहन सारस्वत पुत्र श्री शिवचरण लाल सारस्वत को सूचित किया जाता है जो कि रघुकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पीपलाबाई का बाढ, जयपुर में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे वह लम्बे अन्तराल से बिना किसी सूचना एवं बिना किसी स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित चलते आ रहे है। इस संदर्भ में आपको पूर्व में पत्राचार एवं ईमेल द्वारा सूचित किया जा चुका है इस के पश्चात् भी आप ने अभी तक महाविद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज नही कराई है। महाविद्यालय में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहना स्पष्ट करता है कि आप प्राचार्य पद पर कार्य करना नही चाहते है।
अतः इस सूचना के प्रकाशन के पश्चात् 7 दिवस के भीतर आप महाविद्यालय मे अपनी उपस्थिति दर्ज करवाये। अन्यथा म्याद गुजरने के पश्चात् आपको स्वतः ही सेवामुक्त माना जायेगा। तत्पश्चात कोई भी आपत्ती मान्य नही होगी सूचित रहे। यह अन्तिम सूचना है।
सचिव-रघुकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पीपलाबाई का बाढ, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं. 149-बी-2, वासुदेव पुरी-ए, झोटवाड़ा, जयपुर में स्थित है, कुल क्षेत्रफल 90.44 वर्गगज है। यह कि प्लॉट नम्बर 149-बी, कुल क्षेत्रफल 166.66 वर्गगज सर्वप्रथम राजस्थान सिंधु नगर को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि. द्वारा नन्दकिशोर शर्मा को आवंटित किया गया, उसके उपरान्त नन्दकिशोर शर्मा ने प्लॉट नं. 149 बी-2, कुल क्षेत्रफल 83.66 वर्गगज के बाबत् पंजीकृत वसीयतनामा 10.09.2013 को अपने पुत्र विजय शर्मा के हित में कर दिया, तत्पश्चात् प्लॉट न. 149-बी-2, कुल क्षेत्रफल 90.44 वर्गगज का पट्टा विलेख 01.10.2013 को जे.डी.ए. जयपुर द्वारा नन्दकिशोर शर्मा के हित में जारी किया गया। नन्दकिशोर शर्मा का स्वर्गवास 28.10.2016 को हो गया तथा उनकी पत्नि प्रेमलता शर्मा का स्वर्गवास पूर्व में हो चुका था। नन्दकिशोर शर्मा के स्वर्गवास के पश्चात् उक्त सम्पत्ति में उनके विधिक व कानूनी उत्तराधिकारियों/ वारिसान में उनकी पुत्री कविता गौड़ व दो पुत्र विजय शर्मा एवं विकास महर्षि संयुक्त मालिक, स्वामी हुए। तत्पश्चात् कविता गौड़ व विकास महर्षि ने अपने-अपने हिस्से का हक त्याग जरिये पंजीकृत हक त्याग द्वारा 06.02.2024 को विजय शर्मा के हित में त्याग कर दिया। इस प्रकार विजय शर्मा उक्त सम्पत्ति का एकमात्र मालिक, स्वामी व अधिकारी है। विजय शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति पर एच.डी.एफ.सी बैंक लि. से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। यह कि उक्त सम्पत्ति बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, वित्तिय संस्था, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई वारिसान, जनसाधारण, इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, एतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मुझसे व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपत्ति / ऐतराजात मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें। सात दिवस की अवधि के पश्चात् इस आम सूचना बाबत् कोई भी आपत्ति/ ऐतराजात किसी भी न्यायालय में शून्य व निरस्त समझी जायेगी।
B.C.Shankla, Advocate, Mobile:9829063273

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**शुद्धि-पत्र**
इस कार्यालय द्वारा ज्ञापित खुली **निविदा सूचना संख्याः जीएसयू/सीपीएम/जेपी/निविदा/** 23-24 **दिनांक 05.04.2024 में निविदा सं. गति-शक्ति/इन्जी./जय/2023-24/18 आर 1 जो दिनांक 09.05.2024 को खोली जानी थी।** उक्त निविदा की प्रीबिड मिटींग के रिमाकर्स वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध कर दिये गये है कृपया प्रीबिड मिटींग के रिमाकर्स को मध्य नजर रखते हुये निविदा प्रस्तुत करे। यह अन्य शर्तें यथावत रहेगी।
उप.मुख्य इंजी. (जी.एस.यु.) जयपुर
470-AC/24

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**प्रथम शुद्धिपत्र**
**ई-निविदा सूचना सं. JU/Const./T-01/2024-25/ LN-SMR-BLDI Doubling, dated 10.04.2024 कार्य का नामः- T.No. JU/Const./T-01/2024-25/LN-SMR-BLDI Doubling** - Earthwork in filling/cutting in formation, Blanketing, construction of Station Building, Platforms, Platform shelter, Foot Over Bridge, Passenger Amenities work, Electrical & S&T structures, RUBs, Minor Bridges, Retaining walls, Toe wall, Pitching, Electrical General work and all other ancillary works between Luni- Samdari stations from Km.656.51 to 705.04 and Samdari-Bishangarh stations from Km.0.00 to 49.00 in connection with Luni-Samdari-Bhildi doubling project. **उपरोक्त ई-निविदा सूचना में** Document Master Ver. 11.3 **में कुछ संशोधन के साथ प्रतिस्थापित किया गया है।** उपरोक्त परिवर्तन **आई.आर.ई.पी. एस.** वेब पोर्टल पर डाल दिया गया है। मूल निविदा सूचना के सभी अन्य विवरण एवं शर्तों में कोई फेरबदल नहीं किया गया है। (No. JU/Const./74-W-01/2024-25/LN-SMR-BISH Doubling, dated 13.04.2024).
उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-I, उत्तर-पश्चिम रेलवे, जोधपुर
471-AC/24

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री मोनिका जाट के आधार कार्ड में निकिता चौधरी तथा जन्म तिथी 01 .01 .2007 भूल वश गलत दर्ज हो गई है जबकि मेरी पुत्री का समस्त दस्तावेजों में सही नाम मोनिका जाट पुत्री मुकेश जाट जन्मतिथि 05 . 07 . 2008 है

मैंने मेरा नाम जगदीश प्रसाद शर्मा से बदलकर जगदीश तिवारी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। जगदीश तिवारी 10/94 स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर

मैंने अपना नाम मुन्नवर बानो W/o सैयद अब्दुल करीम से बदलकर नया नाम सैयदा मुन्नवर बानो रख लिया है, भविष्य में मुझे सैयदा मुन्नवर बानो नाम से जाना जाए। पताः 115, पठानों का मोहल्ला, दायरा, कालू का बास, तिगरिया, चोमू, जयपुर, राजस्थान

मै हडियल अंजनाबेन कमलेशभाई W/o आर्मी नंबर 15180961N हवलदार हडियल कमलेश दामजी यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट हूँ, मेरे पति के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम "अंजना" है। जो कि गलत है, मेरा असली नाम हडियल अंजनाबेन कमलेशभाई है

मै हडियल आर्यन कमलेशभाई एस/ओ आर्मी नं 15180961एन हवलदार हडियल कमलेश दामजी यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट हूं, मेरे पिता के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम "आर्यन" है। जो गलत है मेरा असली नाम हडियल आर्यन कमलेशभाई है।

मै हडियल प्रीत कमलेश एस/ओ आर्मी नं 15180961एन हवलदार हडियल कमलेश दामजी यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट हूं, मेरे पिता के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम "प्रित" है। जो गलत है मेरा असली नाम हडियल प्रीत कमलेश है।

I Have Change My Name Mohammed Shafique Khan S/O Haji Himmat Ali To Mohammed Shafik Khan S/O Himmat Ali In Future Known My New Name H-12, Rajiv Nagar Hatwara Road, Hasanpura Jaipur Rajasthan

I have changed my name from Nikita Harishkumar Ahuja to Nikita Chandnani for all purposes R/o 112-A Sneha, Sindhi colony Banipark Jaipur

**संख्याक-4**
**हेतुक दर्शित के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर**
अपील टी.ए. सं.2019/5151 जिला जयपुर
**ओमप्रकाश बनाम विमला**
प्रेषिती:-
**2. श्यामसुन्दर सोनी पुत्र भूरामल सोनी** जाति स्वर्णकार निवासी प्लाट नं. 90 शांति कॉलोनी, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर
**4. नरेश कुमार पुत्र श्यामलाल महाजन** निवासी म.न. 585 वैशाली नगर, जयपुर
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल पूर्व में भेजी जा चुकी है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए **तारीख 02 माह 05 सन् 2024 पूर्वान्ह में स्वयं** या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा।
यह आज तारीख 12 माह 04 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
निबन्धक
मोहर राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर

**संख्याक-4**
**हेतुक दर्शित के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर**
अपील टी.ए. सं.2019/5151 जिला जयपुर
**ओमप्रकाश बनाम विमला**
प्रेषिती:-
1/1 विमला पत्नी धर्मपाल जाट
1/2 सुमन पुत्री धर्मपाल जाट
1/3 मंजीत पुत्र धर्मपाल जाट
1/4 अमित पुत्र धर्मपाल जाट
निवासी बहरोड जिला अलवर
16 बख्तावरसिंह पुत्र नारायणसिंह जाति राजपूत निवासी सांचौर मुण्डावर, अलवर
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल पूर्व में भेजी जा चुकी है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए **तारीख 02 माह 05 सन् 2024 पूर्वान्ह में** स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा।
यह आज तारीख 12 माह 04 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
निबन्धक
मोहर राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर

**संख्याक-4**
**हेतुक दर्शित के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर**
अपील टी.ए. सं.2019/5150 जिला जयपुर
**ओमप्रकाश बनाम नरेश**
प्रेषिती:- 3/1 सावित्री बेवा महेन्द्र
3/2 दिलीप पुत्र महेन्द्र
3/3 राजकुमारी पुत्र महेन्द्र अग्रवाल निवासी गढकालोनी जिला कोटपुतली
4/1 सोनू पुत्री किशनलाल
4/2 डोली पुत्री किशनलाल
4/3 गुडिया पुत्री किशनलाल
4/4 सपना पुत्री किशनलाल
4/5 मोनिका पुत्री किशनलाल
4/6 कलावती पुत्री किशनलाल
5 विजय कुमार पुत्र गौरीशंकर
6 चांदा देवी पुत्री गौरीशंकर जाति महाजन निवासी मौहल्ला सराय कोटपुतली
7 बहादुर पुत्र भगवान गुर्जर
8 हरदान पुत्र भोलाराम गुर्जर निवासी मौहल्ला बडावास जिला कोटपुतली
9 सौरव पुत्र रमेशचंद्र गोयल
10 सुनील पुत्र रमेशचंद्र गोयल
11 अनिल पुत्र रमेशचंद्र गोयल निवासी मधुकरगढ कालोनी जिला कोटपुतली
12 रमेश पायला पुत्र बालाराम गुर्जर निवासी मौहल्ला बडावास जिला कोटपुतली
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल पूर्व में भेजी जा चुकी है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए **तारीख 02 माह 05 सन् 2024 पूर्वान्ह में** स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा।
यह आज तारीख 12 माह 04 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
निबन्धक
मोहर राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर

**संख्याक-4**
**हेतुक दर्शित के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर**
अपील टी.ए. सं.2019/5151 जिला जयपुर
**ओमप्रकाश बनाम विमला**
प्रेषिती:- 6/1 सावित्री बेवा महेन्द्र
6/2 दिलीप पुत्र महेन्द्र
6/3 राजकुमारी पुत्र महेन्द्र अग्रवाल निवासी गढकालोनी जिला कोटपुतली
7/1 सोनू पुत्री किशनलाल
7/2 डोली पुत्री किशनलाल
7/3 गुडिया पुत्री किशनलाल
7/4 सपना पुत्री किशनलाल
7/5 मोनिका पुत्री किशनलाल
7/6 कलावती पुत्री किशनलाल
8 विजय कुमार पुत्र गौरीशंकर
9 चांदा देवी पुत्री गौरीशंकर जाति महाजन निवासी मौहल्ला सराय कोटपुतली
10 बहादुर पुत्र भगवान गुर्जर
11 हरदान पुत्र भोलाराम गुर्जर निवासी मौहल्ला बडावास जिला कोटपुतली
12 सौरव पुत्र रमेशचंद्र गोयल
13 सुनील पुत्र रमेशचंद्र गोयल
14 अनिल पुत्र रमेशचंद्र गोयल निवासी मधुकरगढ कालोनी जिला कोटपुतली
15 रमेश पायला पुत्र बालाराम गुर्जर निवासी मौहल्ला बडावास जिला कोटपुतली
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल पूर्व में भेजी जा चुकी है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए **तारीख 02 माह 05 सन् 2024 पूर्वान्ह में** स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा।
यह आज तारीख 12 माह 04 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
निबन्धक
मोहर राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर

## संक्षिप्त

### प्रथम ग्रेड जांच अधिकारी बने दुलीचंद

**सांभरझील, (निसं)।** काजीपुरा में किसान नानूराम के बेटे दुलीचंद माचीवाल ने यूपीएससी परीक्षा में श्रम ब्यूरो एवं भारत सरकार मंत्रालय, जांच अधिकारी ग्रेड प्रथम भारत सरकार (ऑल इंडिया पांचवी रैंक) में चयन हुआ है।



दुलीचंद

दुलीचंद कुमावत काजीपुरा के एक किसान परिवार से है। काजीपुरा में परिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। कडी मेहनत लगन का फल बताते हुए दुलीचंद सफलता का श्रेय अपने परिवार वालों को देते हैं। सफल प्रतिभागी दुलीचंद के पिता नानूराम घर पर खेती का कार्य करते हैं तथा माता शांति देवी घर का कार्य करती है तो दुलीचंद ने अपनी कडी मेहनत और लगन से लगातार मेहनत करके उनके दादा भोलूराम माचीवाल का सपना साकार किया उनका सपना था कि मेरे परिवार का एक सदस्य प्रशासनिक सेवा में जाकर नाम रोशन करे। सभी ग्रामवासियों ने घर पर जाकर उनका माल्यार्पण कर और मिठाई खिलाकर बधाई दी जिससे ग्राम काजीपुरा में खुशी की लहर दौड पडी।

### ईद स्नेह मिलन समारोह मनाया

**मनोहरपुर, (निसं)।** सुप्रीम गैस एजेंसी मनोहरपुर के संचालक इंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि अपनों के लिए सदैव दिल का दरवाजा खुला रखें। यह शब्द अग्रवाल ने खोरा रॉड पर स्तिथ सुप्रीम गैस एजेंसी मनोहरपुर में आयोजित ईद स्नेह मिलन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहे। अग्रवाल ने कहा कि अगर किसी से मन मुटाव हो तो एक दूसरे से मनमुटाव को भुलाकर ईद मिले क्योंकि जीवन एक बार ही मिलता है इसे खुशी खुशी हंस कर जिये। इस अवसर पर ऑल राजस्थान इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी अब्दुल अज़ीज़ लोहानी, पत्रकार जाफर खान लोहानी, पत्रकार मोहम्मद फरमान पठान, हबीबुर रहमान उर्फ कबीर पठान, जारा खान पठान, अली पठान आदि उपस्थित थे।

### जेईएन ने कार्मिक को थमाया नोटिस

**मालपुरा, (निसं)।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहायक अभियंता हंसा चौधरी ने विभाग के कार्मिक भंवर लाल बलाई को कारण बताओं नोटिस थमाते हुये अवगत करवाया कि 15 दिवस में डयूटी पर उपस्थित होकर लगातार अनुपस्थित रहने के कारणों का स्पस्टीकरण दे। नोटिस का जवाब व स्पष्टीकरण नहीं देने पर कार्मिक के विरूद्ध राजस्थान सेवा नियम 86 के तहत सेवा समाप्ति के लिये कार्यवाही अमल में लाई जायेगी जिसका जिम्मेदार स्वंय कार्मिक होगा।

# भांजे की हत्या के आरोपी मामा ने जेल में लगाई फांसी

- न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य
- सात दिन पूर्व हुई थी भांजे की हत्या

**लालसोट, (निसं)।** लालसोट थाने में भांजे की हत्या के आरोप में पुलिस हवालात में बंद आरोपी मामा ने हवालात में ही फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। तथाकथित रूप से पत्नी से अवैध संबंधों पर भांजे की हत्या के मामले में हिरासत में बंद आरोपी मामा ने बुधवार की रात करीब दो बजे पुलिस थाने की हवालात में आरोपी ने ओढ़ने के लिए मिले कंबल का एक हिस्सा फाडकर फंदा बनाया और इसी फंदे से हवालात में लगी लोहे की जाली से लटक कर जान दे दी।

पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस एएसपी लोकेश सोनवाल ने बताया कि मृतक मनोज मीणा 32 को बुधवार को ही गिरफ्तार किया था। मृतक मनोज को अपनी पत्नी का भांजे लोकेश मीणा 27 के साथ अवैध संबंधों का पता चल गया था। इसके बाद उसने अपने साले के साथ मिलकर सात दिन पहले 11 अप्रैल को भांजे की हत्या कर दी और उसका शव नदी क्षेत्र में गाड़ दिया था।

एएसपी सोनवाल ने बताया कि मंगलवार शाम को लालसोट के तलाव गांव के रहने वाले कुंजीलाल मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई लोकेश मीणा 11 अप्रैल से लापता है। लोकेश सोनवाल ने बताया कि अंकेश्वर गुजरात में स्थित केएलजे केमिकल कंपनी में मनोज मीणा वर्ष 2015 से काम कर रहा था एवं भांजा लोकेश वर्ष 2021 से एक ही कंपनी में एक ही शिफ्ट में दिन व रात के अंतराल में काम कर रहे थे। मृतक मनोज दस अप्रैल को ही घर आया और उसके पूर्व नौ अप्रैल को मृतक मनोज मीणा की पत्नी अपने भाई के साथ पीहर चली गई। परिजनों ने बताया कि मृतक मनोज की पत्नी व पीहर पक्ष के लोगों का मोबाइल बंद आ रहा है। एएसपी सोनवाल ने हवालात में हत्या के आरोपी की मौत को लेकर कहा कि आरोपी मनोज को लालसोट पुलिस ने बुधवार की सुबह डिटेन कर हवालात में डाल दिया था। जहां देर रात करीब दो बजे उसने ओढ़ने की चादर (कंबल) से टुकडा फाड़कर हवालात के अंदर बनी खिडकी में कंबल का टुकडा बांधकर बैठने की मुद्रा में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। संतरी को घटना का पता लगने पर तुरंत जिला चिकित्सालय लेकर गये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। लोकेश सोनवाल ने बताया कि मामले की पुष्टि और जांच के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट एसीजेएम 2 दौसा गजराज सिंह के नेतृत्व में एफएसएल, एमआईयू टीम एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में हवालात में साक्ष्य जुटाए साथ ही न्याययिक मजिस्ट्रेट ने हवालात में घटनास्थल पर अपने हाथों से जांच करते हुए पुलिस थाने के कम्प्यूटर की डीवीआर समेत अन्य दस्तावेज अपने कब्जे में लेते हुए निष्पक्ष जांच के लिए वीडियोग्राफी भी करवाई गई। सारे घटनाक्रम के दौरान मृतक के परिजन भी मौजूद रहे। वहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में मेडिकल बोर्ड टीम ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया।



**न्यायिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में मेडिकल बोर्ड टीम ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा।**

### छात्राओं ने मतदान का संदेश दिया

**निवाई, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी की छात्राओं ने मतदान संदेश उत्सव बनाया। विद्यालय प्राचार्य डॉ कुसुम कौशिक ने बताया कि जिले में चल रही ग्रामीण मतदाताओं को 26 अप्रैल को नैतिक तथा अनिवार्य मतदान करने को प्रेरित करने के लिए छात्राओं ने प्रभावी पोस्टर बनाएं, नवरात्रि की पूजा अर्चना के साथ अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरानबच्चों ने मेहंदी, दाल चावल, फूल पत्तियों एवं तिरंगे के रंग से पोस्टर बनाकर पहली बार वोट करने वाले युवाओं को भी नैतिक मतदान करने की शपथ दिलाई। बच्चियों ने ग्रामवासियो व युवाओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। मेहंदी पोस्टर कविता प्रजापत और सोनिया शर्मा ने, दाल के दाने से अनुजा बैरवा, ज्योति प्रजापत ने चावल पोस्टर, कोमल सैन व कर्मा बैरवा ने पत्ती पोस्टर व तिरंगा पोस्टर खुशबू गुर्जर, प्रिया रैगर व सुमन मीणा ने बनाया।

## महिला एवं दिव्यांग मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**निवाई, (निसं)।** लोकसभा चुनाव को लेकर महिला एवं दिव्यांग मतदान अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल में सम्पन्न हुआ। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेशकुमार हरसोलिया ने बताया कि मतदान अधिकारियों को दक्ष प्रशिक्षक गिरिराज गुर्जर ने प्रशिक्षण में बताया कि निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी मतदान अधिकारियों के कन्धों पर होती है।

इसलिए मन लगा कर प्रशिक्षण के हर पहलू को समझें। दक्ष प्रशिक्षक ने पीठासीन से लेकर मतदान अधिकारी तृतीय के कार्यो को विस्तार से समझाया। उन्होने ईवीएम के बारे बताते हुए कहा कि मशीन को सहीं जोडना व मॉकपाल करना महत्वपूर्ण कार्य है। यह सम्पन्न हो जाते है तो दिन भर मतदान में बाधा नहीं आती है। पीठासीन अधिकारी मतदान दल का मुखिया होता है वह मतदान दिवस पर सज?गता से मतदान कराने की सुनिश्चिता करें। दक्ष प्रशिक्षक ने इवीएम के पार्ट वीवीपैट, सीयू व बीयू के बारे में विस्तार से बताकर महिला एवं दिव्यांग मतदान अधिकारियों द्वारा चुनाव मतदान से संबंधित पूछे गए सवालो के जवाब दिए।



**स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल में महिला एवं दिव्यांग मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने जानकारी दी।**

### मतदान करने की दिलवाई शपथ

**निवाई, (निसं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप योजना के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत रजवास की ओर से सतरंगी सप्ताह के अर्न्तगत द्वितीय दिवस को मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। सतरंगी सप्ताह के तहत लोकसभा चुनाव को लेकर अधिक से अधिक मतदान करवाने हेतु श्रमिक, युवा, बुजुर्ग व आम मतदाताओं को 26 अप्रैल को मतदान करने हेतु शपथ दिलवाई गई। उन्होंने बताया कि शपथ कार्यक्रम में ग्राम रजवास की बुजुर्ग महिला गेंदी देवी गुर्जर उम्र 75वर्ष ने भी मतदान करने की शपथ ली एवं आम लोगों से भी मतदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी विनोद परिडवाल, बजरंग लाल प्रजापत, कैलाश लावडा, बबलू नायक, किशन चौधरी, सलमान खान, लाडा देवी, कैलाशी देवी व प्रियंका बैरवा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## मतदान दिवस पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**कोटपूतली, (निसं)।** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 22 मार्च को जारी आदेश की अनुपालना में जयपुर ग्रामीण व अलवर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित कोटपूतली-बहरोड जिले में 19 अप्रैल को मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार ऐसे कार्मिक जो राजस्थान राज्य के किसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य तौर पर निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है। राजस्थान राज्य के ही अन्य लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत है तथा ऐसे कार्मिक जो अन्य राज्य के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य तौर पर निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है। ऐसे कार्मिक को मतदान हेतु आवेदन करने पर मतदान तिथि को सवैतनिक अवकाश स्वीकृत करने हेतु विभिन्न विभागों, उपक्रमों, बोर्ड एवं निगमों आदि के विभागाध्यक्ष भी प्राधिकृत होंगे।

उन्होंने कहा कि वित्त (मार्गोपाय) विभाग की 19 मार्च 2024 को जारी अधिसूचना की अपुनालना में मतदान दिवस पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र स्थित कार्यालयों में पराक्रम्य लिखित अधिनियम 1881 के तहत अवकाश रहेगा। वहीं श्रम विभाग द्वारा 19 मार्च 2024 को जारी आदेश के तहत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्र स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश देय होगा। साथ ही ऐसे कामगार जो जिले की लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में पंजीकृत है, परन्तु निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्यरत है उन्हें अपने मतदान क्षेत्र में मतदान हेतु मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश देय होगा। वहीं व्यापारियों द्वारा भी मतदान दिवस के दिन बाजार बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

## गायत्री परिवार का 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 27 अप्रेल से

**पावटा, (निसं)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्त्वाधान मे 27 अप्रैल से 3० अप्रैल तक पंडाला स्टैंड प्रेमनगर मँढा पावटा मे आयोजित होने वाले 51 कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं विशालदीप यज्ञ का आयोजन होगा।

51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा मनुष्य में देवत्व का जागरण एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण मिशन का मूल उद्देश्य को पूरा करना है। गायत्री महायज्ञ में 27 अप्रैल को मे 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक पंडाला स्टैंड प्रेमनगर मँढा पावटा मे आयोजित होने वाले 51 कुंड गायत्री महायज्ञ एवं विशालदीप यज्ञ का आयोजन होगा। 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ से पहले कार्यक्रमों की श्रृंखला में 27 अप्रैल को सुबह 7 बजे सर्वप्रथम हीरामल जी के मंदिर से आयोजन स्थल तक विशाल भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण करके चलेगी।

वही शाम 4 से 5 बजे तक संगीत प्रवचन, 28 अप्रैल को सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञायोग व्यायाम, सुबह 8.30 बजे से 11.30 बजे तक देव पूजन, गायत्री महायज्ञ, 29 अप्रैल को सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञायोग व्यायाम, 8.30 बजे से 11.30 बजे तक देव पूजन, विभिन्न संस्कार, 30 अप्रैल को सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञायोग व्यायाम, 8.30 बजे से 11.30 बजे तक देव पूजन, पूर्णाहुति, प्रसाद विदाई कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के चुनाव में 12 सीटों पर मतदान आज

- जयपुर ग्रामीण की 8 विधानसभाओं में कुल 2128 बूथों पर 21 लाख 84 हजार 978 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग
- पोलिंग पार्टियां पहुंची मतदान केन्द्रों पर, प्रातः 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**कोटपूतली, (निसं)।** भारत विश्व का सबसे बडा लोकतंत्र है। इसी लोकतंत्र के उत्सव के तहत गुरूवार को प्रथम चरण में जयपुर ग्रामीण सहित प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जायेगें।

गौरतलब है कि इस बार 7 चरणों में लोकसभा चुनाव आयोजित करवाये जा रहे है। राजस्थान में 19 व 26 अप्रैल को दो चरणों में 25 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जायेगें। जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र हेतु पोलिंग पार्टीयों को राजधानी जयपुर स्थित जामिया मिलिया इस्लामिया कॉलेज से रवाना किया गया। जयपुर शहर व जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीटों हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर के द्वारा ही मतदान प्रक्रिया को अन्जाम दिया जाता है।

आपको बता दें कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में कुल 2128 बूथों पर मतदान होगा। यहाँ 11 लाख 45 हजार 437 पुरूष व 10 लाख 39 हजार 533 महिलायें एवं 08 थर्ड जेंडर मतदाताओं को मिलाकर कुल 21 लाख 84 हजार 978 मतदाता वोट डालेगें। जयपुर ग्रामीण की 08 विधानसभाओं में कोटपूतली विधानसभा के 226 बूथों पर 02 लाख 28 हजार 201, विराटनगर विधानसभा के 226 बूथों पर 02 लाख 32 हजार 797, शाहपुरा विधानसभा के 216 बूथों पर 02 लाख 34 हजार 845, फुलेरा विधानसभा के 257 बूथों पर 02 लाख 63 हजार 829, झोटवाड़ा विधानसभा के 435 बूथों पर 04 लाख 44 हजार 055, आमेर विधानसभा के 280 बूथों पर 02 लाख 93 हजार 814, जमवारामगढ़ विधानसभा के 239 बूथों पर 02 लाख 34 हजार 113 व बानसूर विधानसभा के 249 बूथों पर 02 लाख 53 हजार 324 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें। मतदान प्रक्रिया को लेकर पोलिंग पार्टीयां राजधानी जयपुर से रवाना होकर गुरूवार को क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथों पर पहुंच गई।

पोलिंग पार्टीयां रात्रि विश्राम मतदान केन्द्रों पर ही करेगी। इसके लिये सभी माकुल व्यवस्थायें की गई है। पोलिंग टीम को जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राज पुरोहित द्वारा रवाना किया गया। कोटपूतली में मोरीजावाला धर्मशाला पर निर्वाचन विभाग की टीम ने पोलिंग पार्टीयों की आमद दर्ज कर उन्हें बीएलओ के साथ मतदान केन्द्रों पर भिजवाया। बता दें कि जयपुर ग्रामीण से भाजपा के राव राजेन्द्र सिंह व कांग्रेस के अनिल चौपडा सहित कुल 15 प्रत्याशी चुनाव लड रहे है।

इस बार मतदान प्रक्रिया प्रातः 7 से शाम 6 बजे तक होगी। कोटपूतली विधानसभा के संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी की जा रही है। सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, बिजली व शौचालय की व्यवस्था भी की गई है। एक मतदाता को अपना मत डालने के लिये कुल 20 सैकण्ड का समय मिलेगा। एक बूथ पर 11 घण्टे के दौरान 1650 वोट डाले जा सकते है। इसके लिये निर्वाचन विभाग द्वारा मॉक पोलिंग भी करवाई गई है। सामान्यता: एक बूथ पर 1300 वोट होते है, इससे अधिक वोट होने पर बूथों की संख्या को बढ़ाया जाता है। उप निर्वाचन अधिकारी एसडीएम बृजेश चौधरी ने बताया कि पहले वोट डालने पर बीप की आवाज आती थी, अब वोट डालने के बाद वीवीपैट से पर्ची भी निकलती है जिसके बाद बीप की आवाज आती है। इसमें करीब 20 सैकण्ड का समय लगता है। एक घण्टे में औसतन 115 से 120 वोट डाले जायेगें, ऐसे में एक मतदाता को 20 सैकण्ड का पर्याप्त समय मिल सकेगा। साथ ही वीवीपैट के माध्यम से पर्ची देखने के लिये भी 07 सैकण्ड का समय मिलेगा। वीएम मशीन अपडेट करते हुये उसमें प्रत्याशी का फोटो भी जोड़ा गया है। मतदान प्रक्रिया के दौरान वीवीपैट मशीन व वीएम की क्रॉस चैकिंग भी होगी। इसके लिये पर्चियों व ईवीएम मतों की संख्या को जोडा भी जायेगा। निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाताओं के लिये केन्द्रों पर छाया व पानी की व्यवस्था की गई है।

विभागीय सूत्रों की माने तो आयोग द्वारा एक वोटर पर 75 से 80 रूपये खर्च किये जा रहे है। जो खर्चा वर्ष 2019 में करीब 72 रूपये था। ऐसे में यह अब तक का सबसे महंगा चुनाव होगा। इसमें ईवीएम से लेकर चुनाव उपकरणों की खरीद व मरम्मत, उपकरण लगाने, मतगणना अधिकारियों के खर्च, नियुक्ति व अन्य खर्चे शामिल है। जबकि राजनैतिक दलों व सरकार के सुरक्षा उपायों को इनमें शामिल नहीं किया गया है।

कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 10 महिला मतदान केन्द्र, 8 युवा मतदान केन्द्र, 2 आदर्श मतदान केन्द्र व 1 दिव्यांगजन मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिसमें विशेष प्रबंध के साथ स्वागत व्यवस्था एवं सजावट की गई है। टैण्ट लगाये जाने के साथ-साथ बैठने के लिये कुर्सियों व ठण्डे पानी की व्यवस्था की गई है। महिला बूथों पर महिला, दिव्यांगजन बूथों पर दिव्यांग व युवा बूथों पर युवा मतदान कर्मियों की नियुक्तियां की गई है। एसडीएम बृजेश चौधरी ने बताया कि मतदान केन्द्र से 200 मीटर के एरिया में कोई भी प्रत्याशी प्रचार या पार्टी का बूथ नहीं खोल सकेगा। इसके लिये विशेष निर्देश जारी किये गये है।

## दीपक जेवलिया का स्वागत

**दूदू, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर मौजमाबाद रोड स्थित छात्रावास परिसर में गुरुवार को जाट विकास समिति के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया जाकर जिले के अधीन मोखमपुरा ग्राम पंचायत के जेवलियो के बांस निवासी दीपक जेवलिया का आईएएस परीक्षा के बाद चयन होने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रवण लाल चौधरी सचिव रामलाल चौधरी बद्री गोरा हनुमान जेवलिया शिवजी राम भाभू दीनदयाल कैलाश जाट एवं शिवजी राम खुरडिया सहित समाज बंधु एवं अन्य युवा वर्ग भी मौजूद रहे। जेवलिया के द्वारा क्षेत्र का नाम रोशन करने पर हर आम जन ने खुशी जाहिर की है। जेवलिया का जिला कलेक्टर दूदू द्वारा भी स्वागत किया जाकर सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### स्कूल स्टॉफ ने भरा मायरा



**टोंक, (निसं)।** शहीद हंसराज जाट राउमावि निवारिया के समस्त स्टाफ ने मानवता की मिशाल प्रस्तुत की। वरिष्ठ अध्यापक ओम प्रकाश स्वर्णकार ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत कुक कम हैल्पर की बेटियों की शादी में पूरे स्टॉफ ने भात भरा। गौरतलब है कि पार्वती देवी के पति की 5 वर्ष पूर्व ही मृत्यु हो जाने से परिवार आर्थिक तंगी में आ गया था। विद्यालय में सदैव नवाचारों को लेकर चर्चा में रहने वाले निवारिया स्कूल के प्रधानाचार्य महावीर मीणा ने बताया कि कुक कम हेल्पर पार्वती देवी की बेटियों के विवाह का निमंत्रण पत्र प्राप्त होते ही समस्त स्टॉफ ने आपस में चर्चा कर सहयोग करने की ठान ली और पूरे परिवार की पहरावणी कर 1 लाख 1हजार 1सौ ग्यारह रुपये नकद, 1-1 सोने का लोंग एवं 1-1 जोड़ी चांदी की बिछिया मायरे में सहयोग स्वरूप भेंट की।

### मतदान के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाई



**मालपुरा, (निसं)।** लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान को बढावा देने के उदेश्य को लेकर निर्वाचन विभाग द्वारा चलाये जा रहे सतरंगी सप्ताह स्वीफ कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरूवार को कृषि मंडी में केवीएसएस के खरीद पर पहुंचे किसानों को मतदान के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाई गई। सदरपुरा रोड महाराणा प्रताप कॉलोनी मे मॉडल स्कुल के विधार्थियो ने स्वीफ टीम के साथ बैण्डवादन कर घुमन्तु जाति के लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया व शपथ दिलाई। स्वीफ कार्यक्रम टीम सदस्य बाबूलाल यादव ने बताया कि इस बार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नवीन पहल करते हुये मतदान के दिन प्रात: 7 बजे से 9 बजे तक मतदान करने वाले संयुक्त परिवार, नवविवाहित जोडा व पहली बार मतदान करने वाला मतदाता मतदान कर सेल्फी अपलोड करने पर उसे मतदान केन्द्र पर ही मतदान अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

### बैरवा ने ली भाजपा की सदस्यता



**टोंक, (निसं)।** आर.एल.पी नेता रहे और पिछले चुनाव में आर.एल.पी. प्रत्याशी के तौर पर निवाई विधानसभा से चुनाव लडकर 18000 से ज्यादा वोट लेने वाले प्रहलाद नारायण बैरवा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर राज्य के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, जिलाध्यक्ष अजीत मेहता एवं टोंक-सवाईमाधोपुर से पार्टी के लोकसभा प्रत्याक्षी सुखवीर सिंह जौनपुरिया की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रहलाद नारायण बैरवा ने कहां की वो और उनके समर्थक आगामी 26 तारीख को होने वाले मतदान में पूरे जोश के साथ भारतीय जनता पार्टी को विजय बनाने का काम करेंगे। जिलाध्यक्ष मेहता ने प्रहलाद नारायण का स्वागत करते हुए कहां की भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति पर चल रही है। यही वजह है की भाजपा परिवार बढ़ता जा रहा है। सांसद जौनपुरिया ने बैरवा का माला पहनाकर स्वागत किया।

### मतदान जागरूकता शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** स्वयंसेवी संस्था विनायक महिला विकास समिति लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदान जागरूकता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार सैनी ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर वार्ड की कई महिलाएं मौजूद थी।

### श्रीजी की आज निकलेगी शोभायात्रा

**निवाई, (निसं)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी के सानिध्य में आयोजित भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज बेनर के विमोचन के साथ किया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि गुरुवार को सुबह जैन समाज के श्रद्धालुओं ने महोत्सव के तहत बेनर का विमोचन किया जिसमें जयधोष के साथ भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना कर बेनर एवं ध्वजाओं की विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान महावीरप्रसाद पराणा, महेन्द्र चंवरिया, हितेश छाबडा, सुनील भाणजा, मनोज पाटनी, राजेश गिन्दोडी, अरविंद जैन, जितेश गिन्दोडी व रवि जैन सहित कई श्रद्धालुओं ने मंगलाचरण एवं भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना की।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

अधिकृत अधिकारी- पुष्पेन्द्र सैनी, संपर्क नम्बर-9772306344

अधिकृत अधिकारी- आंचल शर्मा, संपर्क नम्बर-7737204242

**परिशिष्ट-IV-ए**

**(नियम 8 (6) व 9 (1) का प्रावधान देखें)**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 15.05.2024 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर जैसा नीचे वर्णित है, कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता (ओं) और सह-ऋण ग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिए की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात www.idfcfirstbank.com

**निलामी का विवरण**

| क्र. सं. | (i) डिमांड नोटिस राशि | (ii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) | (iii) सम्पत्ति का पता | (iv) आरक्षित मूल्य राशि | (v) ईएमडी राशि | (vi) निलामी की तिथि व समय | (vii) ईएमडी निलामी की तिथि व समय | (viii) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रूपये 4725077.00/- डिमांड नोटिस दिनांक- 30 अप्रैल 2021<br>रूपये 4221081.75/- डिमांड नोटिस दिनांक- 13 अगस्त 2020 | मै. भारत एन्टरप्राइजेज विमल धवन, कंचित धवन मोहिनी धवन एवं मै. 3 के पैक प्रो. | सम्पत्ति जी-2, क्लासिक रेजीडेन्सी, ए-18, हेम मार्ग, स्वेज फार्म, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर-302019, क्षेत्रफल 1350 वर्ग फिट, सीमायें निम्न है- पूर्व-प्लाट नं. ए-17, पश्चिम-प्लाट नं. ए-17, उत्तर-रोड एवं दक्षिण-प्लाट नं. ए-35 | रूपये 5163750.00/- | रूपये 516375.00/- | 07.05.2024 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक | 06.05.2024 प्रातः 10.00 से सायं 5.00 तक | 02.05.2024 दिन में 1.00 से सायं 4.00 तक |

**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक- 18.04.2024

स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# बृजभूषण शरण सिंह को टिकट मिलेगा या कटेगा?

## संभावना है कि, भाजपा कैसरगंज से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट नहीं देना चाहती है, जबकि क्षेत्र में उनका भारी दबदबा है

- हाल ही में टाइम मैगज़ीन, जिसमें महिला पहलवान साक्षी मलिक को वर्ष 2024 के 100 सर्वाधिक प्रभावशाली लोगों में शामिल किया गया है, में साक्षी मलिक के प्रकरण में बृजभूषण शरण सिंह का जिक्र किया गया है।
- ज्ञातव्य है कि, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट व बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोप लगाया था।
- बृजभूषण पर पॉक्सो के तहत भी केस दर्ज है, उन पर अवयस्क महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 अप्रेल। क्या भाजपा नेतृत्व, कैसरगंज से वर्तमान सांसद, बृज भूषण शरण सिंह को पुनः टिकट देगी, इस मुद्दे पर भारी "सस्पैंस" है, क्योंकि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के लिए लगातार नकारात्मक प्रचार बढ़ रहा है। टाईम पत्रिका के नवीनतम अंक में प्रकाशित एक लेख ने, सिंह के उम्मीदवार बनने की संभावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव डाला है, जिसमें ओलिंपिक ब्रॉन्ज मैडलिस्ट पहलवान, साक्षी मलिक को वर्ष 2024 की सौ सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में रखा है।

साक्षी मलिक, भारत की पहली महिला पहलवान हैं जिन्हें वर्ष 2016 में ओलिंपिक मैडल मिला था। वह, वर्ल्ड चैंपियनशिप की दो बार की ब्रॉन्ज मैडलिस्ट, विनेश फोगाट और टोक्यो औलिंपिक के ब्रॉन्ज मैडलिस्ट, बजरंग पूनिया के साथ, सिंह द्वारा महिला पहलवानों के तथाकथित यौन उत्पीड़न के विरुद्ध लड़ाई में सबसे आगे थीं।

अभी जबकि, भाजपा नेतृत्व ने सिंह के पुनर्नामांकन पर चुप्पी साध रखी है वहीं, कैसरगंज के सांसद, प्रत्यक्ष रुप से कानूनी और प्रशासनिक समस्याएं झेल रहे हैं। गुरुवार को राउज़ एवेन्यू कोर्ट के समक्ष उपस्थित होते हुए सिंह ने अपने विरुद्ध लगे हुए आरोपों पर जवाब देने के लिए अतिरिक्त समय की मांग करते हुए एक प्रार्थना पत्र दाखिल किया। उन्होंने दावा किया कि, एक शिकायतकर्ता ने उन पर रैसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यु.एफ.आई.) के कार्यालय में जिस दिन कथित रुप से यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था, उस दिन वह भारत में नहीं थे। कोर्ट ने मामले को स्थगित कर दिया और 26 अप्रेल को कोर्ट अपना निर्णय घोषित करेगी कि सिंह के विरूद्ध आरोप तय किए जाने चाहिए या नहीं। इस महीने की शुरुआत में सिंह के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता और निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के लिए भी एक केस दर्ज हुआ था, जब सांसद ने बिना आज्ञा खड़गपुर पुलिस स्टेशन इलाके के तहत आने वाले कटरा चुनाव क्षेत्र में 25-30 वाहनों के काफिले के साथ कई गाँवों का दौरा किया था। जिला मजिस्ट्रेट नेहा शर्मा को यह कहते हुए उल्लेखित किया गया कि लोकसभा चुनावों के कारण जिले में धारा-144 लगी हुयी थी इसलिए प्रशासन आदर्श आचार संहिता का पालन करने के लिए बाध्य था।

बृजभूषण का यद्यपि क्षेत्र में काफी प्रभाव है, लेकिन पार्टी नेतृत्व विवादों के कारण इस बार उन्हें उम्मीदवार बनाने के पक्ष में नहीं बताया जाता है। हालांकि, भाजपा के लिए यह जोखिम भरा होगा क्योंकि सिंह क्षेत्र में कई स्कूलों और कॉलेजों के तंत्र का संचालन करते हैं और बहुत प्रभावशाली हैं। सिंह समाजवादी पार्टी से भी सांसद रहे हैं। अगर उसको भाजपा का टिकट नहीं मिलता है तो उनके निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है।

# 'झुंझुनूं की जनता ने 5 बार मौका दिया, पर कांग्रेस यमुना का पानी क्यों नहीं ला पाई'

## कांग्रेस अपने प्रचार में जनता के इस सवाल का जवाब नहीं दे पाई

- क्षेत्रीय राजनैतिक जानकारों का कहना है कि, कांग्रेस झुंझुनूं के लिए कोई विज़न नहीं दे पाई, उसका एक ही विज़न रहा, भाजपा को हराना है।
- कांग्रेस यमुना के पानी को लेकर किए जा रहे भाजपा के दावों का विरोध भी नहीं कर पाई।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का क्षेत्र के सैनी मतदाताओं पर भारी प्रभाव देखा गया और राजपूत मतों को साधने का काम राजेन्द्र राठौड़ ने किया। इन्हीं दोनों जातियों की नाराज़गी के नाम पर भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी को घेरा जा रहा था।

झुंझुनूं, 18 अप्रेल (निस)। लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार खत्म हो गया है और शुक्रवार को मतदान है। पूरे चुनाव प्रचार की बात करें तो भाजपा ने यह चुनाव यमुना जल के नाम पर लड़ा और काफी हद तक कामयाब भी हुई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यमुना का पानी दिलाने का जो वादा उदयपुरवाटी में किया और सैनी बाहुल्य इलाके में बार-बार आपका भाई और बेटा बोलकर जो भाषण दिया, उसका खासा असर वोटरों पर पड़ा है।

दूसरी तरफ कांग्रेस ना तो यमुना के पानी को लेकर भाजपा के दावों का विरोध कर पाई और ना ही अपने मुद्दे बता पाई कि वह किन मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला ने अपने दौरों में संविधान बचाने, अग्निवीर, किसान आंदोलन जैसी बातें तो कीं, लेकिन, यह कांग्रेस के वो ही घिसे पिटे आरोप थे, जो उन्होंने विधानसभा चुनावों में भी लगाए, लेकिन प्रदेश में सरकार नहीं बना पाई। अब राज्य में भाजपा की सरकार है। झुंझुनूं जिले में ना केवल सरकारी नौकरियों से हजारों परिवार जुड़े हुए हैं, बल्कि सत्ता में भागीदारी के लिए भी झुंझुनूं के लोग आगे रहते हैं। इस लिहाज से भी भाजपा मजबूत स्थिति में नजर आ रही है।

भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी को राजपूत और माली मतदाताओं की नाराज़गी के नाम पर घेरने की कोशिश की गई, लेकिन, देश राष्ट्रहित के लिए मोदी की तरफ देख रहा है। इसलिए ऐसी नाराजगी भी धरी की धरी रह गई। रही सही कसर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ के दौरों ने पूरी कर दी।

कुल मिलाकर पूरा चुनाव प्रचार भाजपा के पक्ष में रहा। अब यह प्रचार वोटरों में कितना बदलता है, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। दूसरी तरफ कांग्रेस यह मान रही है कि भाजपा में बिखराव है। झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता यह भी चाहते हैं कि, बृजेंद्र ओला चुनाव जीत जाएंगे तो उप चुनाव के जरिए एक बार फिर विधानसभा में जाने का मौका पांच साल से पहले ही मिल सकता है। भाजपा यह मान रही है कि, कांग्रेस में अंर्तकलह ज्यादा है। जो साथ दिखते हैं। वो हैं नहीं, साथ ही कांग्रेस अपने प्रचार में यह भी नहीं बता पाई कि, जब उन्हें पांच बार झुंझुनूं की जनता ने मौका दिया तो वे यमुना का पानी क्यों नहीं ला पाए और ना ही यह बता पाई कि, झुंझुनूं के विकास के लिए उनका विजन क्या है। सिर्फ मोदी को हराना है, सिर्फ भाजपा को हराना है, इस विजन के साथ चुनाव लड़ा गया।

# स्वदेशी निर्भय क्रूज मिसाईल का सफल परीक्षण

नयी दिल्ली, 18 अप्रेल। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ.) ने ओडिशा तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज, दीपुर से गुरूवार को स्वदेशी निर्भय क्रूज़ मिसाइल (आई.टी.सी.एम.) का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार परीक्षण के दौरान मिसाइल की सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया। परीक्षण रेंज पर विभिन्न स्थानों पर तैनात रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टैलीमीट्री जैसे कई सेंसर द्वारा मिसाइल परीक्षण की निगरानी की गई थी। वायु सेना के सुखोई विमान से भी मिसाइल की उड़ान पर नजर रखी गई।

इस सफल उड़ान परीक्षण के माध्यम से गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जी.टी.आर.ई.), बेंगलुरु द्वारा विकसित स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली को भी कसौटी पर परखा गया। यह मिसाइल बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन, उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है। मिसाइल को अन्य प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ बेंगलुरु स्थित डी.आर.डी.ओ. प्रयोगशाला वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई) द्वारा विकसित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आई.टी.सी.एम. के सफल उड़ान-परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी है और कहा है कि, स्वदेशी प्रणोदन द्वारा संचालित लंबी दूरी की स्वदेशी सब सैनिक क्रूज़ मिसाइल का सफल विकास भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास के लिए एक मील का पत्थर है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डी.आर.डी.ओ. के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने आई.टी.सी.एम. की सफल उडान परीक्षण पर डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी।

## चुनावी सभाओं में रंग नहीं जमा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भीड़ खींच रहे हैं और उनके भाषणों का लहजा पहले से भी अधिक तीखा हो गया है, अधिकारी की रैलियों के निकटवर्ती क्षेत्रों में आयोजित ममता की रैलियों में बहुत कम भीड़ जुटी। लगता है जनता का मूड परिवर्तित हुआ है। सुवेन्दु की रैलियों में 40 हजार तो ममता की रैलियों में करीब 8 हजार लोग ही पहुँच रहे हैं। उत्तरी बंगाल में, रोड साइड पर खड़े लोगों ने उनकी तरफ देखकर चोर-चोर पुकारा। ममता ने बाद में गुस्से में कहा कि उनके पास एक अतिआवश्यक कार्य था, इसलिए वे वहाँ नहीं रूकी। "अन्यथा, मैं वहाँ रूक गई होती और उनकी ज़ुबान खींच लेती।" इसका उद्देश्य हिंसा की गंभीर धमकियाँ देना था, परन्तु ममता बनर्जी की उक्त टिप्पणी का लोगों ने मज़ाक बनाया और भर्त्सना की। माना जाता है कि भाजपा के एक प्रतिष्ठित नेता ने ममता के बयान पर गौर किया है, उन्होंने कहा कि ममता मानव शरीर के कई अंग निकालना चाहती हैं परन्तु वे ऐसा मुश्किल से ही कर पाएंगी।

ऐसा प्रतीत होता है कि सुवेन्दु अधिकारी लगातार ममता बनर्जी पर जो जुबानी हमला बोल रहे है और ममता बनर्जी को व्यक्तिगत रूप से खुलेआम चोर कह रहे है, वह उसमें डूब गई है। किसी ने ऐसी ही घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जब राजीव गाँधी पर विपक्ष ने संसद के अन्दर व बाहर बोफोर्स तोप सौदे के मामले में घूस लेने के आरोप लगाए थे, उस घटना का क्या नतीजा निकला था। उस केस में राजीव गांधी के द्वारा चोरी करने का कोई पक्का सबूत स्थापित नहीं हुआ था जबकि इसके ठीक विपरीत तृणमूल के मंत्रियों ने सार्वजनिक धन की हेराफेरी की है तथा अन्य भ्रष्टाचार किया है इसकी पुष्टि हो चुकी है।

# ई.वी.एम.-वी.वी.पी.ए.टी. पर फैसला सुरक्षित रखा सुप्रीम कोर्ट ने

- एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने अपनी याचिका में कहा था कि, या तो शत प्रतिशत वी.वी.पी.ए.टी. पर्चियों की गणना की जाए या फिर बैलट पेपर से मतदान की व्यवस्था पुनः अपनाई जाए।
- जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बैंच ने ई.वी.एम. विवाद में 100 प्रतिशत वी.वी.पी.ए.टी. पर्चियां गिनने के संबंध में दायर याचिकाओं पर सुनवाई गुरूवार को पूरी कर ली।

नयी दिल्ली, 18 अप्रेल। उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की पर्चियों की 100 फीसदी गिनती या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग से ई.वी.एम. और वीवीपैट की वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा।

याचिकाएं एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स नाम की एन.जी.ओ. और अन्य की ओर से दायर की गई थीं। उन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पीठ ने उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास से पूछा, "आप हमें पूरी प्रक्रिया बताएं कि, उम्मीदवारों के प्रतिनिधि कैसे शामिल होते हैं और छेड़छाड़ कैसे रोकी जाती है।"

शीर्ष अदालत ने कहा कि ई.वी.एम. और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा, "हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है।" शीर्ष अदालत के समक्ष चुनाव अधिकारी ने ई.वी.एम., इसकी नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपैट की प्रक्रिया को समझाया। पीठ ने पूछा, अगर किसी मतदाता को यह (वीवीपैट) पर्ची थमा दी जाए कि उसने अपना वोट डाल दिया है तो इसमें क्या नुकसान है?इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

## केरल में इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की टैस्टिंग में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भी इन्हीं त्रुटिपूर्ण चार वी.वी.पी.ए.टी. यूनिट्स ने भाजपा को एक वोट दिया। उन्नीथान के चुनाव एजेन्ट ने बताया कि जब हमने यह मुद्दा सहायक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उठाया तो उन्होंने कहा कि त्रटिपूर्ण वोटों वाली वी.वी.पी.ए.टी. स्लिप्स में मैसेज था "नॉट टू बी काउन्टेड" यानी कि गणना ना की जाए। नासर ने बताया कि "मतों की गिनती के दौरान कोई विवाद हो जाता था तो भाजपा के एजेन्ट इन त्रुटिपूर्ण वोटों की गणना करने पर जोर देंगे। हमने इसीलिए इन मशीनों को बदलने की मांग की है।"

उन्होंने बताया कि जब ई.वी.एम्स. की तीसरी बार जाँच की गई तब त्रुटियाँ स्वतः ही गायब हो गईं लेकिन हम इसे लेकर सुनिश्चित नहीं हो सकते कि चौथी या पांचवीं जाँच में त्रुटियाँ सामने नहीं आएंगी।" नासर ने कहा कि "हमने जो देखा वह अजीब था, क्योंकि माकपा के हथौड़ा हँसिया एवं तारा चुनाव चिन्ह और कांग्रेस के "हाथ" को मॉक परीक्षण के दौरान अतिरिक्त वोट नहीं मिले। रिपोर्ट जिला कलैक्टर को प्रस्तुत कर दी गई।

इस विषय पर सहायक पीठासीन अधिकारी बिनुमोन पी. ने कहा कि चार मशीनों में गड़बड़ी उस समय हुई थी जब बिजली चालू की गई थी। सभी मशीनों की प्रथम वी.वी.पी.ए.टी. स्लिप में यह संदेश लिखा था कि "इसे नहीं गिना जाएगा।" परन्तु इन चारों मशीनों की स्लिपों में भी प्रथम उम्मीदवार का पार्टी प्रतीक चिह्न ही वोटिंग मशीन में अंकित था। बिनुमोन ने यह भी कहा कि, "तकनीकी इंजीनियरों ने इस मामले में कहा कि यह गलती नहीं थी। मैंने इससे संबंधित रिपोर्ट कलैक्टर को दे दी है।"

यू.डी.एफ. एवं एल.डी.एफ. के एजेन्टों ने इस मामले में कहा कि तीसरी बार के मशीन परीक्षण में कमल का निशान दिखना बंद हो गया था। उसके अगले चरण में मशीन पर 1000 वोट डाले गये थे उसके प्रथम दो चरणों में त्रुटियाँ दिखाई दी। नासर चेरकालम ने कहा कि "तीसरे चरण में उन मशीनों ने बढ़िया काम किया था।"

कासरगोड विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनावों के लिए 190 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सभी 228 बैल्ट यूनिट्स 228 कंट्रोल यूनिटों एवं 247 वी.वी.पी.ए.टी. यूनिटों का परीक्षण मॉक पोलिंग अभ्यास के दौरान किया गया था जिसकी शुरुआत बुधवार को सुबह 10 बजे की गई थी और इसका समापन गुरुवार को रात्रि में 1 बजे हुआ। 228 मशीनों में से 6 मशीनों में तकनीकी गड़बड़ियां थी। इंजीनियर्स द्वारा जाँच के लिए, उन्हें एक तरफ साइड में रख दिया गया है।

इस मॉक ड्रिल ने राजनीतिक पार्टियों को चौकन्ना कर दिया है और आशा की जाती है कि इस मामले को सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाया जाएगा क्योंकि पहले ही 100 प्रतिशत वी.वी.पी.ए.टी. की गणना से संबंधित केस की सुनवाई कर रहा है।

## कर्नाटक में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चुनावी विश्लेषकों ने गार्डन सिटी बैंगलुरू के साथ ही पानी की किल्लत को ध्यान में रखकर यह विश्लेषण किया है और क्या ज़मीनी हकीकत यह संकेत दे रही है कि चुनाव के लिए कठिन परिश्रम कर चुकी कांग्रेस आनुपातिक रूप से हार रही है। कर्नाटक में मतदान के दो चरण होंगे। पहले चरण में 14 लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रेल को मतदान है। बैंगलुरू दक्षिण में भाजपा के स्टार सांसद तेजस्वी सूर्या को कांग्रेस एक बड़ी चुनौती देने की उम्मीद कर रही थी, लेकिन पानी की किल्लत का अकेला मुद्दा ही कांग्रेस के प्रत्याशी सौम्या रेड्डी की संभावनाओं को खत्म कर सकता है। कर्नाटक में प्रकृति ही आँख-मिचौली का खेल खेल रही है। यहाँ के कुल 236 तालुकों में से 223 सूखा ग्रस्त हैं।





ROSHAN MOTORS : RAJA PARK : 9619087477, AJMER ROAD : 7506023244, BAGRU : 7506023244, CHAKSU : 9619087477. AKAR FOUR WHEELS : VAISHALI NAGAR : 7506023152, DAUSA : 7506023152. BANDIKUI : 7506023152, LALSOT : 7506023152. AUTOPLEX AV : SITABARI, TONK ROAD : 7506023155, BASSI : 7506023155, DUDU : 7506023155, MALPURA : 7506023155, RENWAL : 7506023155. PRATAP NEXGEN : GOPALPURA, TONK ROAD : 9167104018, KALWAR : 9251997742, JOBNER : 9251997741. TECHWHEELS : JAGATPURA : 7506023175, MANSAROVAR EXT. : 7045288538, SHAHPURA : 7506023175, TONK : 7506023175, PAOTA : 7506023175, NIWAI : 7506023175. SHREE SHYAM MOTORS : SIKAR ROAD : 7506023263, CHOMU: 7506023263, KOTPUTLI : 7506023263. AUTOPRIME TATA : PRATAP NAGAR, JODHPUR : 7506023278, BHAGAT KI KOTHI : 7506023278, BALOTRA : 7506023278, PALI : 7506023278, JALORE : 7506023278, BARMER : 7506023278, CHAMBAL MOTORS : KOTA : 7506023291, JHALAWAR : 7506023291, BARAN : 7506023291, BUNDI : 7506023291, BHAWANI MANDI : 7506023291, KHANPUR : 7506023291, ITAWA : 7506023291, CHAMBAL MOTOCORP LLP : UDAIPUR : 7506023432, DUNGARPUR : 9167049848, BANSWARA : 7506023432, SAGWARA : 7506023432, BRIJWHEEL AUTOMOBILES (P) LTD. : BHARATPUR : 9619304832, HINDAUN : 9619304832, DHOLPUR : 9619304832, KARAULI : 9619304832, DEEG : 9619304832, NAGAR : 9619304832, CLASSIC MOTORS : ALWAR : 7506023041, BHIWADI : 7506023041, BEHROR : 7506023041, RAJGARH : 7506023041, THANAGHAJI : 7506023041, KHAIRTHAL : 7506023041, NEEMRANA : 7506023041 DAKSH AUTOMOTIVES PVT. LTD. : NAGAUR : 7506023356, DIDWANA : 9167049809, KUCHAMAN: 7412056814, DUNAC AUTOMOBILES : Nr. DUDI PETROL PUMP, NH-15, BIKANER : 7506023077, Nr. HALDIRAM PYAU, JAIPUR ROAD, BIKANER : 7506023077, NOKHA : 7506023077, 3 ML HANUMANGARH BYEPASS ROAD, NH 62, SRI GANGANAGAR : 7506023393, HANUMANGARH : 7506023393, ANUPGARH : 7506023393, SURATGARH : 7506023393, NOHAR : 7506023393, KAMAL PASSENGER VEHICLES (P) LTD. : AERODROME CIRCLE, KOTA : 7045156412, RAMGANJ MANDI, GANGAPUR CITY, ANTAH, RAWATBHATA : 7045156412, SAWAIMADHOPUR : 7045190667 GANGAPUR : 9619305352, MARUDHARA MOTORS : JODHPUR : 7506023285, MUDGAL MOTORS : AJMER : 7506023019, KISHANGARH : 7506023019, BEAWAR : 7506023019, BIJAY NAGAR : 7506023019, KEKRI : 7506023019, SHRI CHARBHUJA AUTOMOBILES : MERTA CITY : 7506023295, DEGANA : 7506023295, SHRI KRISHNA FOUR WHEELS : JAIPUR ROAD, SIKAR : 7506023385, JAIPUR ROAD CHURU: 7506023385, NEAR RTO JAIPUR ROAD, JHUNJHUNU: 7506023385, SURAJGARH BYEPASS ROAD, CHIRAWA: 7506023385, NEEM KA THANA : 7506023385, SRI MADHOPUR : 7506023385, SUJANGARH : 7506023385, RAJGARH : 7506023385, RATANGARH : 7506023385, SP AUTOMOTIVE : UDAIPUR : MADRI : 8291328070, SECTOR-11 : 9619145960, ABU ROAD : 8291328070, YASH MOTORS : BHILWARA : 7506023055, CHITTAURGARH : 7506023055, RAJSAMAND : 7506023055, PRATAPGARH : 7506023055, DEOLI : 7506023055.


राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908